फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 119 प्रभात जयपुर, बुधवार 30 नवम्बर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



A Heroic Tale of Trials & Tribulations: POW 1971

The words of his father; "son I can bear your loss but not your disgrace", were the cross he bore as he stood up under intense enemy fire.

Unique Goal

Pebble in Your Shoe

A glimpse of Argentine football's future

# गद्दार कहे जाने के बाद गहलोत-पायलट का हुआ आमना-सामना

## गहलोत ने कहा, जब राहुल गांधी ने कहा है कि दोनों नेता एसैट हैं तो एसैट हैं

जयपुर, 29 नवम्बर (का.प्र.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सचिन पायलट को खुलेआम गद्दार कहे जाने के बाद पहली बार दोनों नेता आमने-सामने हुए, लेकिन पिछली बार के विपरीत जब दोनों में अभिवादन तक नहीं हुआ था तो इस बार दोनों की आंख भी मिली और अभिवादन भी हुआ। माना जा रहा है कि जयपुर आए कांग्रेस संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने दोनो में सियासी सुलह करवा दी है।

तीन दिन पहले सचिन पायलट को गद्दार कहने के बाद भारत जोड़ो यात्रा की समन्वय समिति की बैठक में मंगलवार को गहलोत-पायलट के बीच नमस्कार हुई।

इसके बाद वेणुगोपाल ने पहले बंद कमरे में दोनों को मिलवाया, फिर मीडिया के सामने गहलोत-पायलट के हाथ खड़े करवाकर कहा- "दिस इज राजस्थान कांग्रेस। हम पूरी तरह एक हैं।"

वेणुगोपाल ने कहा कि सचिन पायलट और अशोक गहलोत कह चुके हैं, हम यात्रा तक ही नहीं, चुनाव तक एकजुट होकर काम करेंगे। हमारे नेता राहुल गांधी ने साफ कर दिया है कि गहलोत और पायलट दोनों पार्टी के लिए एसैट हैं।

भारत-जोड़ो यात्रा की तैयारी बैठक में पहुंचने पर पायलट- गहलोत ने एक-दूसरे का अभिवादन किया। इतना ही नहीं कांग्रेस के वॉर रूम में हुई बैठक के बाद गहलोत और पायलट ने एक साथ मीडिया से बातचीत की। इस दौरान गहलोत ने कहा कि राजस्थान में सब एकजुट हैं।

राहुल गांधी कह चुके हैं कि गहलोत और पायलट एसैट ही हैं। कांग्रेस में यही बड़ी बात है कि जब नंबर वन नंबर 2 नंबर 3 बोल देते हैं तो फिर वैसा ही होता है। वहीं पायलट ने कहा कि सभी मिलकर पार्टी को मजबूत करेंगे। हमें कोई उकसा नहीं सकता। बैठक में भारत जोड़ो यात्रा को लेकर चर्चा हुई है और राजस्थान ऐसा प्रदेश है, जहां कांग्रेस की सरकार है। जब राहुल गांधी की यात्रा राजस्थान में प्रवेश करेगी तो अन्य प्रदेशों से बढ़कर यहां उनका स्वागत होगा और सफल यात्रा रहेगी।

इससे पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बैठक के लिए पहुंचे तो पायलट ने हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया, इस पर गहलोत ने भी हाथ जोड़कर इसे स्वीकारा। यह तस्वीर छह दिन पहले गत 23 नवंबर इसी हॉल में हुई बैठक से बिल्कुल अलग थी। 23 नवंबर को दोनों के बीच कोई चर्चा नहीं हुई थी और टकराव साफ झलक रहा था।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### ऑल इज़ वैल

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

इन्दौर, 29 नवम्बर। जबर्दस्ती के सद्भाव के फीके से दिखावे के तहत परस्पर विरोधी नेताओं- अशोक गहलोत तथा सचिन पायलट- के हाथ एक साथ उठवाये गये, ताकि यह संकेत जाये कि सब-कुछ ठीक-ठाक है।

इसके पीछे यही कारण रहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान से निर्विघ्न एवं सहज रूप से गुजर जाए तथा किसी चीज या किसी व्यक्ति द्वारा इसमें विघ्न न डाला जाये।

दोनों के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले के.सी. वेणुगोपाल, जिन्हें राहुल गांधी ने अपने दूत के रूप में भेजा था, गहलोत एवं पायलट के बीच समझौता कराने वाले व्यक्ति की भूमिका निभाई।

भारत जोड़ो यात्रा के सिलसिले में हुई मीटिंग के दौरान, वेणुगोपाल ने इस बात को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- वेणुगोपाल ने कहा, सचिन पायलट और अशोक गहलोत कह चुके हैं, हम यात्रा तक ही नहीं, चुनाव तक एकजुट होकर काम करेंगे।
- पायलट ने कहा, हमें कोई उकसा नहीं सकता।



*सचिन पायलट और गहलोत के बीच, कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने आखिरकार सियासी सुलह तो करवा ही दी। वेणुगोपाल ने पहले बंद कमरे में दोनों से बात की फिर मीडिया के सामने दोनों को एक साथ लाए और कहा, "दिस इज़ राजस्थान कांग्रेस" हम पूरी तरह से एक हैं। सवाल यह है कि गहलोत द्वारा पायलट को गद्दार कहे जाने से उत्पन्न तल्खी क्या खत्म हो गई है या भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान से गुजर जाने के बाद फिर से इसका असर दिखेगा?*

# "कश्मीर फाइल्स" पर राजनीतिक व कूटनीतिक बयानबाजी छाई

## इज़रायली फिल्म निर्माता नादव लापिड़, जो फिल्म फैस्टिवल की जूरी के अध्यक्ष हैं, ने फिल्म को "अश्लील" (वल्गर) व प्रचार-उन्मुख (प्रपोगैण्डा) बताया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 नवम्बर। आर.एस.एस.-भाजपा समर्थित फिल्म "द कश्मीर फाइल्स" एक इज़राइली फिल्म निर्माता नादव लैपिड की टिप्पणी के बाद एक बार फिर कूटनीतिक एवं राजनैतिक झंझावात में फँस गई है। उन्होंने गोवा में आयोजित इन्टरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में इस फिल्म को "अशिष्ट" एवं "दुष्प्रचार" की संज्ञा दी। उन्होंने अपना यह आँकलन कल जूरी के चेयरमैन की हैसियत से दिया।

उनकी इस टिप्पणी के बाद जहाँ भारत में इज़राइल के राजदूत नेओर गिलन को उन्हें डाँटने-फटकारने के लिये तुरन्त ही जाना पड़ा तथा उन्हें कहना पड़ा कि लेपिड को "शर्मिन्दा" होना चाहिये क्योंकि फिल्म फेस्टिवल में जजों के पैनल की अध्यक्षता के भारत के आमंत्रण का "निकृष्टतम तरीके से दुरुपयोग किया है, वहीं विपक्षी दल इज़राइली फिल्म-निर्माता के बचाव में आगे आ गये तथा इन दलों ने सच्ची बात कह देने के लिये उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की।

लेपिड, जिन्हें इन्टरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आई.एफ.एफ.आई.) में जजों के पैनल की अध्यक्षता करने के लिये आमंत्रित किया था, ने यह भी कहा था कि वे इस फिल्म को प्रतिस्पर्धी वर्ग में शामिल किये जाने से "स्तब्ध" एवं "विक्षुब्ध" हैं।

लेपिड के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुये, शिव सेना नेता संजय राउत ने मंगलवार को कहा, "कश्मीर फाइल्स के बारे में यह सच्चाई है। यह एक पार्टी का एक अन्य पार्टी के खिलाफ दुष्प्रचार था। एक दल और सरकार पब्लिसिटी में लगे हुये थे। कश्मीर में सबसे ज्यादा संख्या में हत्याएं इस फिल्म के बाद ही हुई थी। कश्मीरी पंडित तथा सुरक्षाकर्मी बड़ी संख्या में मारे गये थे।"

लेपिड की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर हमला बोल दिया तथा इसे "लज्जास्पद" बताया तथा कहा कि अन्ततः नफरत को चुनौती मिलती ही है। कांग्रेस प्रवक्ता तथा पार्टी के सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनाटे ने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी, उनकी सरकार भाजपा, आर.डब्ल्यू. ईकोसिस्टम ने "कश्मीर फाइल्स", जिसे इन्टरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया ने नकार दिया, को जबरदस्त तरीके से बढ़ावा दिया था। जूरी प्रमुख नादव लेपिड ने इसे "प्रोपेगन्डा, अभद्र फिल्म तथा फिल्म फेस्टिवल के लिये अनुपयुक्त बताया है।" उन्होंने सोमवार को देर रात गये एक ट्वीट में कहा, "अन्ततः नफरत को चुनौती मिलती ही है।"

कांग्रेस की एक अन्य प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने मंगलवार को एक ट्वीट में कहा, "इन्टरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया की जूरी के अध्यक्ष नादव लेपिड ने किसी भी बिन्दु पर न तो कश्मीरी पंडितों के प्रस्थान से इंकार किया है और न इसे खारिज ही किया है।"

किन्तु भाजपा के अमित मालवीय ने लेपिड द्वारा की गई "कश्मीर फाइल्स" की तुलना "होलोकास्ट" को नकारे जाने से की। "होलोकास्ट" और "शिंडलर्स लिस्ट" को दुष्प्रचार बताना ठीक वैसा ही है, जैसा कुछ लोग "कश्मीर फाइल्स" के प्रति कर रहे हैं। पार्टी के आई.टी. विभाग के प्रमुख ने कहा, "अन्ततः सत्य की जीत होती है, चाहे जो भी हो जाये।"

इस आग को तुरन्त ही बुझाने की कोशिश में, भारत में इज़राइल के राजदूत ने आज अपने देश के इस फिल्म निर्माता की सार्वजनिक रूप से भर्त्सना की, जिसने गोवा में आयोजित इन्टरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आई.एफ.एफ.आई.) में "कश्मरी फाइल्स" को एक "दुष्प्रचार" तथा अभद्र फिल्म बताया था। नादव लेपिड की इस टिप्पणी के एक दिन बाद, इज़राइली राजदूत नेआरे गिलन ने भी ट्विटर पर एक "खुले पत्र" में भारत से माफी माँगी। ज्ञातव्य है कि जूरी की अध्यक्षता कर रहे लेपिड ने कल फिल्म फेस्टिवल के समापन समारोह में फिल्म "कश्मीर फाइल्स" पर जमकर प्रहार किये थे।

इज़राइली राजदूत ने कहा,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- इजरायल के भारत में राजदूत नाओर जीलोन ने फिल्म निर्माता की इस टिप्पणी से शर्मिंदा होने की बात कही तथा यह भी कहा, फिल्म निर्माता ने भारत के निमंत्रण व आतिथ्य का दुरूपयोग किया।
- कांग्रेस, शिव सेना, भाजपा ने इस घटनाक्रम पर परस्पर विरोधी बयानबाजी की। फिल्म फैस्टीवल द्वारा गठित जूरी के कुछ सदस्यों ने जूरी के अध्यक्ष की टिप्पणी से मतभेद जाहिर किए और उनकी टिप्पणी से दूरी बनाई।

# अलवर सहित तीन जिला क्रिकेट संघों की मान्यता बहाल

जयपुर, 29 नवंबर (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आर.सी.ए.) की 4 जुलाई 2022 की बैठक में श्रीगंगानगर, नागौर और अलवर जिला क्रिकेट संघों की मान्यता रद्द करने वाले प्रस्ताव को आपसी सहमति के आधार पर निरस्त कर दिया है। हालांकि अदालत ने आर.सी.ए. को छूट दी है कि वह इन तीनों जिला संघों की मान्यता से जुड़े मुद्दे पर आपत्ति होने पर उसे लोकपाल के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- राजस्थान हाई कोर्ट ने आर.सी.ए. के अलवर, नागौर और श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघों की मान्यता रद्द करने का फैसला निरस्त किया, पर आर.सी.ए. को छूट दी है कि, वह यह मसला लोकपाल के समक्ष उठा सकता है।

# राहुल गांधी ने महाकाल मंदिर में साष्टांग प्रणाम किया

## भारी आम सभा को संबोधित करते हुए भी उन्होंने हिन्दुत्व के दर्शन की प्रशंसा की कि, हिन्दुस्तान व हिन्दू धर्म तपस्या को भारी महत्व देता है तथा तपस्वियों को आदर व सम्मान से देखता है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

उज्जैन (मध्य प्रदेश), 29 नवम्बर। भारत जोड़ो यात्रा जैसे ही उज्जैन पहुंची तो महाकाल की इस महाप्रतापी नगरी में राहुल गांधी छा गए। वह महाकाल के दर्शनों को गए, जहां उन्होंने भगवान शिव के समक्ष स्वयं को नतमस्तक कर दिया।

राहुल गांधी ने उज्जैन में जब तक सार्वजनिक सभा को संबोधित किया तो उन्होंने भी हिन्दू प्रतीकात्मकता की थीम अपनाई, लेकिन उनकी थीम विनम्र हिन्दूवाद को लेकर थी।

ग्रहणशील श्रोताओं से खचाखच भरे एक मैदान में राहुल गांधी ने कहा कि "ये देश तपस्या का है और हिन्दू धर्म भी तपस्याओं का है।"

उनका भाषण मूलतः तपस्या की अवधारणा पर रहा, जो हिन्दूवाद का आंतरिक एवं महत्वपूर्ण भाग है। उनके पूरे भाषण में यह विषय छाया रहा कि इस देश और हिन्दू वाद में किस प्रकार युगों-युगों से तपस्या के सिद्धांत ने आदर प्राप्त किया है।

जब राहुल गांधी कहते हैं कि ये देश तपस्याओं का है तो क्या वह अप्रत्यक्ष रूप से यह कह रहे हैं कि ये देश हिन्दुओं का है? क्या राहुल गांधी पार्टी की धारणा को बदलने की कोशिश कर रहे हैं और उस कांग्रेस की मुस्लिम समर्थित छवि को समाप्त करने की कोशिश कर रहे हैं, जो अल्पसंख्यक तुष्टिकरण में विश्वास करती रही है।

ऐसा प्रतीत होता है कि नरेन्द्र मोदी की हिन्दुत्व राजनीति का मुकाबला करने के लिए राहुल गांधी भी गुजरात के वोटर्स को लक्ष्य बना रहे हैं, जहां विधानसभा चुनावों के लिए चुनाव प्रचार चरम पर है।

राहुल ने गुजरात में सिर्फ एक दिन ही प्रचार किया, लेकिन उनका उज्जैन संबोधन गुजरात के लोगों के लिए एक पुरजोर व स्पष्ट कथन है कि कांग्रेस हिन्दू धर्म को मानने वाली पार्टी है और उसके

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- क्या राहुल गुजरात के, जहां चुनाव प्रचार अंतिम चरणों में हैं, वोटर को संबोधित कर रहे थे, यह जता कर कि, कांग्रेस पार्टी हिन्दू धर्म के खिलाफ नहीं है, बल्कि हिन्दू धर्म की परम्परा व रीति रिवाजों में पूर्ण आस्था रखती है।

# क्या गोविंद डोटासरा इतने सक्षम हैं, जो गहलोत की बयानबाजी के खिलाफ आलाकमान को रिपोर्ट दे सकें

## बयानबाजी नहीं करने की एडवाइज़री के उल्लंघन पर के.सी. वेणुगोपाल ने डोटासरा को रिपोर्ट देने को कहा

जयपुर, 29 नवम्बर (का.प्र.)। राजस्थान कांग्रेस में 25 सितंबर को हुए घटनाक्रम के बाद नेताओं की बयानबाजी पर लगाम लगाने के लिए संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने एडवाइज़री जारी की थी। उस एडवाइज़री के खिलाफ जाकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कई मंत्रियों और विधायकों ने बयानबाजी की। इस एडवाइजरी के उल्लंघन पर जब खुद के.सी. वेणुगोपाल से सवाल किया गया तो उनका कहना था कि इस बारे में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से रिपोर्ट मांगी गई है।

अब यह कितना हास्यास्पद है, कि जिन बयानों का प्रसारण राष्ट्रीय मीडिया और टीवी चैनलों पर हुआ और जो जगजाहिर हैं, उनके बारे में रिपोर्ट मांगी जा रही है और यहां सवाल यह है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा क्या इतने सक्षम हैं,जो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बयानबाजी को लेकर कोई रिपोर्ट पार्टी के संगठन महासचिव को दे सकें।

भारत जोड़ो यात्रा की राजस्थान में तैयारियों के संबंध में हुई समन्वय समिति की बैठक में आए के.सी. वेणुगोपाल से जब यह पूछा गया कि आप की ओर से जारी एडवाइज़री के बावजूद लगातार बयानबाजी हो रही है और खुद मुख्यमंत्री तक इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं, तो क्या किसी पर अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी। इस बात पर संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल का कहना था कि इस बारे में हमने प्रदेश कांग्रेस से रिपोर्ट मांगी है। इसका मतलब साफ है कि प्रदेश कांग्रेस के ऊपर सारी बात डालकर के.सी. वेणुगोपाल विवाद से अपना पल्ला झाड़ कर चले गए।

जबकि हकीकत यह है कि 25 सितंबर को राजस्थान में कांग्रेस विधायक दल की अधिकृत बैठक बुलाई गई थी, जिसमें पार्टी आलाकमान की ओर से पर्यवेक्षक के रुप में राज्यसभा में पार्टी के नेता मलिकार्जुन खड़गे, जो कि अब पार्टी के अध्यक्ष हैं और राजस्थान के प्रभारी महासचिव अजय माकन को भेजा गया था। उस बैठक का बहिष्कार कर समानांतर विधायक दल की बैठक बुलाई गई। बैठक संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल के निवास पर हुई और उसमें मुख्य सचेतक महेश जोशी ने उसके लिए विधायकों को सूचना भेजी थी। जबकि इन दोनों की जिम्मेदारी सदन में और सदन के बाहर विधायकों को पार्टी के प्रति एकजुट रखने की होती है। इतना होने के बाद शांति धारीवाल, महेश जोशी और समानांतर बैठक की व्यवस्था में सहयोगी धर्मेंद्र राठौड़ को पार्टी की ओर से अनुशासनात्मक मामले में नोटिस जारी किए गए, लेकिन लगभग 3 महीने हो गए है और इनके जवाब के बाद भी आज तक यह पता नहीं है कि क्या इन तीनों ने समानांतर बैठक बुलाकर अनुशासन तोड़ा था या फिर इन्होंने सही किया था। जब इतनी बड़ी घटना के बावजूद कांग्रेस आलाकमान, जिसमें कि पर्यवेक्षक बनकर आए मलिकार्जुन खड़गे, जो कि अब खुद आलाकमान की जगह हैं, कोई निर्णय नहीं कर पाए तो क्या आने वाले दिनों में पार्टी किसी भी तरह की बयानबाजी को लेकर कार्यवाही करने में सक्षम हो सकती है। यह सवाल कांग्रेस के हलकों में हर कोई पूछ रहा है।

इन सब सवालों को तो संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल टाल गए,लेकिन अशोक गहलोत और सचिन पायलट के हाथ एक साथ उठाकर यह संदेश दे गए कि "दिस इज राजस्थान कांग्रेस।" यह वैसा ही है जैसा कि राहुल गांधी ने भी विद्याधर नगर स्टेडियम में किया था, लेकिन राहुल गांधी की ओर से हाथ उठवाने के बावजूद भी पार्टी में एकजुटता नहीं दिखी और अब भी सवाल यही है कि क्या सिर्फ हाथ उठाने से पार्टी एकजुट नजर आएगी। क्या मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से सचिन पायलट पर अब तक चलाए गए कड़वे शब्दबाण भुला दिए जाएंगे। इन सब सवालों के बीच अब देखना यह है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान से गुजरने के बाद कांग्रेस में क्या बदलाव होता है या फिर सवाल यूं ही खड़े रहेंगे?

- गौरतलब है कि 25 सितम्बर को हुए घटनाक्रम के बाद 27 सितम्बर को के.सी. वेणुगोपाल ने खुद एडवाइज़री जारी की थी और बयानबाजी करने पर कार्यवाही की चेतावनी दी थी।
- इसके बाद से इस एडवाइज़री का उल्लंघन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कई मंत्री और विधायक कर चुके हैं।
- सवाल यह है कि, जब पार्टी 25 सितम्बर को पार्टी की अधिकृत विधायक दल की बैठक का बहिष्कार कर समानांतर बैठक करने वालों के खिलाफ कार्यवाही नहीं कर पाई तो आगे क्या उम्मीद?

# चंदन के पेड़ बरामद

झालावाड़, 29 नवम्बर (निसं)।कोतवाली थाना पुलिस ने चंदन के पेड़ चुराने वाले गिरोह का पता लगाया और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और कटे हुए पेड़ बरामद किए गए हैं।

आरोपी असलम खान, पुत्र कंजू खान, निवासी झिकडिया थाना रायपुर, हरिराज भील, पुत्र ग्यारसी राम, निवासी गुराडिया थाना सुनेल एवं सत्यनारायण, उर्फ शेरू भील, पुत्र मांगीलाल, निवासी धोरा पाटन थाना झालरापाटन को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि जिले में नकबजनी, वाहन चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए, थाना स्तर पर टीम गठित कर आपराधिक प्रवृत्ति के बदमाशों को चिन्हित कर उनकी धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। वह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- पुलिस ने चंदन के पेड़ चोरी करने वाले गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार किए।

## विचार बिन्दु

मैंने कर्म से ही अपने को बहुगुणित किया है। –नेपोलियन

# वृद्धजनों को सहारा देने पर सोचने का समय आ गया

हम एक ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां वर्तमान में वृद्ध लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। पिछले कुछ वर्षों से दुनिया की आबादी में उच्च जन्म दर एवं उच्च मृत्यु दर के स्थान पर अब निम्न जन्म दर एवं निम्न मृत्यु दर की प्रवृत्ति देखी जा रही है जिसका परिणाम वृद्धजनों की संख्या और अनुपात में बहुत वृद्धि के रूप में सामने आया है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट कहती है कि सभ्यता के इतिहास में ऐसी तीव्र, विशाल और सर्वव्यापी वृद्धि पहले कभी नहीं देखी गई। उसने अनुमान लगाया है कि दुनिया भर में 60 वर्ष की उम्र के लगभग 60 करोड़ व्यक्ति हैं जिनकी संख्या 2050 तक दो अरब तक हो जाने की संभावना है। इनमें से अधिकतर लोग विकासशील देशों के होंगे। जैसे-जैसे भारत अगले 7 वर्षों में सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने के करीब पहुंच रहा है इस देश में बढ़ती उम्र के लोगों के बारे में गंभीर चिंता करना और उस पर विमर्श करना जरूरी हो गया है। कुछ अध्ययनों के अनुसार, भारत पहले की तुलना में बहुत तेजी से बूढ़ा हो रहा है और 2050 तक उसकी 60 वर्ष और उससे अधिक के लोगों की आबादी कुल आबादी का लगभग 20 प्रतिशत तक हो सकती है। सरकार ने हाल ही में संसद में कहा था कि भारत में 2050 तक 60 वर्ष से अधिक आयु के 34 करोड़ लोग होंगे जो अमेरिका की कुल जनसंख्या से अधिक होंगे। यह संख्या संयुक्त राष्ट्र और हेल्पएज जैसी अन्य अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा अनुमानित संख्या से भी अधिक है। एजेंसियों ने अनुमान लगाया था कि 2050 तक भारत में 60 से अधिक की आबादी बढ़कर लगभग 32 करोड़ हो जाएगी।

लोकसभा में बताया गया कि 0-14 की आबादी की वृद्धि दर धीमी हो रही है, लेकिन देश में वृद्ध लोगों की आबादी बढ़ रही है। इससे पता चलता है कि भारत जनसांख्यिकीय लाभांश खो सकता है। भारत के सामने दोहरी चुनौती खड़ी होने वाली है। एक ओर बढ़ती आबादी की जिसके लिये शिक्षा और रोजगार की व्यवस्था करने की चुनौती होगी तो दूसरी तरफ वृद्धों की बढ़ी हुई आबादी की देखभाल की बड़ी चुनौती होगी क्योंकि परंपरागत संयुक्त परिवारों के टूटने से उसका सहारा घटता जा रहा है।

हाल ही की एक रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होने तथा उभरती अर्थव्यवस्थाओं के समूह में हमेशा के लिए बने रहने के लिए भारत के पास अब केवल 10 वर्षों का सीमित समय है। वर्तमान में भारत की जनसांख्यिकीय लाभांश की ताकत वास्तव में 2030 तक भारत के नुकसान में बदल सकती है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की ;इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2017; पहले ही चेता चुकी है कि 60 वर्ष से अधिक आयु की जनसंख्या का हिस्सा 2015 के 8 प्रतिशत से बढ़कर 2050 में 19 प्रतिशत हो सकता है। इस रिपोर्ट का अनुमान है कि 2000-2050 के दौरान, भारत की कुल जनसंख्या में 56 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जबकि 60 से अधिक की आबादी में 326 प्रतिशत और 80 से अधिक आयु वर्ग में 700 प्रतिशत की वृद्धि होगी। वरिष्ठ नागरिकों पर राष्ट्रीय नीति बनाने के लिए बनी समिति के अनुसार दुनिया में वृद्धों की कुल आबादी का 1/8 प्रतिशत हिस्सा भारत में है। भारत में वृद्धों के लिए अलग से नीति 1999 में तब बनी जब उस वर्ष को संयुक्त राष्ट्र संघ ने एक प्रस्ताव पास कर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजनों के वर्ष रूप में मनाने का तय किया। यह भी सच है कि भारत के संविधान की धारा 41 वृद्ध जनों के कल्याण का भरोसा दिलाती है। यह धारा कहती है कि राज्य अपनी आर्थिक क्षमताओं और विकास की सीमाओं में वृद्धजनों को लोक सहयोग (सरकारी मदद) दिलाने के लिए प्रभावी प्रावधान करेगा। मगर हमारे यहां इस प्रावधान पर बहुत ध्यान नहीं दिया गया क्योंकि भारतीय समाज में पुरातन काल से वृद्धों की सामाजिक सुरक्षा संयुक्त परिवार व्यवस्था में अति सुरक्षित रही है। लेकिन ज्यों-ज्यों देश में पश्चिम की अवधारणा वाली विकास की व्यवस्था अपनाई जाने लगी और 90 के दशक में पूंजीवादी आर्थिक नीतियों को पूरी तरह स्वीकार कर लिया गया तब से नई अर्थ व्यवस्था के प्रभाव से हमारे यहां संयुक्त परिवारों का विखंडन भी शुरू हो गया और घरों में वृद्धों की सत्ता समाप्त होने लगी और नई पीढ़ी के लिए वे आर्थिक रूप से अनुपयोगिता ही नहीं हो गए बल्कि आर्थिक बोझ भी बन गए। इसी के चलते वृद्धों की देखभाल के लिए राज्य को हस्तक्षेप करना पड़ेगा। क्योंकि यह समस्या पश्चिमी सभ्यता की देन है और जिसके लिए भारतीय सभ्यता की कोई तैयारी नहीं थी इसलिए वृद्धों के कल्याण के लिए पश्चिम के रास्ते का विकल्प ही चुना जा रहा है। इसके अलावा कोई चारा भी नहीं सूझता। भारतीय परिवार और समाज में पहले वृद्धों का ऊंचा स्थान हुआ करता था क्यों कि उनके पास अनुभव होता था जिसका लाभ नई पीढ़ी को मिलता था। वृद्धजन तब तक के संचित ज्ञान को आगे की पीढ़ी को पहुचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। इसीलिए वे समाज में अपना विशेष अर्थ रखते थे। मगर आज के दौर में जब आधुनिक यंत्र तकनीक और पूंजीवाद की लालच वाली विचारधारा जिसमें जीतने के लिए सब जायज होता है और जिसमें दौड़ने और गला काट प्रतिस्पर्धा की शक्ति का ही मोल होता है वृद्धजनों की वैसी उपयोगिता नई पीढ़ी के लिए नहीं रह गई है। नैतिकता और मानवीय रिश्तों को अपने लाभ पर तरजीह देने वाली पीढ़ी के लिए वृद्धजनों को संभालने के लिए फुरसत नहीं है। ऐसे में वृद्धजनों की ज़िम्मेदारी निभाने का संवैधानिक दायित्व राज्य पर आ पड़ा है। वृद्धजन अपने जीवन के संध्याकाल में उपेक्षित न रहें और उनके लिए रोटी पानी का इंतजाम हो, उनके स्वस्थ्य की देखभाल हो और सबसे बढ़ कर उन्हें भावनात्मक मदद मिले जिससे अपने को एकाकी नहीं महसूस करें इसी पर राज्य के नीति निर्माताओं को सोचना है और व्यवस्थाएं करनी होगी। अपने माता-पिता को नहीं संभालने वालों को कानूनी रूप से बाध्य करने और ऐसा नहीं करने वालों के लिए सजा के प्रावधान करके राज्य को अपने काम की इतिश्री नहीं समझ लेनी चाहिये। नीति निर्माताओं को इस पर भी गंभीरता से विचार करना होगा कि कैसे वृद्धों को अपने परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाये। यह केवल कानून से नहीं हो सकता। हमारी सारी पढ़ाई लिखाई में परिवार के रिश्तों की, छोटों और बड़ों के बीच के सम्बन्धों की और परिवार और समाज के भारतीय विचार का कोई पाठ नहीं होता। शिक्षकों और छात्रों के बीच भी अब सिर्फ सेवा प्रदाता और उपभोक्ता वाला व्यावसायिक रिश्ता हो चला है। गुरु शिष्य की परंपरा तिरोहित हो चुकी है। इसीलिए हम देखते हैं कि वृद्धजनों के कल्याण की नीतियां बनाते हुए हमारे नीति निर्माता कभी वैसा भावनात्मक दृष्टिकोण नहीं रखते जिसमें भारत की माटी की गंध हो। उनके लिए उद्योगों के लिए कोई नीति बनाने और वृद्धजनों के लिए नीति बनाने में कोई फर्क नहीं होता। नीति निर्माताओं को अर्थ से सारी समस्याएं सुलझा लेने के पश्चिमी देशों के मंत्र के अलावा कुछ नहीं सूझता। उनके लिए विकास की अवधारणा में सिर्फ कामकाजी आबादी आती है। नीति निर्माता यह भूल जाते हैं कि कामकाजी आबादी के लिए वे जो तथाकथित संपन्नता या विकास ला रहें हैं वह उस पीढ़ी से भेदभाव करती है जो उम्र के उस पढ़ाव पर है जहां वे काम करने में अशक्त हो चले हैं। जहां एक तरफ नई पीढ़ी की आय बढ़ती है वहीं दूसरी तरफ मंहगाई बढ़ती है। बढ़ी आय से नई पीढ़ी तो मंहगाई से पार पा लेती है मगर वृद्धजन जिनके पास अपनी संचित जमा पूंजी के अलावा आय का कोई साधन नहीं होता वह सबसे अधिक परेशानी में हैं।

**नयी सदी के मध्य तक वृद्धजनों को परिवारों से नहीं राज्य से सहारा पाने की आवश्यकता होगी जिसके लिये नीति निर्माता यदि उनकी परिस्थितियों के प्रति संवेदनशील होंगे तभी इस नई पैदा हो रही समस्या का हल हम अपने सांस्कृतिक परिवेश में खोज सकेंगे। वही श्रेयकर होगा।**

पहले निराश्रित गरीब वृद्धों के लिए सरकारी पेंशन जैसी योजनायें बनी और फिर बच्चों पर कानूनी बाध्यता डाली गयी कि वे अपने वृद्ध माता - पिता की समुचित वित्तीय मदद करेंगे और यदि वे अपने माता-पिता को शारीरिक तकलीफ देते हैं या उनकी उचित देखभाल नहीं करते हैं तो उन्हें सजा हो सकती है। माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए ज़रूरत आधारित अनुरक्षण तथा उनका कल्याण सुनिश्चित करने के लिए दिसम्बर 2007 में ऐसा कानून बनाया गया। भारत सरकार ने वृद्धजनों का कल्याण सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए जनवरी, 1999 में पहली राष्ट्रीय वृद्धजन नीति की घोषणा की थी। इस नीति में वृद्धजनों की वित्तीय एवं खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य देखरेख, आवास तथा अन्य ज़रूरतें, विकास में बराबर की हिस्सेदारी, दुर्व्यवहार एवं शोषण से सुरक्षा तथा उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्य की सहायता पर बल दिया गया। इसके अलावा सरकार ने एकीकृत वृद्धजन कार्यक्रम भी बनाया है जिसमें केन्द्रीय क्षेत्र की योजना के रूप में गैरसरकारी संगठनों के माध्यम से 1992 से वरिष्ठ नागरिकों की बुनियादी ज़रूरतें, विशेष रूप से आवास, भोजन एवं अभाव ग्रस्त वृद्धजनों की स्वास्थ्य देखरेख जैसी आवश्यकता पूरी करके उनके जीवन स्तर में सुधार लाने की बात की गई है। मगर सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों के कमीनी स्तर पर हश्र हम रोज देखते हैं।

नयी सदी के मध्य तक वृद्धजनों को परिवारों से नहीं राज्य से सहारा पाने की आवश्यकता होगी जिसके लिये नीति निर्माता यदि उनकी परिस्थितियों के प्रति संवेदनशील होंगे तभी इस नई पैदा हो रही समस्या का हल हम अपने सांस्कृतिक परिवेश में खोज सकेंगे। वही श्रेयकर होगा।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# भूलना कोई बुरी बात नहीं है, अवसादग्रस्त न हों यही बेहतर है

आपने अकसर लोगों को यह कहते सुना होगा की चीजें याद नहीं रहती और भूल जाते हैं । यह समस्या बुजुर्गों में अकसर पाई जाती हैं लेकिन स्कूल विद्यार्थी या कॉलेज विद्यार्थियों भी जब यह शिकायत करते हैं चिंता भी होगी। यद्यपि मनोविज्ञान कहता है कि मनुष्य को बहुत अधिक अवांछित और अनावश्यक सूचनाएं अपने मस्तिष्क में नहीं भरनी चाहिए । जैसे मनुष्य अपने घर की सफाई के बाद कचरा पात्र साफ करके रखता है लगभग वैसी ही स्थिति मस्तिष्क के साथ भी होनी चाहिए। क्या यह संभव है कि मनुष्य जिन चीजों को एक बार याद कर ले उन्हें भूल जाए या अपनी अक्ल से साफ कर दे हटा दे । हां विज्ञान के धरातल पर यह प्रमाणित हो चुका है कि मनुष्य सप्रयास सावचेत रह कर उन चीजों से विमुख हो सकता है जिन चीजों की आवश्यकता याद रखने की दृष्टि से महसूस नहीं करता। पुरानी यादों से जीवन में मुक्ति का एक ही सरल उपाय है वह है यादों को धो-पौंछ कर साफ कर देना। मनुष्य ने यादों को भुलाने के लिए बहुत कम प्रयत्न किया है। यही कारण है कि गाहे-बगाहे मनुष्य जो कुछ व्यतीत हो चुका है उसे याद करते हुए बहुत सी चीजें ऐसी अपने मस्तिष्क में जमा कर लेता है जो उसे उद्वेलित करती हैं तनाव देती हैं और कई बार ये सब मिलकर संघर्ष का कारण बन जाती हैं । बहुत बार मनुष्य अतीत की यादों में खोकर निराश होने के बाद अवसाद का शिकार भी हो जाता है।

हमारे साथ अकसर ऐसा होता है कि हम कई बार चीजें पढ़ते हैं और भूल जाते हैं। दरसअल हम पल प्रतिपल हजारों विचारों की तरगों से गुजरते हैं। हम रोजाना बहुत सी चीजें देखते, पढ़ते और नोटिस करते हैं, लेकिन हर चीज को लंबे समय तक याद नहीं रह पाती कारण इनमें से अधिकांश बातें या तो सूचनात्मक होती हैं या तथ्यात्मक । हमारा मष्तिष्क स्वयं अपनी छलनी से ऐसी सारी अवांछित सामग्री को हटाता चलता है । यही वजह है कि ये चीजे कुछ समय बाद ही हमें याद नहीं रहती। तो इस बात को लेकर चिन्तित होने की आवश्यकता नहीं है ।

जर्मन मनोवैज्ञानिक हर्मन एबिंगेथस ने स्मृति और इसके मैकेनिज्म पर स्टडी की है । इस स्टडी के लिए अनुसार किसी भी नई चीज को सीखने के 1 घंटे के अंदर हम सीखी हुई बातों में आधी चीजें भूल जाते हैं। किसी भी चीज को सीखने के एक दिन बाद हमें सिर्फ 30 प्रतिशत चीजें याद रहती हैं।

वास्तव में हमारा दिमाग़ भी कंप्यूटर की हार्ड डिस्क की तरह है। जिस तरह हार्ड डिस्क पर जमा हो गयी सूचनाओं को समय-समय पर मिटाना पड़ता है, उसी तरह दिमाग़ को भी समय-समय पर सफ़ाई की ज़रूरत पड़ती है, जिसे हम भूल जाना कहते हैं। भूलना मानवीय समस्या नहीं है यह स्वाभाविक और ज़रूरी प्रक्रिया भी है। मनोवैज्ञानिक कहते हैं कुछ भूल जाना मस्तिष्क के लिए कोई दूसरी चीज़ याद रखने की शर्त है।



राजेन्द्र मोहन शर्मा

यदि हम सब कुछ याद रखने लगे, तो दिमाग़ का सारा स्मरण-भंडार दो ही दिनों में भर जायेगा। हमारा शरीर आँख और कान जैसी हमारी इंद्रियों के द्वारा आस-पास की सूचनाएं ग्रहण करता है और मस्तिष्क उन्हें केवल क्षणभर के लिए अपनी याददाश्त में जगह देता है। मस्तिष्क ऐसी सूचनाओं को तब एक बार और छानता है और उन्हे अल्पकालिक स्मृति भंडार में डाल देता है. वहाँ वे 18 से 20 सेकंड तक रहती हैं। यदि इन सूचनाओं पर हम अलग से ध्यान नहीं देते, तो उन्हें भूल जाते हैं।

- **कुछ भूल जाना मस्तिष्क के लिए कोई दूसरी चीज़ याद रखने की शर्त है**

इस वाक्य खण्ड में एक अतिमहत्वपूर्ण तथ्य आया है 'ध्यान नहीं देते'। स्पष्ट है आप उन धटनाओं, सूचनाओं, तथ्यों को इसी कोष्ठक में धकेल दें जो आपको हैरान परेशान करती हैं निराश करती हैं। यह विस्मृति आपके लिए एक बेहतरीन उपहार है इससे परेशान कतई न हों ।

आपने अनुभव किया होगा जब हम कोई बात ध्यान से नहीं सुनते या सुनते समय कोई दूसरा काम कर रहे होते हैं, तब भी सब कुछ जल्द ही भूल जाते हैं। हमारा दिमाग़ हमेशा अपने स्पेस की बचत करने में लगा रहता है ।

हमारे दीर्घकालिक स्मृति-भंडार में हमारी जीवन-यात्रा की यादें जमा रहती हैं । किसी याद को दीर्घकालिक स्मृति-भंडर में तभी जगह मिलती है, जब उसने दिमाग़ पर गहरी छाप डाली हो, उसे गहराई तक या लंबे समय तक कुरेदा हो। ऐसा इसलिए, ताकि वे आनन्ददायक अनुभव या झकझोर देने वाली अन्य भावानुभूतियां दिमाग़ में कहीं तेज़ उद्दीपन पैदा करती हैं। हम जो कुछ आज भूल गये हैं वह भी दिमाग़ में कहीं-न-कहीं सोया पड़ा है वह पहले धुंधला पड़ जाता है और फिर ग़ायब हो जाता है । भुलक्कड़पन की रोकथाम का सबसे कारगर उपाय है, दिमाग़ को व्यस्त रखना। उसमें ऐसी जानकारियां ठूंसते रहना, जिनके बीच दिमाग़ कोई संबंध, कोई तारतम्य जोड़ सके। कितनी विचित्र बात है कि भुलक्कड़ी के विरुद्ध सबसे कारगर दवा है, दिमाग़ में खूब नयी-नयी जानकारियां भरते रहना। भूल जाना आमतौर पर लोगों के लिए फायदेमंद ही साबित होता है। यह व्यवहार को अधिक लचीला बनाने और बेहतर निर्णय लेने में मदद कर सकता है लेकिन स्मरण रहे कि बीमारी के कारण खोई हुई यादों को बहाल करना संभव हैं। अल्जाइमर जैसी बीमारी होने पर भूलने की प्रक्रिया हाईजैक हो जाती है।

यह समाज ,व्यक्ति और राष्ट्र सभी की सेहत के लिए बेहतर है कि तनाव और संघर्ष पैदा करने वाली अतीत की सारी गलियों को बन्द कर ही देना चाहिए। आज की नौजवान पीढी के लिए तो और भी जरूरी है कि वे वाहयात बातें पक्की तौर पर भूल ही जाएं। आपके सामने भविष्य की लम्बी उम्मीदें खड़ी हैं आप अपनी कड़वी यादों से आगत क्योंकर बोझिल बनाऐं। बुरी यादों की बदन पर लगी धूल की तरह झाड़ कर आगे बढ जाइए यही सब के लिए बेहतर है।

**राजेन्द्र मोहन शर्मा,**
**साहित्यकार, शिक्षाविद एवं चिन्तक**

## चंदन कलाकार जांगिड़ राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

**चूरू,** (कासं)। चूरू के चंदन कलाकार ओमप्रकाश जांगिड को नई दिल्ली विज्ञान भवन में सोमवार को कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने शॉल, ताम्र पत्र एवं एक लाख रुपए नकद राशि प्रदान कर राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। ओमप्रकाश जांगिड़ को हस्तशिल्प एवं वस्त्र मंत्रालय द्वारा चंदन की तलवार बनाने पर राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। जांगिड़ ने चंदन की तलवार पर श्री कृष्ण लीला को आकर्षक रूप से उकेरा था। जांगिड़ पूर्व में भी एक बार राष्ट्रीय स्तर एवं दो बार राज्य स्तर एवं जिला स्तर पर चंदन पर नक्काशी के लिए सम्मानित हो चुके हैं। उल्लेखनीय है कि जांगिड़ के दादाजी चंदन कलाकार मालचंद को सन् 1971 उनके पिताजी नोरतमल को सन् 2005 में राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। जांगिड़ के पुत्र राहुल एवं मनीष भी चंदन पर नक्काशी के सिद्धहस्त शिल्पकार हैं।

## डीडवाना परिवहन कार्यालय एजेंटों की गिरफ्त में

- **ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के 1350 की जगह एजेंटों को 2500 से लेकर 3000 रुपए देने पड़ सकते हैं**
- **परिवहन कार्यालय के बाहर एजेंट बड़े-बड़े कार्यालय खोलकर बैठे हैं**

**डीडवाना,** (निसं)। डीडवाना जिला परिवहन कार्यालय इन दिनों पूरी तरह से एजेंटों की गिरफ्त में हैं। ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना हो या कोई और काम अगर आप एजेंट के पास नहीं गए तो आपका कोई काम नहीं होगा। डीडवाना जिला परिवहन कार्यालय के बाहर एजेंट बड़े-बड़े कार्यालय खोलकर बैठे हैं और उनके पास जाते ही आपका काम सुगमता से हो जाएगा वरना इस काम में कोई न कोई कमी निकाल दी जाती है। इससे आमजन आसानी से अपना काम नहीं करवा सकते। कहने को तो एक ड्राइविंग लाइसेंस की ऑफिशियल फीस 1350 रुपए है जो यह सरकार द्वारा तय राशि है लेकिन अगर किसी को डीडवाना डीटीओ ऑफिस से लाइसेंस बनवाना है तो उसको एजेंटों को 2500 से लेकर 3000 हजार रुपए तक देने पड़ सकते हैं।

जानकारी में यह भी आया है कि एजेंट से लाइसेंस बनवाने पर आपको ड्राइविंग नहीं भी आए तो आपका लाइसेंस बन जायेगा क्योंकि इस एजेंट्स ने ऑटो ड्राइविंग ट्रेक ऑपरेटर से साठ गांठ कर रखी है। जानकारी तो यह भी है कि अगर ऑटो ड्राइविंग ट्रेक ऑपरेटर को सुविधा शुल्क अदा नहीं किया जाए तो आप कितने भी बड़े ड्राइवर हों लेकिन आप इस ट्रैक पर फेल ही होंगे। प्रदेश में बढ़ते सडक हादसों को रोकने के लिए प्रदेश के जिला परिवहन कार्यालयों में ऑटो ड्राइविंग ट्रेक बनवाए गए थे ताकि प्रशिक्षित ड्राइवर ही ड्राइविंग लाइसेंस ले सकें लेकिन सरकार की यह स्कीम यहां बेमानी साबित हो रही है और अप्रशिक्षित ड्राइवर भी यहां आसानी से ड्राइविंग लाइसेंस ले सकते हैं।

सबसे बड़ी बात यह है की जिला परिवहन कार्यालय के कैम्पस में ही ड्राइविंग ट्रेक बना हुआ है और यहां ट्रेक पर यह धांधली की जाती है लेकिन जिला परिवहन अधिकारी इससे अनभिज्ञता जाहिर कर रहे हैं । जिला परिवहन अधिकारी से जब हमने इस बारे में जानकारी ली तो उनका कहना था कि मेरे पास ऐसे शिकायत पहली बार आई है। जबकि कार्यालय में आने वाली सभी फाइलों पर प्रत्येक एजेंट का कोड लिखा आता है और अगर कोड मार्किंग नहीं हो तो वो फाइल आगे ही नहीं बढ़ती।

## सीनियर स्कूल में बच्चों के बर्तन धोने की जानकारी पर भड़कीं एसडीएम

- **प्रिंसिपल को नोटिस के आदेश, रजिस्टर नहीं मिलने पर जताई नाराजगी**

**श्रीगंगानगर,** (निसं ) जिले के रायसिंहनगर में एसडीएम भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी गुंजनसिंह ने गांव लिखमेवाला के गवर्नमेंट सीनियर सैकंडरी स्कूल की व्यवस्थाएं देखीं। एसडीएम गुंजन सिंह स्कूल में पहुंचते ही सीधे कक्षाओं में गई। बच्चों से कई सवाल किए। जब उन्होंने बच्चों से पूछा कि मिड डे मील के बाद बर्तन कहां रखते हैं तो उनका जवाब सुनकर एसडीएम भड़क गई। जब बच्चों ने बताया कि वे खुद ही बर्तन साफ करते हैं तो एसडीएम ने तुरंत प्रिंसिपल को नोटिस जारी करने की बात कही।

जब एसडीएम ने प्रिंसिपल से अटेंडेंस और एमडीएम स्टोरेज रजिस्टर मांगा तो वे उपलब्ध नहीं करवा पाए। इस पर उन्होंने जबर्दस्त नाराजगी जताई। इसके बाद एसडीएम ने ग्राम पंचायत थांदेवाला, संगराना और कंवरपुरा के ग्राम विकास अधिकारी अमित बिश्नोई के अनुपस्थित पाए जाने पर नोटिस जारी करने के आदेश दिए । उन्होंने उपखंड के प्रोग्रामर को समस्त ई मित्र के कर्मचारियों की बैठक लेकर योजनाओं से संबंधित पोस्टर नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने के निर्देश जारी करने के लिए कहा। उन्होंने गजसिंहपुर उप तहसील का निरीक्षण किया। सफाई व्यवस्था नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने रिकॉर्ड का संधारण करने के निर्देश दिए।

# जेल में बैठे मजदूर की मनरेगा में लगा दी हाजिरी, भुगतान भी हो गया

- **सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज मस्टरोल में श्याम सिंह को 11 से 15 नवंबर तक नरेगा में उपस्थित दिखाया गया है**

**धौलपुर,** (निसं )। गरीब व मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई मनरेगा योजना योजना को भी अधिकारी कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार का बड़ा जरिया बना लिया है।

ऐसा ही एक मामला धौलपुर जिले की ग्राम पंचायत फरासपुरा के गांव कमरियन का पुरा में सामने आया है। भ्रष्टाचारियों का दुस्साहस देखिए कि यहां का एक नरेगा मजदूर इन दिनों जेल में बंद हैं लेकिन नरेगा कार्य में मेट और सेक्रेटरी ने मिलीभगत से बाकायदा उसकी उपस्थिति दर्ज कर रखी है और उसके नाम से पेमेंट भी कर दिया गया।

मामला यूं है कि धौलपुर जिले की दिहोली थाना पुलिस ने 10 नवंबर 2022 को श्याम सिंह पुत्र चोब सिंह ठाकुर निवासी कमरियन का पुरा ग्राम पंचायत फरासपुरा को गिरफ्तार किया था। जो कि अवैध चंबल रेता के मामले में फरार चल रहा था। जिस पर धौलपुर एसपी धर्मेंद्र सिंह की ओर से 500 रुपए का इनाम घोषित था। जिसे गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने कोर्ट में पेश किया तो कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया, जो वर्तमान में भी जिला जेल धौलपुर में बंद है। जबकि सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर जो मस्टरोल दर्ज है उसमें श्याम सिंह को नरेगा कार्य में 11 नवंबर से 15 नवंबर तक बाकायदा उपस्थित दिखाया गया है। जिसके बदले उसे बाकायदा भुगतान भी किया गया है।




दिहोली थाना पुलिस ने अवैध रेता खनन में 10 नवंबर को गिरफ्तार किए आरोपी।

इस मामले में जब ग्राम पंचायत के सेक्रेटरी हीरालाल से बात करने के लिए कॉल किया और उनसे सवाल पूछा कि जब श्याम सिंह जेल में है तो नरेगा कार्य में उसकी उपस्थिति कैसे दर्ज है, तो वे बोले कि ऐसा नहीं हो सकता। इसके बाद उनसे पूछा गया कि ऐसा हुआ है और उसका दस्तावेज हमारे पास है तो उन्होंने कॉल काट दिया। जब उन्हें दोबारा कॉल किया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। वही इस मामले में धौलपुर जेल के अधीक्षक राम अवतार शर्मा ने बताया कि श्याम सिंह फिलहाल जिला कारागार धौलपुर में बंद है।

वहीं इस मामले में विकास अधिकारी राकेश सिंघल का कहना है कि ऐसा मामला है तो जांच करवाएंगे। जांच में जो भी तथ्य निकलकर सामने आएंगे उसके हिसाब से आगे की कार्रवाई की जाएगी। ग्राम पंचायत फरासपुरा में भ्रष्टाचार और घपले बाजी की सभी सीमाएं पार होती नजर आ रही हैं। जेल में बंद जिस श्याम सिंह को नरेगा कार्य में एससी वर्ग का दिखाया गया है वह हकीकत में जाति से ठाकुर है, जो कि सामान्य वर्ग में आता है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 30 नवम्बर, 2022**

मार्गशीष मास, शुक्ल पक्ष, सप्तमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2079, धनिष्ठा नक्षत्र प्रातः 7:11 तक, व्याघात योग दिन 12:01 तक, वणिज करण प्रातः 8:59 तक, चन्द्रमा कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-वृष, बुध-वृश्चिक, गुरू-मीन, शुक्र-वृश्चिक, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज राजयोग प्रातः 7:11 तक है। भद्रा प्रातः 8:59 से रात्रि 8:10 तक रहेगी। आज नरसी मेहता जयन्ती और पंचक है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:38 तक, शुभ 10:57 से 12:15 तक, चर 2:52 से 4:10 तक, लाभ 4:10 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 7:02, सूर्यास्त 5:29

### मेष
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### वृष
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी।

### मिथुन
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

### कर्क
व्यक्तिगत परेशानियों के कारण मानसिक तनाव बना रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### सिंह
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कन्या
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### तुला
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित योजना बनेगी। उचित परामर्श्ज्ञ मिल सकता है। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धन प्राप्त होगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### वृश्चिक
व्यक्तिगत-पारिवारिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु
मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद दूर हो सकते हैं। परिजनों से आवश्यकता पर पर्याप्त सहयोग मिल सकता है। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

### मकर
व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### कुंभ
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

### मीन
घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य पर धन खर्च हो सकता है। आवश्यक कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

# ए.बी.वी.पी. के राष्ट्रीय अधिवेशन में 1485 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

- 986 छात्र, 344 छात्रा कार्यकर्ता तथा 129 प्राध्यापक कार्यकर्ता एवं 4 अन्य कार्यकर्ता रहे। इसके अलावा मित्र देश नेपाल से भी 22 अतिथि प्रतिभागी सम्मिलित हुए
- रंगारंग कार्यक्रमों में भारत के विभिन्न प्रांतों की मनमोहक परंपराओं का चित्रण सजीव हो उठा। अधिवेशन के अंतिम दिन परिषद की नवीन राष्ट्रीय कार्यकारिणी की भी घोषणा हुई

**जयपुर**, (का.सं.)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ए.बी.वी.पी.) का 68वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन महाराणा प्रताप नगर (जे. ई. सी. आर. सी.) विश्वविद्यालय, जयपुर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में देश के सभी प्रांतों से कुल 1485 प्रतिनिधि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिनमें 986 छात्र, 344 छात्रा कार्यकर्ता तथा 129 प्राध्यापक कार्यकर्ता एवं 4 अन्य कार्यकर्ता रहे। इसके अलावा मित्र देश नेपाल से भी 22 अतिथि प्रतिभागी सम्मिलित हुए। देश के सुदूर पूर्वोत्तर राज्यों, मणिपुर, नागालैंड तथा मिजोरम आदि से लेकर अंडमान निकोबार,जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख से भी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

अधिवेशन के प्रथम दिन (25 नवम्बर) उद्घाटन सत्र में योग गुरु स्वामी राम देव मुख्य अतिथि रहे। दूसरे दिन (26 नवम्बर) को जयपुर शहर में 'लघु भारत' दर्शन हुये जिसमें सभी प्रांतों से आए अभाविप के कार्यकर्ताओं के द्वारा उनकी पारंपरिक वेशभूषा में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। जयपुर के नागरिकों ने जगह-जगह पर शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। साथ ही प्रसिद्ध अल्बर्ट हॉल पर खुला अधिवेशन हुआ जिसमें नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. राजशरण शाही की उपस्थिति में राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल एवं अन्य छात्र नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अंतिम दिन प्रतिष्ठित प्रो. यशवंत राव केलकर युवा पुरस्कार समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मुख्य अथिति के रूप में उपस्थित रहे। इस वर्ष यह पुरस्कार बुलढाना, महाराष्ट्र के युवा समाज सेवी नन्द कुमार पालवे को दिया गया। उन्हें यह पुरस्कार निराश्रितों और मानसिक रूप से दिव्यांगो को पोषण, स्वास्थ्य एवं स्नेह देकर उनका सम्मानजनक पुनर्वास करने के उनके सराहनीय सेवा कार्य के लिए दिया गया है। पुरस्कार में प्रोत्साहन राशि के रूप में 1 लाख रुपए एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है।

अधिवेशन में कई महत्वपूर्ण विषयों पर पदाधिकारियों ने भाषण दिए। अभाविप के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री प्रफुल्ल आकांत ने स्वावलंबी भारत में युवाओं की भूमिका तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह मुकुंद ने वैचारिक विमर्श स्थापित करने में अभाविप की भूमिका विषय पर भाषण दिए। अधिवेशन के मुख्य आकर्षण में अपने गौरवशाली इतिहास का याद दिलाती हमारे पूर्वजों की मूर्तियां रही। अधिवेशन से पूर्व रानी पद्मावती महान शौर्य, साहस, समर्पण, एवं बलिदान से सनी चितौड़गढ़ किले की मिट्टी भी एकत्र कर लाई गई है। अधिवेशन के अंत में यह मिट्टी सभी प्रांतों के कार्यकर्ता अपने-अपने प्रांतों में लेकर गये।

अधिवेशन में कार्यकर्ताओं ने हुनरबाज मंच के माध्यम से प्रतिभा प्रदर्शन कर विभिन्न प्रस्तुतियां भी दी। रंगारंग कार्यक्रमों में भारत के विभिन्न प्रांतों की मनमोहक परंपराओं का चित्रण सजीव हो उठा। अधिवेशन के अंतिम दिन परिषद की नवीन राष्ट्रीय कार्यकारिणी की भी घोषणा हुई।



प्रदेशभर से जयपुर पहुंचे पशु चिकित्सकों ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को एमआई रोड स्थित शहीद स्मारक पर एकत्रित होकर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर धरना दिया।

# "राइट टू हैल्थ" विधेयक में देरी पर चिंता जताई



जन स्वास्थ्य अभियान राजस्थान की राज्य स्तरीय बैठक राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति, जयपुर के परिसर में आयोजित की गयी।

**जयपुर**, (का.सं.)। जन स्वास्थ्य अभियान राजस्थान की एक दिवसीय राज्य स्तरीय बैठक 29 नवम्बर को राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिती, जयपुर में आयोजित की गयी जिसमें राज्य भर के विभिन्न ज़िलों से लगभग 85 स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य अधिकारों पर कार्यरत संस्थानों एवं संगठनों के प्रतिनिधियों तथा जन स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भाग लिया।

बैठक में राज्य के विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों पर चर्चा की गयी जिसमें से स्वास्थ्य का अधिकार कानून (राइट टू हैल्थ) पर अहम चर्चा रही। बैठक उपरान्त मीडिया को संबोधित करते हुए अभियान के सदस्यों ने इस विधेयक के लाये जाने में सरकार द्वारा लम्बी देरी पर चिंता व्यक्त की और सरकार की मंशा पर सवालिया निशान खड़े किये। अभियान ने सरकार द्वारा 22 सितम्बर को विधान सभा में पेश किये राजस्थान स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक में आवश्यक सुधार हेतु अविलम्ब प्रवर समिती का गठन करने और विधेयक को जल्द से जल्द पारित किये जाने की मांग उठाई है।

# रोहित जोशी को दिल्ली छोड़ने की अनुमति नहीं मिली

- दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने इस संबंध में पेश प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया

**जयपुर**, (का.सं.)। दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट ने युवती से दुष्कर्म के मामले में अग्रिम जमानत पर चल रहे जलदाय मंत्री महेश जोशी के बेटे रोहित जोशी को दिल्ली से बाहर जाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने इस संबंध में रोहित जोशी की ओर से पेश प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है। रोहित जोशी ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दायर कर दिल्ली के न्यायिक क्षेत्राधिकार से बाहर जाने की अनुमति मांगी थी।

रोहित को दिल्ली के सदर थाने में दर्ज बलात्कार मामले में अग्रिम जमानत देते हुए कोर्ट ने दिल्ली से बाहर जाने पर रोक लगाने की शर्त लगाई थी। रोहित ने प्रार्थना पत्र में कहा था कि जांच पूरी हो चुकी है और पुलिस को अब उससे पूछताछ की आवश्यकता नहीं है। उसने जांच में पूरी तरह से सहयोग किया है। ऐसे में उसे दिल्ली से बाहर जाने की अनुमति दी जानी चाहिए। जिसका विरोध करते हुए राजकीय अधिवक्ता ने कहा कि सरकार ने जमानत रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र दायर किया है। रोहित प्रभावशाली परिवार से आता है और उसके पिता राजस्थान में कैबिनेट मंत्री हैं। ऐसे में रोहित प्रकरण की पीड़िता को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में उसे दिल्ली से बाहर जाने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने रोहित के प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है।

# बेटी की शादी के लिए बैंक से पैसे निकालने पहुंचे व्यक्ति से ठगी

- आरोपी ने नोट फटे होने का झांसा देकर 500 रुपये की गड्डी पार कर ली

**जयपुर**। ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में एक व्यक्ति अपनी बेटी की शादी के लिए बैंक से 3 लाख 50 हजार रुपए कैश निकालने गया था। तभी एक बदमाश ने उसे बातों में फंसाकर 500 रुपये की गड्डी लेकर फरार हो गया। इस संबंध में पीड़ित की ओर से थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर बैंक के अंदर और बाहर लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाल रही है।

पुलिस ने बताया कि जामडोली निवासी बजरंग लाल शर्मा बैंक में नकदी निकालने के बाद वापस घर लौट रहे थे, तभी वहां मौजूद एक अधेड व्यक्ति ने पीड़ित को बातों में उलझाया और इस पूरी वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस की प्रारम्भिक जांच में सामने आया कि पीड़ित के पिता ने गांव की जमीन बेचकर 3 लाख 50 हजार रुपए की राशि उसे दी थी। पीडित की बेटी की शादी होनी है और उसी के लिए वह को बैंक से राशि निकालने के लिए गया था। जब पीडित ने राशि निकाली तभी काउंटर के पास के अधेड़ व्यक्ति आया, जिसने पीड़ित से पेन मांगा। इस पर पीडित ने उसे पेन दे दिया। कुछ देर बाद वो व्यक्ति पेन लौटाने के बहाने वापस आया और कहा कि उसने जो नकदी काउंटर से प्राप्त की है, वह पेट्रोल पंप से आई है। पेट्रोल पंप से आए हुए नोट फटे हुए होते हैं, ऐसे में एक बार वह सभी नोटों की जांच कर ले। इतना कहने के बाद उस व्यक्ति ने पीड़ित को 500 रुपए का एक फटा हुआ नोट भी दिखाया। जिस पर पीड़ित उस व्यक्ति की बातों में आ गया और काउंटर के पास ही नोट जांचने लगा।

इस दौरान उस व्यक्ति ने पीड़ित के नोटों की गड्डी को हाथ में उठाते हुए कहा कि जिस जगह पर गड्डी पर रबर बेंडिंग लगी होती है, उस जगह से नोट की जांच करें क्योंकि नोट वहीं से फटे होते हैं। इस पर पीड़ित ने नोट की जांच करना जारी रखा और वह व्यक्ति वहां से चला गया। जब पीडित ने राशि गिनी तो वह 3 लाख 50 हजार रूपये के स्थान पर 3 लाख ही मिली। इसके बाद पीडित ने उस व्यक्ति को बैंक के अंदर और बाहर काफी तलाशा, लेकिन वह नहीं मिला।

# कोर्ट कर्मचारी रहेंगे सामूहिक अवकाश पर

**जयपुर**, (का.सं.)। न्यायिक अफसर के निवास पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुभाष मेहरा के आत्मदाह से जुड़े मामले शहर की अधीनस्थ अदालतों के कर्मचारियों की ओर से चल रहा सामूहिक अवकाश 12वें दिन भी जारी रहा। वहीं तीस नवंबर से प्रदेश की सभी अधीनस्थ अदालतों के कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। वहीं नत्थू सिंह तंवर के संयोजन में प्रांतीय संघर्ष समिति का गठन किया गया है। दूसरी ओर राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री सतबीर सिंह का आमरण अनशन नौवें दिन भी जारी रहा।

संघर्ष समिति के अध्यक्ष बद्रीलाल चौधरी ने बताया कि मंगलवार को प्रांतीय महासभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के कर्मचारी नेता शामिल हुए। मामले में हाईकोर्ट की ओर से गठित कमेटी के साथ हुई वार्ता के बाद कर्मचारियों को कमेटी की ओर से कोई रिस्पांस नहीं मिलने पर कर्मचारियों में गहरा रोष व्याप्त है।

# जेकेके में आज होगी साहित्यिक वार्ता

**जयपुर** (का.सं.)। जवाहर कला केंद्र व एलायंस फ्रांसेइस के संयुक्त तत्वावधान में 30 नवंबर, को साहित्यिक वार्ता का आयोजन किया जा रहा है। कृष्णायन सभागार में शाम 4 बजे फ्रांसीसी लेखक प्रो. फैबियन चार्टियर, लेखक और अनुवादक सौदामिनी देव के साथ चर्चा में शामिल होंगे।

# प्रदेश में केवल 3 ही नए करोना संक्रमित मिले मंगलवार को

**राज्य में तीसरी लहर के बाद यह पहला मौका है जब इतने कम नए संक्रमित मिले हैं**

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर**। प्रदेश में करोना संक्रमितों की संख्या में और गिरावट आई है। इस दौरान मंगलवार को 3 ही नए मरीज मिले हैं। वहीं 17 रोगियों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 76 रह गए हैं। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में इस बीमारी से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में मंगलवार को जयपुर, चित्तौड़गढ़ और अलवर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं इससे पहले सोमवार को 7 रोगी पाए गए थे। राज्य में करोना की तीसरी लहर के बाद मंगलवार को यह पहला मौका है जब इतने कम नए संक्रमित मिले हैं।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 17 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 76 रह गए हैं। राजधानी जयपुर में आज 1 और मरीज के ठीक होने से 25 एक्टिव केस रह गए हैं।

प्रदेश में मंगलवार को भी करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई। हालांकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9653 लोगों की मौत हो चुकी है।

## अतिक्रमियों के आवास तोड़ने पर रोक

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने सीकर जिले की श्रीमाधोपुर तहसील के ग्राम करडका की सरकारी भूमि पर बसे अतिक्रमियों के आवास तोड़ने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मुख्य सचिव और सीकर कलेक्टर सहित अन्य से जवाब मांगा है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश साधूराम व ढाई दर्जन से अधिक अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता धर्मेन्द्र कुमार बराला ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता और उनके परिवार करीब छह दशक से इस भूमि पर पक्का निर्माण कर रह रहे हैं। राज्य सरकार ने उन्हें बिजली और पानी का कनेक्शन भी दे रहा है।

# दुबई के यात्री से जयपुर एयरपोर्ट पर 582 ग्राम सोना जब्त

**जयपुर**। जयपुर एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग की टीम ने मंगलवार को 582.200 ग्राम तस्करी का सोना पकड़ा है। पकडे गए तस्करी के सोने की कीमत करीब 31 लाख 43 हजार रुपये बताई जा रही है। यात्री इमरजेंसी लाइट में सोना छुपाकर दुबई से जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंचा था।


कस्टम विभाग की टीम ने सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के प्रावधानों के तहत तस्करी के सोने को जब्त कर लिया है। कस्टम विभाग के अधिकारी पूछताछ करके पता लगाने का प्रयास कर रहे है कि तस्करी का सोना कहां पर पहुंचाया जाना था। सोना तस्करी में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। फिलहाल कस्टम विभाग की टीम मामले की जांच में जुटी हुई है। कस्टम विभाग की उपायुक्त नीलिमा खोरवाल ने बताया कि यात्री दुबई से फ्लाइट में बैठकर जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंचा था। यात्री की चाल से संदेह होने पर कस्टम विभाग के अधिकारियों ने यात्री को रोका और चेकिंग की। एक्सरे मशीन में यात्री के बैग की जांच की गई और पूछताछ करने पर यात्री संतोषपूर्वक जवाब नहीं दे पाया। यात्री ने किसी भी प्रकार की वस्तु को अपने पास होने से इनकार कर दिया। कस्टम विभाग की टीम ने यात्री के सामान की सघनता से जांच की तो इमरजेंसी लाइट में पेस्ट के रूप में 582.200 ग्राम तस्करी का सोना बरामद किया गया। इस तस्करी के सोने की कीमत करीब 31.43 लाख रुपये आंकी गई है। कस्टम विभाग की टीम ने सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के प्रावधानों के तहत तस्करी के सोने को जब्त कर लिया है।

## अब ज्योति नगर में जमा करा सकेंगे दस्तावेज

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर शहर के पेंशनर्स को बड़ी राहत प्रदान करते हुए एक दिसंबर से ज्योति नगर, पेंशन भवन, जयपुर में एक एक्सटेंशन काउंटर खोला जा रहा है जहां पेंशनर प्रथम भुगतान के अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करा सकेंगे।

पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग के निदेशक संजय सोलंकी ने बताया कि जयपुर शहर में पेंशनर को वर्तमान में प्रथम भुगतान के लिए त्रिपोलिया बाजार में आतिश मार्केट के पीछे पेंशन कोषालय में प्रथम भुगतान के लिए जाना होता था। शहर से दूर कॉलोनियों में रहने वाले पेंशनर को दूरी के कारण और शहर में अत्यधिक भीड़ से यातायात बाधित होने के कारण वहां जाने में असुविधा होती थी। उन्होंने बताया कि इसी को ध्यान में रखते हुए एक दिसंबर 2022 से कोषालय जयपुर (पेंशन) कार्यालय का एक एक्सटेंशन काउंटर पेंशन भवन, ज्योति नगर जयपुर में खोला जा रहा है।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# वरिष्ठ व्यंग्यकार फारूक आफरीदी को 'सूर्यमल्ल मीसण' सम्मान

**जयपुर**, (का.सं.)। देश के प्रतिष्ठित साहित्यकार, सौ से अधिक पुस्तकों के लेखक और विधिवेता डॉ. संजीव कुमार और वरिष्ठ व्यंग्यकार फारूक आफरीदी के साहित्यिक क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए विकल्प जन सांस्कृतिक मंच कोटा द्वारा 'सूर्यमल्ल मीसण' सम्मान प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ संजीव कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय वांग्मय को समृद्ध बनाने में कवियों का उल्लेखनीय योगदान रहा है। कविता ने सामाजिक जीवन में परिवर्तन और शुचिता लाने में महती भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि सृजन क्षेत्र में चिंतन का सर्वाधिक महत्व है और साहित्य को ठोस कसौटी पर कसने से ही रचनाशीलता को सम्मान दिलाया जा सकता है। उत्कृष्ट साहित्य सृजन से ही पाठकों में रचनाशीलता के प्रति अभिरुचि जागृत की जा सकती है।

सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ व्यंग्यकार और कवि फारूक आफरीदी ने कहा कि वर्तमान समय में समाज में बढ़ती घृणा, हिंसा, असहिष्णुता पर अंकुश लगाना है तो समाज सापेक्ष साहित्य सर्जन जरूरी है। हमारे साहित्य सृजकों ने सदियों से शांति, सद्भाव, अहिंसा और सहिष्णुता का संदेश देकर मनुष्य का गौरव बढ़ाया एवं हमारी संस्कृति को समृद्ध किया है। हम कबीर के रास्ते पर चलकर ही समाज में स्वस्थ जीवन मूल्यों की पुनस्थापना कर सकते हैं। इससे पूर्व राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर और सारंग साहित्य समिति, कोटा द्वारा कबीर पारख संस्थान में संभागीय रचनाकार सम्मेलन में डॉ संजीव कुमार और फारूक आफरीदी का सम्मान किया गया। सम्मेलन में विभिन्न साहित्यिक सत्रों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।



राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर और सारंग साहित्य समिति, कोटा की ओर से कबीर पारख संस्थान में आयोजित संभागीय रचनाकार सम्मेलन में प्रतिष्ठित साहित्कार डॉ. संजीव कुमार और वरिष्ठ व्यंग्यकार फारूक आफरीदी का सम्मान किया गया।


**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य देवकीनन्दन सोनी पुत्र स्व. लिछमी चन्द सोनी, आयु 57 वर्ष निवासी मकान नम्बर-110 शीतला माता मंदिर की डूंगरी, छोटा अखाड़ा, ब्रह्मपुरी, जयपुर का पुत्र लक्ष्य सोनी, आयु 22 वर्ष, उनके कहने में नहीं है व उनके साथ अभद्र व्यवहार करता है। अतः मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र लक्ष्य सोनी को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति एवं संव्यवहार से बेदखल कर दिया है तथा उससे समस्त प्रकार के सबन्ध समाप्त कर लिये हे। लक्ष्य सोनी से भविष्य में यदि कोई व्यक्ति, लेनदेन, व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा, मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
जयपुर (सुनील कुमार शर्मा) एडवोकेट
दिनाक-29.11.22 मो.-9829017211

**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यह एक भूखण्ड सं. A-81, प्रिम प्रोविन्स योजना, ग्रा. गोनेर, तह. सांगानेर, जिला जयपुर (राज.) में स्थित है जिस पर मेरे पति श्री अशोक पुत्र श्री धनराज मीना ने एचडीएफसी लिमिटेड से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त भूखण्ड A-81 के समस्त असल दस्तावेज एचडीएफसी लिमिटेड में रहन (MORTGAGE) कर रखे है।
यह कि मेरे पति श्री अशोक पुत्र श्री धनराज मीना का दिनॉक 11.11.2021 को स्वर्गवास हो चुका है तथा उक्त प्लाट के पेटे लिये हुये ऋण की पूर्ण अदायगी एचडीएफसी लिमिटेड को की जा चुकी है। इसलिये अब मैं उक्त प्लाट के असल दस्तावेजों को प्राप्त करना चाहती हूँ यदि इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथी से सात दिवस तक की अवधि में एचडीएफसी लिमिटेड सी-स्कीम (फोन नम्बर 1800200018) में सम्पर्क करें। सूचित रहे।
दिनांक:- सरोज मीना पत्नि स्व. श्री अशोक मीना निवासी-कुंजेला, तह. नादौती जिला करौली (राज.) मोबाईल नम्बर 9782425778

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास/फ्लेट संख्या-10/981 (एफ.एफ.) मालवीय नगर, जयपुर क्षेत्रफल 44.198 वर्ग मीटर का आवंटन श्री आर.सी.गुप्ता पुत्र श्री एम.आर. अग्रवाल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 124 दिनांक 26.04.2000 जारी किया गया था। उनके द्वारा आवास/फ्लेट के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 11.04.2007 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री आर.सी.गुप्ता पुत्र श्री एम.आर. अग्रवाल के द्वारा उक्त आवास/फ्लेट का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्री नवल किशोर गांधी पुत्र डॉ. श्यामलाल एवं श्रीमती रीमा गांधी पत्नी श्री नवल किशोर गांधी को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 21.05.2007 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री नवल किशोर गांधी पुत्र डॉ. श्यामलाल एवं श्रीमती रीमा गांधी पत्नी श्री नवल किशोर गांधी के द्वारा उक्त आवास/फ्लेट का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्रीमती रेखा भोजवानी पत्नी श्री प्रमोद भोजवानी को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 13.08.2010 को करवाया गया। श्रीमती रेखा भोजवानी की मृत्यु दिनांक 22.08.2016 को हो जाने के कारण श्री प्रमोद भोजवानी पुत्र स्व. श्री हीरानन्द भोजवानी के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, हकत्याग पत्र (रजिस्टर्ड) एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास/फ्लेट के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/ बैंक/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- **श्री प्रमोद भोजवानी पुत्र स्व. श्री हीरानन्द भोजवानी** के पक्ष में उक्त आवास/फ्लेट के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबन्धक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

**सम्पत्ति-क्रय-विक्रय**
इंद्रागांधीनगर/मालवीयनगर/सिद्धार्थ नगर/प्रतापनगर, (JLN-रोड/ रिंगरोड़), जगतपुरा/मॉडलटाउन आसपास सभी हाउसिंगबोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-रेजिडेंशियल/कमर्शियल/एग्रीकल्चर/ इण्ड्रस्ट्रियल/ हॉस्पिटल/इन्स्टीट्यूशन्स/ फार्महाउसेस/रिसोर्ट, लेण्डस -(बेचने-खरीदने) हेतुः-भावना एंटरप्राइजेज, रियलिटी चेम्बरः-7599912345

**खोया पाया**
सांगानेर को-आपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी, सांगानेर के प्लाट नं. ई-99, नारायण विहार विस्तार, प्रताप नगर सेक्टर-3, सांगानेर के मूल पट्टा दस्तावेज कहीं गिर गए है, मिलने पर सम्पर्क करें। श्रीमति इन्द्रामणि सोनी-9314990119

मेरे मकान 163/103 प्रताप नगर, सांगानेर के मूल दस्तोज खो गए है मिलने पर सूचित करें। प्रियंका सारदा-8107809404

मेरा आवास संख्या 85/151 आरएचबी द्वारा जारी मकान जिसकी ऑरिजनल रजिस्ट्री मुझ से कहीं गुम हो गई है। मिलने पर सूचित करें। 9829595474

प्लॉट नम्बर बी-286 महल योजना, जगतपुरा का ओरिजनल अलॉटमेंट लेटर नम्बर 97 दिनांक 12.02.1998 कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें। देवेन्द्र सिंह 9414047363

मेरे आवास संख्या 31/422, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर का मूल कब्जा पत्र कहीं गिर/गुम गया है मिलने पर सूचित करें-नोरती देवी 9057230113

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 5/2022
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
नाम प्रार्थी प्रदीप कुमार सोमानी पुत्र स्व. शिव प्रसाद जाति महाजन निवास स्थान 201 में फेयर रेजीडेन्सी डी/5-6 अयोध्या नगर, गाँधी पथ (पश्चिम) जयपुर।
मृतक ....................की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 30.12.22
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व. श्रीमती प्रेमलता सोमानी पत्नि स्व. शिव प्रसाद सोमानी जाति महाजन निवासी उपरोक्त का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रिेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 30 माह 12 सन् 2022 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 25 माह 11 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया। आज्ञा से-
मोहर अदालत रीडर-एडमिनिस्ट्रेटर जनरल, राजस्थान, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/2233 दिनांक-28.11.2022
**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 4/122 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 162.00 वर्गमीटर/ वर्गगज का आवंटन श्रीमती संतोष कांसलीवाल पत्नी श्री मोती मोहन कांसलीवाल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 7662 दिनांक 06.03.1993 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 12.08.1993 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 3297 दिनांक 28.02.1998 के द्वारा डा. शीलेन्द्र हरिथ पुत्र वासुदेव शर्मा के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 22.07.1999 को करवाया गया। इसके पश्चात डॉ. शीलेन्द्र हरिथ की मृत्यु दिनांक 14.05.2018 को हो जाने के कारण इनका पुत्र श्री अजय शर्मा पुत्र स्व. डॉ. शीलेन्द्र हरिथ ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री अजय शर्मा पुत्र स्व. डॉ. शीलेन्द्र हरिथ के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**नाम परिवर्तन**
मैंने अपना नाम पूनम अग्रवाल पत्नी राकेश अग्रवाल से बदलकर पूनम अग्रवाल पत्नी राकेश कुमार अग्रवाल रख लिया है। भविष्य में मुझे पूनम अग्रवाल पत्नी राकेश कुमार अग्रवाल नाम से जाना जावें। पता-21/263 कावेरी पथ मानसरोर जयपुर (राजस्थान)

मैंने अपना नाम राजेन्द्र सिंह (Rajendra Singh) से बदल कर राजेद्र गुर्जर (Rajeindra Gurjar) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। पता- कॉलेज ऑफ नर्सिंग-राज. एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज जयपुर। स्थाई पता- नई कोठी पो. माधोगढ तह. खेतडी जिला झुंझुनूं राजस्थान-333501

मैंने अपना नाम रमेश चन्द्र सैनी (Ramesh Chandra Saini) से बदल कर रमेश चन्द सैनी (Ramesh Chand Saini) पुत्र श्योनारायण सैनी निवासी डिडवाना (लालसोट) रख लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

मैंने अपना ईश्वर दास चंदनानी से बदलकर ईश्वर चंदनानी कर लिया है अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। पता-62-ए, राधा स्वामी नगर, मुहाना मण्डी रोड, मानसरोवर, जयपुर।

Vinay Methi R/o Flat No. 103 Plot No. 14-15 Savitri Appartment, Shiv Nagar, Sanganer, Jaipur in my some Document my name wrongly mentioned as Vinay Kumar Methi but correct and actual name is vinay Methi for all purposes.

I army no. 3199000X Ex NK Sanjay Kumar S/o sh. Satbir singh R/o 18 riddhi siddhi nagar 5 bada Rama govind pura jhotwara Jaipur. That I have changed my daughter name from LINAXI To LEENAKSHI (DOB 22.6.2006) vide affidavit dated 28 nov. 2022 before district notary jaipur.

I army no. 14643099H Ex hav Rajpal Singh Gadhawal S/o Sh. Geegraj Gadhawal R/o village Sirsa post nangal govind Teh. Chomu District Jaipur that I have changed my wife name from Manju Gadhawal To Manju Kumari (DOB 15.8.1984) vide affdavit dated 28 nov. 2022 before district notary Jaipur.

# यूरिया मार्केट से गायब, विरोध के स्वर उभरे

## यूरिया के लिए लाइन में खड़े किसान निराश होकर लौटे



भैसावता ग्राम सहकारी समिति कार्यालय के बाहर लगी किसानों की लाइन।


**सिंघाना, (निसं)।** किसानों को इस समय खाद की पर्याप्त मात्रा में सप्लाई नहीं होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घंटों लाइन में खड़ा रहने के बाद भी जब खाद नहीं मिलता है तो मायूस होकर वापस लौटने को मजबूर हो रहे है। भैसावता के ग्राम सहकारी सेवा समिति कार्यालय पर खाद के लिए किसानों के लंबी लाइन लगी रही। जिसमें अधिकांश किसानों को बिना खाद के ही वापस लौटना पड़ा। पालोता निवासी किसान अजीत सिंह ने बताया कि खाद को लेकर रोजाना चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। घंटों लाइन में लगा देना पड़ता है। जब नंबर आता है तो खाद खत्म हो जाने की बात कह कर वापस भेज दिया जाता है।

■ **जल्द ही खाद की कमी को पूरा किया जाएगाः अब्बास खान**

उन्होंने बताया कि इस समय फसल को खाद की बेहद सख्त जरूरत है तथा कहीं पर भी नहीं मिल पा रहा है। किसानों को खाद के लिए इधर से उधर भटकना पड़ रहा है। ढांढोत निवासी संजीव कुमार ने बताया कि व खाद के लिए पिछले चार दिन से चक्कर लगा रहे हैं तथा कहीं भी खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। ग्राम सहकारी सेवा समिति भैसावता में काफी देर तक लाइन में लगा रहा। जिससे आधार कार्ड के नंबर जमा करवाने के बाद ही खाद बड़ी मुश्किल से मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि सहकारी सेवा समिति में एक व्यक्ति को एक ही खाद का कट्टा उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रति किसान को कम से कम चार खाद के कट्टे उपलब्ध कराए तो काम चल सकता है।

सरकारी समिति के सहायक व्यवस्थापक अब्बास खान ने बताया कि सहकारी समिति में दो दिन में 900 खाद के कट्टे आए थे। जिनमें 880 तो वितरित हो चुके हैं। वहीं 20 कट्टों के लिए अभी लाइन लगी हुई है। समिति में जैसे आगे से खाद की गाड़ी आ जाती है। वैसे ही किसानों को खाद का वितरण किया जा रहा है तथा जल्द ही खाद की कमी को पूरा किया जाएगा।

## पुलिस की निगरानी में यूरिया बांटने का कार्य सम्पन्न किया जा सका



ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा के बाहर खाद के लिए किसानों की भीड़ उमड़ी।

**पावटा, (निसं)।** क्षेत्र में गेहूं एवं सरसों की फसल के लिए यूरिया खाद की जरूरत है लेकिन अन्नदाता बेबस और मायूस है। कस्बे की क्रय-विक्रय सहकारी समिति के पास यूरिया खाद् के कट्टे उपलब्ध नहीं है। जिससे किसानों को यूरिया खाद के लिए घंटों लाईन में लगना पड़ रहा है। ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा एक ट्रेलर में करीब 800 यूरिया खाद के कट्टे आए। जिसको लेकर बडी संख्या में किसान यूरिया लेने पहुंच गए। जहां भारी भीड़ को देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों और लम्बी लाईनें लगवाई । लाइन से यातायात जाम की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने अतिरिक्त जाप्ता बुलवाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू करवाया।

■ **हजारों की संख्या में खाद लेने पहुंचे किसान**

कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों की लाईन लगवाकर आधार कार्ड के माध्यम से यूरिया खाद वितरित करवाया। ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा चेयरमैन उपेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि 29 नवंबर को इफको यूरिया 800 कट्टे आए, जिसमें प्रत्येक किसान को दो कट्टे बांटे गए । उन्होंने बताया कि 1 महीने में प्रागपुरा सहकारी समिति ने 9000 कट्टे यूरिया वह 2000 कट्टे डीएपी के किसानों को वितरित किए । पावटा प्रागपुरा कस्बे सहित आस पास के क्षेत्रों में भी पिछले 7-8 दिनों से यूरिया खाद की किल्लत नजर आ रही है । किसान अपने परिवार सहित अल सुबह से ही खाद की दुकानों के आगे भूखा-प्यासा कई घंटों तक लाईनों में खडा रहता है, लेकिन फिर भी किसान को खाद नहीं मिल पा रहा है। इस सम्बंध में चेयरमैन उपेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि ने बताया कि कस्बे में सुबह खाद मिलने की सूचना पर हजारों की संख्या में किसान एकत्रित हो गए । तीन कृषि सुपरवाईजर व पांच पुलिसकर्मी भेजकर शांतिपूर्ण तरीके से खाद वितरण करवाया गया। प्रागपुरा में हर दूसरे दिन खाद की गाडी आ रही है। किसानों को खाद के लिए घबराने की जरूरत नहीं है। कृषि विभाग हर जरूरतमंद किसान तक खाद पहुंचाना सुनिश्चित कर रहा है।

# कांग्रेस महिला मोर्चा ने रामदेव का पुतला फूंका

**डूंगरपुर, (निसं)।** डूंगरपुर विधानसभा की कांग्रेस महिला मोर्चा ने जिला कलेक्ट्री के बाहर प्रदर्शन कर बाबा रामदेव का पुतला दहन कर राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

जिला परिषद सदस्य रेखा कलासुआ ने बताया महाराष्ट्र के ठाणे में एक कार्यक्रम में महिलाओं के पहनने को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिला परिषद सदस्य रेखा कलासुआ ने बताया की बाबा रामदेव द्वारा महिलाएं को साडी पहनने को लेकर कहां की महिला साडी पहनने पर अच्छी लगती है। सलावर कमीज और मेरी तरह कुछ भी नहीं पहने तो भी अच्छी है। इस प्रकार की महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की थी। बाबा रामदेव द्वारा महिलाओं पर की गई टिप्पणी को लेकर मंगलवार को कांग्रेस महिला मोर्चा ने बाबा रामदेव में द्वारा दिए गए बयान का



जिला कलेक्ट्रेट के बाहर बाबा रामदेव का पुतला दहन करते कांग्रेस महिला मोर्चा के कार्यकर्ता।

विरोध प्रदर्शन कर कलेक्ट्री के बाहर बाबा रामदेव का पुतला फूंका तथा रामदेव के विरोध कार्रवाई करने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान डूंगरपुर प्रधान कांता देवी कोटेड, उप जिला प्रमुख सुरता परमार, केवलराम कोटेड सहित कांग्रेस महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओ के साथ कई मौजूद थी।

## नियुक्ति आदेश जारी

**जोधपुर, (कासं)।** राज्य सरकार के प्रमुख विधि शासन सचिव ने राजस्थान उच्च न्यायालय की खंडपीठ के आदेशों के बाद राज्य के 19 स्थाई लोक अदालत में एक साल के वास्ते सदस्यों की नियुक्ति आदेश जारी किए हैं।

अधिवक्ता वासुदेव दाधीच ने अधिवक्ता अनिल भंडारी के माध्यम से जनहित याचिका दायर कर कहा था कि अधिकांश स्थाई लोक अदालत में अध्यक्ष और सदस्यों के पद रिक्त होने से लंबित मामलों की तादाद लगातार बढ़ रही है। राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ के आदेशों के बाद पूर्व में अध्यक्ष पद पर नियुक्तियां की गई, लेकिन सदस्यों के पद रिक्त होने कोरम के अभाव में न्यायिक कार्रवाई नहीं हो पा रही है। अब राज्य सरकार के प्रमुख विधि शासन सचिव ने आदेश जारी कर 19 स्थाई लोक अदालत में सदस्यों की नियुक्ति आदेश जारी किए हैं।

# शराब पीने की मना करने पर स्कूली छात्र को बदमाशों ने गोली मारी

## देसी पिस्टल से गोली मारी, युवक गंभीर रूप से घायल

**करौली, (नि.स.)।** जिला मुख्यालय पर दिनदहाड़े शराबी बदमाशों ने शराब पीने की मना करने पर एक स्कूली छात्र के देसी पिस्टल से गोली मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

यहां जिला मुख्यालय के निकट अंजनी माता मंदिर के पास हाईवे सड़क मार्ग के किनारे बैठकर शराब पी रहे 4 युवक और दो युवतियो को एक स्कूली छात्र के शराब पीने की मना करने पर शराबी बदमाशों ने स्कूली छात्र से गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से देसी पिस्टल से फायर कर दिया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल होकर गिर गया। उधर युवक की चीख-पुकार सुनकर बदमाश चौपहिया वाहन और एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर हिण्डौन सड़क मार्ग की ओर भाग गए। उधर युवक की चीख-पुकार सुन बिरवास गांव के लोग और घायल युवक के परिजन मौके पर पहुंचे ।

मौके से घायल युवक को सामान्य चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सक का प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत होने पर जयपुर रैफर कर दिया। घायल युवक योगेश सिंह जादौन पुत्र गोविंद सिंह जादौन निवासी पाताली हनुमान जी मन्दिर बिरवास 19 ने जानकारी देते हुए बताया कि वह स्कूल से पढ़ कर घर जा रहा था पांचना के पुल से आगे अंजनी माता मन्दिर के रास्ते के पास हाईवे के किनारे 4 युवक और दो युवतियां शराब पी रहे थे वहीं सड़क के किनारे एक चौपहिया गाड़ी व मोटरसाइकिल खड़ी थी युवक ने बताया कि उन लोगों से शराब पीने की मना करने पर गाली गलौज की और जान से मारने की नियत से देसी पिस्टल से फायर कर दिया और गाड़ी में बैठकर हिण्डौन सड़क मार्ग की ओर भाग गए।



करौली अस्पताल में घायल युवक की चोट देखते चौकी प्रभारी ( दाये से प्रथम ) महेश शर्मा।

सामान्य चिकित्सालय स्थित पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई महेश चंद शर्मा ने बताया कि शराबी बदमाशों के एक स्कूली छात्र को गोली मारने का मामला प्रकाश में आया है युवक गंभीर हालत में चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने गंभीर हालत देखते हुए प्राथमिक उपचार देकर जयपुर रैफर कर दिया ।

उन्होंने बताया कि मामले में बदमाशों की तलाश की जा रही है। गंभीर बात यह है कि जिला मुख्यालय पर दिनदहाड़े बड़ी -बड़ी घटनाओं हो ने से ऐसा लगता है कि यहां का पुलिस प्रशासन बदमाशों के सामने बोना ही नजर आ रहा है । यह एक आम चर्चा है घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची जहां हिण्डौन और पांचना सड़क मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरो से बदमाशों के फुटेज लेने में जुट गई मौके पर मिली शराब की बोतल जप्त की है।

## तबादले पर लगाई रोक

**झुंझुनूं, (निसं)।** राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण ने एक एएनएम के तबादले पर रोक लगा दी है। अधिवक्ता विजय पूनियां ने बताया कि एएनएम शायर कुमारी सब सेंटर हमीर खां का बास मलसीसर जिला झुंझुनूं में कार्यरत थी। अपीलार्थी का सक्षम अधिकारी द्वारा स्थानान्तरण नहीं किया और कार्य मुक्त कर दिया गया। तीन सितंबर 2022 को आपीलार्थी का स्थानान्तरण अधिशेष दिखाते हुए बीसीएमओ बिलाड़ा जिला जोधपुर में स्थानांतरण कर दिया। आदेश के खिलाफ अधिवक्ता विजय पूनियां द्वारा माननीय अधिकरण में चुनौती दी गई। अधिवक्ता विजय पूनियां का तर्क था कि महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अधिशेष नहीं है।

# सब इंस्पेक्टर से हाथापाई कर वर्दी फाड़ी

## शराब पीकर कार चला रहे दो भाईयों की कारगुजारी

**जोधपुर, (कासं) ।** शहर के फूलेराव पार्क के पास में दनदनाती आई एक कार में सवार दो भाईयों ने पुलिस सब इंस्पेक्टर से बुरी तरह बदसलूकी की। जीप से उतर कर भागने के साथ सबइंस्पेटर, हैडकांस्टेबल, होमगार्ड से हाथपाई तक कर डाली। आखिरकार पुलिस ने दोनों को शांतिभंग में पकडऩे के साथ राजकार्य में बाधा का केस दर्ज कर लिया। आरोपी ने नशे की हालत में महामंदिर थान के सबइंस्पेक्टर कैलाश पंचारिया को जमीन पर गिराने के साथ उनका मुंह नोंच लिया। पैर और सिर में चोट लगने से वे जख्मी हो गए । महामंदिर थाना पुलिस इसमें अब अग्रिम अनुसंधान कर रही है।

महामंदिर पुलिस ने बताया कि हैडकांस्टेबल शोभाराम, कांस्टेबल गोपाल, होमगार्डकर्मी विशाल बहादूर सिंह आदि वाहनों की चेकिंग के लिए नाकाबंदी पर लगे थे। तब एक स्वीफ्ट कार में दो लोग सवार होकर आए और तेजी से गाड़ी को ब्रेक लगाते हुए एक ट्रक से टकराते बचे। इस पर कांस्टेबल गोपाल उनके पास में गया और कार्रवाई करने लगा तो उसमें सवार कापरड़ा हाल सारण नगर सी बनाड़ में किराए पर रहने वाले नेमाराम पुत्र शंकरलाल जाट एवं उसका भाई जगदीश जाट पुलिस से उलझने लगे।

कार चालक नेमाराम शराब के नशे में था और उसे समझाने का प्रयास किया गया तो वो मारपीट पर उतारू हो गया। इतने में गश्त करते हुए महामंदिर थाने के एसआई कैलाश पंचारिया वहां पहुंचे और उन्होंने भी समझाइश का प्रयास किया मगर नेमाराम और उसका भाई जगदीश एसआई कैलाश पंचारिया से भी उलझ गए। पुलिस ने आखिरकार उसे गाड़ी में बिठाया तो वह होमगार्ड विशाल बहादूर को धक्का देकर भागने लगा। इस पर उसे पकड़ा गया।

नेमाराम ने सबइंस्पेक्टर कैलाश पंचारिया के साथ हाथापाई करते हुए उन्हें जमीन पर गिरा दिया और वैजवर्दी तक फाड़ दी। साथ ही चेहरे को नोंच डाला। उसनके सिर और पैर पर चोट लगने पर वे जख्मी हो गए। महामंदिर पुलिस ने बताया कि दोनों भाईयों को शांति भंग में गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ हैडकांस्टेबल शोभाराम की तरफ से महामंदिर थाने में राजकार्य में बाधा डालने का केस दर्ज करवाया गया है। उनकी कार को सीज कर दिया गया।

# गांजा तस्करी की अन्तर्राज्यीय गैंग के छह आरोपी गिरफ्तार

## जयपुर सीएसटी की सूचना एवं सहयोग से बूंदी पुलिस ने गांजे की खेप पकड़ी

**बूंदी, (निसं)।** थाना हिंडोली पुलिस ने सोमवार को जयपुर सीएसटी की सूचना एवं सहयोग से मादक पदार्थ की तस्करी करते अंतर राज्य तस्करों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के पास से बरामद टेंपो ट्रैवल्स गाड़ी से 287 किलो गांजा बरामद किया गया। जिसकी बाजार में कीमत करीब 30 लाख रुपये है। विशाखापट्टनम से गांजा तस्करी कर तस्कर राजस्थान सप्लाई करने के लिए आ रहे थे। पुलिस ने एस्कॉर्ट में प्रयुक्त मारुति स्विफ्ट डिजायर गाड़ी भी जब्त की है।

एसपी यादव ने बताया कि जयपुर सीएसटी के एएसआई दीपक त्यागी की सूचना व सहयोग से थानाधिकारी हिंडोली मुकेश कुमार मय जाब्ता द्वारा नेशनल हाईवे 52 जयपुर रोड स्थित राधा कृष्ण भोजनालय पर खड़े गुजरात नंबर के टैंपो ट्रेवल्स और उसको एस्कॉर्ट कर रही कार को घेरा देकर 6 तस्करों को गिरफ्तार किया। गाड़ी से 13 प्लास्टिक के कट्टों में 287 किलो



हिंडोली पुलिस की गिरफ्त में अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करी गैंग के आरोपी एवं जप्त गांजा।

गांजा बरामद किया गया।

**इन्हें किया गिरफ्तारः-** पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त टेंपो ट्रैवलर एवं एस्कॉर्ट कर रही डिजायर कार से अंतरराज्यीय तस्कर अन्नाराम जाट पुत्र मेघाराम (26) व मोहम्मद फिरोज

■ **अन्तर्राज्यीय गैंग के छह अभियुक्त गिरफ्तार**

■ **30 लाख रुपये कीमत का 287 किलो गांजा बरामद**

पुत्र मोहम्मद रमजान (38) निवासी थाना कोतवाली जिला नागौर, मोहम्मद हारुन पुत्र मोहम्मद सदीक (45) निवासी बासनी थाना सदर जिला नागौर, कयूब खान पुत्र अब्दुल रशीद (22) निवासी थाना नागोरी गेट जिला जोधपुर शहर, असगर खान पुत्र करीम खान (41) निवासी थाना पांचौड़ी जिला नागौर एवं अजय गडरिया पुत्र मुन्नालाल (26) निवासी थाना शेरगढ़ जिला मथुरा यूपी को गिरफ्तार किया है।

## दीवार गिरने से तीन मजदूर दबे

**भरतपुर, (निसं)।** सेवर थाना क्षेत्र के गांव वमनपुरा में दीवार गिरने से निर्माण कार्य कर रहे तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार जारी है। सेवर थाना क्षेत्र के गांव में वमनपुरा में नींव खुदाई के कार्य के दौरान एक दीवार ढह गई। दीवार ढहने से नींव खोदने का कार्य कर रहे तीन मजदूर राजाराम, भूप सिंह एवं भूरी उस दीवार की चपेट में आ गए जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे स्थानीय लोगों के द्वारा इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घायलों की सूचना मिलने पर सेवर थाना पुलिस भी मौके पर पंहुची। जहां पुलिस ने घायलों से घटना की जानकारी ली। फिलहाल घायलों का इलाज जिला आरबीएम अस्पताल में जारी है। बताया जा रहा है कि गांव के ही सुरेश शर्मा के द्वारा घर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। अभी हाल ही दीवार का निर्माण कार्य कराया गया था। वहीं उसके पडौसी भीम भी घर का निर्माण कार्य करा रहा था। भीम सिंह ने सुरेश की दीवार के बगल में ही अपनी दीवार बनाने के लिए मजदूर लगाए थे। मजदूर दीवार खडी करने के लिए नींव की खोद रहे थे। तभी दीवार गिर पड़ी जिसमें तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# एम.एल.ए. से फिरौती मांगने वाले तीन लोग पकड़े

**जोधपुर, (कासं) ।** जोधपुर संभाग के एक विधायक को उसके वीडियो को लेकर ब्लैकमेलिंग करने वाले कुछ लोग जोधपुर के लूणी तहसील के फींच गांव में छुपे थे। एक जिले की पुलिस ने जोधपुर कमिश्नरेट पुलिस से सहयोग मांगा और भारी लवाजमें के साथ वहां पर रेड दी। पुलिस की अचानक कार्रवाई से ग्रामीणों में कौतुहल बन गया।

सूत्रों के मुताबित चार में तीन लोगों को पुलिस ने दस्तयाब किया है। इस बारे में फिलहाल पुलिस खुलासा करने में आनाकानी कर रही है। सूत्रों की मानें तो विधायक से करोड़ों की फिरौती मांगी जा रही थी। पुलिस उपायुक्त पश्चिम गौरव यादव ने गांव में रेड की जानकारी दी मगर ज्यादा इस बारे में बताने से इंकार कर दिया। लूणी के फींच गांव में

■ **जिला पुलिस और कमिश्नरेट पश्चिम पुलिस ने फींच गांव से पकड़े आरोपी**

आज सुबह पुलिस की चार टीमों ने एक साथ गांव में रेड दी। बताया गया कि एक विधायक को उसके वीडियो को लेकर ब्लैकमेल करने वाले कुछ लोग लूणी के फींच गांव में छुपे हुए थे।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम गौरव यादव ने बताया कि गांव में रेड दी गई है। इस बारे में फिलहाल कार्रवाई की जा रही है। किन -किन को पकड़ा गया है इस बारे में पूरी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस की टीमें वहां पहुंची है। दोपहर तक पुलिस की कार्रवाई जारी थी।


पंजाब एण्ड सिंध बैंक | Punjab & Sind Bank

पंजाब एण्ड सिंध बैंक आंचलिक कार्यालय, जयपुर 30-31 मोहन टावर, विद्युत नगर, जयपुर 302021

राजस्थान में बैंक की नई शाखा खोलने के लिए निम्लिखित स्थानों पर भूतल स्थित ( ग्राउड फ्लोर ) परिसर जिसका कारपेट एरिया 1000-1200 वर्ग फुट हो, के लिए न्युनतम 15 साल के लिए पट्टे के आधार पर दो बोली प्रणाली ( तकनीकी व वित्तीय ) के तहत प्रस्ताव आमंत्रित करता है :-

| क्रम सं. | जगह जहाँ शाखा खोलनी है | कारपेट एरिया ( वर्ग फीट में ) |
|---|---|---|
| 1. | नागौर, राजस्थान | 1000 - 1200 |
| 2. | नाथद्वारा, राजसमंद, राजस्थान | 1000 - 1200 |
| 3. | इंदिरा गाँधी रोड़, चित्तौडगढ, राजस्थान | 1000 - 1200 |

बीड जमा कराने की अंतिम तिथि 20.12.2022 ( शाम 5.00 बजे तक )

अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएं www.punjabandsindbank.co.in

आंचलिक प्रबंधक ( पंजाब एण्ड सिंध बैंक )

# पिटबुल व हस्की जैसे विदेशी नस्ल के पांच डॉग्स पालने पर जयपुर में पाबंदी लगेगी?

## ग्रेटर निगम प्रशासन इन डॉग्स को बैन करने के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजेगा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजधानी जयपुर में आमजन पर पिटबुल और हस्की जैसे पांच खतरनाक ब्रिड के डॉग्स पालने पर पाबंदी लगाने की तैयारी है। क्योंकि खतरनाक नस्ल के इन विदेशी कुत्तों के द्वारा आमजन पर हमले की बहुत की घटनाएं सामने आ चुकी है। इन डॉग्स को बैन करने के लिए ग्रेटर निगम प्रशासन प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को भिजवाएगा। इसकी मंजूरी मंगलवार को कार्यकारी समिति (ई.सी.) की बैठक में दी गई है। शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए वार्डों से ओपन डिपो हटाने, यूडी टैक्स को सरल बनाने के लिए विशेषज्ञों से राय-मशविरा करने का निर्णय भी हुआ।

ग्रेटर निगम में करीब डेढ़ साल बाद हुई कार्यकारी समिति की बैठक में महापौर सौम्या गुर्जर के सामने चेयरमैन व पार्षदों में आपसी टकराव खुलकर दिखा। करीब 4 घंटे तक चली बैठक में मेयर, डिप्टी मेयर और चेयरमैन अलग-अलग खेमों में बंटे नजर आए। आरोप-प्रत्यारोपों और आपसी कलह के कारण 31 प्रस्तावों में से मात्र 11 प्रस्तावों पर ही मुहर लग सकी।

सूत्रों के मुताबिक ई.सी. बैठक में उद्यान चैयरमेन राखी राठौड़ और जितेन्द्र श्रीमाली में टकराव नजर आया। श्रीमाली ने एजेंडा के सर्कुलेशन पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक दिन पहले ही हमे एजेंडा मिले है, ऐसे में इसे कैसे पास करे। इस पर राखी राठौड़ ने आपत्ति उठाई और कहा कि जिस मुद्दे पर आपको आपत्ति है, उस पर बोल दो। हर प्रस्ताव को रोकना ठीक नहीं है।

इसी तरह सड़कों के नामकरण को लेकर डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावत, चैयरमेन रमेश सैनी और पार्षद दिनेश कावंट के बीच भी हॉट-टॉक हुई। पार्षद कांवट ने पूर्व उपराष्ट्रपति स्व. भैरोसिंह शेखावत के नाम से सड़क का नामाकरण रखने का प्रस्ताव रखा, लेकिन इस प्रस्ताव पर डिप्टी मेयर और चैयरमेन रमेश सैनी ने आपत्ति उठा दी। उन्होंने कहा कि इतने बड़े व्यक्ति का नाम इतने छोटे मार्ग के लिए रखना ठीक नहीं होगा। इस पर कांवट ने जवाब देते हुए कहा कि मेरे क्षेत्र की चिंता आप करना छोड़ दीजिए। हालांकि बाद में वाद-विवाद के बाद मेयर ने इस प्रस्ताव को हरीझण्डी दी।

इसी तरह डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावत ने प्रोजेक्ट एक्सईएन मनोज शर्मा पर सफाई की टैंडर प्रक्रिया में लापरवाही करने का आरोप लगाया। इस आरोप से नाराज एक्सईएन ने भरी बैठक में खुद को इस प्रोजेक्ट से अलग करने की बात कही। अपनी अधीन अधिकारी पर लगे इस आरोप के बचाव में खुद कमिश्नर महेन्द्र सोनी उतरे और उन्होंने कहा कि आप इस तरह बेबुनिया आरोप नहीं लगा सकते।

बैठक के बाद मेयर सौम्या गुर्जर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज हमने बैठक में सबसे अहम निर्णय शहर को कचरा डिपो फ्री करने का लिया है। शहर को अगले कुछ महीनों में हम ओपन कचरा डिपो फ्री कर देंगे। हालांकि ये काम कब से शुरू होगा और कब तक शहर को कचरा डिपो फ्री किया जाएगा इसको लेकर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इसके अलावा पिटबुल और हस्की समेत पांच खतरनाक ब्रिड के डॉग्स को पालने के लिए जयपुर में पाबंदी लगाने का प्रस्ताव भी राज्य सरकार को भिजवाया है। इसके अलावा नगर निगम में कार्यरत महिला कर्मचारियों के लिए फ्री नेपकिन वैडिंग मशीन लगाने के साथ ही उनके बच्चों के खेलने के लिए प्ले जोन (क्रेज) बनाने का निर्णय हुआ है।

खाली प्लॉट में कचरा, मलबा फेंकने वालों पर सख्ती करने और जुर्माना लगाने का प्रस्ताव पास किया है। स्वतंत्रता सैनानी हीरालाल शास्त्री की पत्नी रतन शास्त्री के नाम पर सड़क का नाम रखा है। मालवीय नगर स्थित बालाजी मोड़ से सीतापुरा तिराहे तक को स्वामी प्रभुपाद मार्ग किया गया। राजेंद्र मार्ग चौराहा स्थित सर्कल को आचार्य कल्प पंडित टोडरमल सर्कल किया। बैठक में मेयर सौम्या गुर्जर ने विरोधियों को भी करारा जवाब दिया। साथ ही अपने सहयोगियों का भी पूरा सपोर्ट किया। उन्होंने इतना तक कह दिया कि निगम में अब जनप्रतिनिधियों को काम करना है तो सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को साथ लेकर चलना पड़ेगा। उन्होंने चेयरपर्सन को अपनी शक्तियां याद दिलाते हुए मैसेज दिया कि जो छोटे-छोटे काम के लिए मेयर-डिप्टी मेयर के चैम्बर में जाते हैं। वे आगे से न जाएं। उन्हें किसी भी काम के लिए हमारे पास आने की जरूरत नहीं है। उन्हें एक्ट में इतने अधिकार प्राप्त है कि वे अपनी समिति से संबंधित हर निर्णय करने के लिए स्वतंत्र है।



ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर ने मंगलवार को कार्यकारी समिति की बैठक ली। इस दौरान आयुक्त महेन्द्र सोनी, अतिरिक्त आयुक्त प्रवीण कुमार, उपमहापौर पुनीत कर्णावट और चेयरमैन मौजूद थे। फोटो-राष्ट्रदूत

- करीब डेढ़ वर्ष बाद हुई ग्रेटर निगम की कार्यकारी समिति की बैठक में दिखा बीजेपी पार्षदों का कलह
- सड़क नामकरण के मुद्दे पर उपमहापौर पुनीत कर्णावट, चेयरमैन रमेश सैनी और दिनेश कांवट में हॉट-टॉक हुई
- ई.सी.मीटिंग के एजेंडा सर्कुलेशन पर आपत्ति जताने पर जितेंद्र श्रीमाली के साथ चेयरमैन राखी राठौड़ की नोंकझोंक

# पत्नी से झगड़े के बाद पति ने फांसी लगाई

**जयपुर (कासं)**। परकोटे के नाहरगढ़ क्षेत्र में सोमवार सुबह एक युवक ने खुद को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रात को शराब के नशे में उसका पत्नी के साथ झगड़ा भी हुआ था, नाराज होकर पत्नी अलग कमरे में सो गई। सोमवार सुबह जब वह कमरे में पहुंची तो पति का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका-मुआयना कर शव कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुर्पुद किया। पुलिस ने मृतक के पास किसी प्रकार का सुसाइड नोट मिलने की बात से इंकार किया है।

पुलिस ने बताया कि मृतक सुरेश (34) पुत्र सीताराम नाहरगढ़ रोड पुरानी बस्ती स्थित हरिजन बस्ती में रहता था। घर पर ही बने कमरे में वह किराना की दुकान चलाता था। डेढ़ साल पहले ही उसकी शादी हुई थी। वह शराब पीने का आदी था। रविवार रात को शराब के नशे में उसका पत्नी से झगड़ा हो गया। इसी दौरान नाराज होकर पत्नी पहली मंजिल पर परिजनों के कमरे में जाकर सो गई। रविवार देर रात चुन्नी का फंदा लगाकर सुरेश ने सुसाइड कर लिया। सुबह करीब 8 बजे पत्नी नीचे उतर कर आई। पति सुरेश के कमरे का गेट अंदर से बंद था। काफी गेट खटखटाने और आवाज लगाने के बाद भी कोई जबाव नहीं मिला तो शोर मचाकर परिजनों को नीचे बुलाया। परिजनों ने जब धक्का देकर गेट खोला तो सुरेश का शव फंदे से लटका मिला। उधर सुसाइड की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस का कहना है कि मृतक के पास सुसाइड नोट नहीं मिला है। सुसाइड के कारण का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## सार-समाचार

### 'गौवंश को राष्ट्रीय पशु घोषित करें'

**जयपुर (कासं)**। "गौ वंश को राष्ट्रीय पशु घोषित करो" अभियान संयोजक हिन्दू युवारत्न गौ रक्षक विनायक अशोक लुनिया 18 नवंबर से राजस्थान प्रदेश का दौरा कर मंगलवार को 5 दिवसीय प्रवास पर जयपुर पहुंचे है। लुनिया ने सांगानेर विधायक अशोक लाहोटी और श्रीगंगानगर विधायक गुरमीत सिंह कूनेर से मुलाक़ात कर समर्थन हासिल किया। लुनिया ने मीडिया को बताया कि वह 18 अगस्त 2022 से मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र का दौरा कर के इसी माह 18 नवंबर को राजस्थान में झालावाड़ से होते हुए आज जयपुर पहुंचे है, जहां आज विधायकों से मुलाक़ात कर समर्थन प्राप्त किया। आगामी दिनों में 50 से अधिक विधायकों से समर्थन मांगने के लिए मुलाक़ात करेंगे। लुनिया ने बताया कि वह देश भर के 4980 विधानसभा व विधान परिषद के सदस्यों सहित लोकसभा व राज्यसभा के 788 सदस्यों से मुलाक़ात करेंगे। आगे जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान से आगे वह हरियाणा, पंजाब, दिल्ली राज्यों का दौरा कर वहां के विधायक सांसदों से समर्थन मांगेंगे। उन्होंने बताया कि राजस्थान प्रवास के दौरान कोटा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाक़ात कर गौ वंश को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए समर्थन मांगा, जिस पर लोकसभा अध्यक्ष ने अभियान को सदन पटल तक पहुंचाने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

### पार्षद महेश कलवानी धरने पर बैठे

**जयपुर (कासं)**। शहर में सीवरेज लाइनें साफ करने वाले हैरिटेज नगर निगम मुख्यालय के द्वार पर ही सीवर चैंबर इन दिनों ओवरफ्लो होकर बह रहा है। वहीं वार्ड 95 में सीवर लाइन जाम होने और सीवर का गंदा पानी सड़क पर फैलने से तंग आकर पार्षद महेश कलवानी को खुद कुर्सी लगाकर बहते सीवर के गंदे पानी के पास बैठना पड़ा, तब जाकर नगर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे और सीवर लाइन चालू करवाई। जानकारी के मुताबिक हैरिटेज नगर निगम के वार्ड 95 में पिछले कई दिनां से सीवर लाइन जाम पड़ी थी, सीवर का गंदा पानी घरों तक पहुंचा तो पार्षद कलवानी दोपहर में कुर्सी लगाकर बहते सीवर लाइन के पानी के पास लोगों के साथ धरने पर बैठ गए। निगम अफसरों को पता चला तो मौके पर पहुंचे और सीवर लाइन को साफ करने में जुटे। पार्षद कलवानी ने बताया कि पिछले 20 दिन से सीवर लाइन बंद पड़ी है। बार-बार शिकायत के बाद भी नगर निगम अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे थे। इसके चलते लोगों के साथ कुर्सी लगाकर बैठना पड़ा।

### क्लब के बाहर युवक का सिर फोड़ा

**जयपुर** । सांगानेर इलाके में बीटू बायपास स्थित बुर्ज क्लब के बाहर परिवार के साथ आए एक व्यक्ति का सिर फोड़ने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार 27-28 नवंबर की मध्यरात्रि करीब 1 बजे बीटू बायपास स्थित बुर्ज क्लब में पार्टी चल रही थी। इस दौरान कुछ युवकों का आपस में झगड़ा हो गया। इनमें एक पक्ष का युवक बाहर गाडी में डंडा लेने के लिए आया था। इसी दौरान कंवर नगर, सुभाष चौक निवासी दिनेश लालजानी अपनी फैमिली के साथ खाना खाकर बाहर निकल रहा था। तभी झगड़े में दिनेश के सिर में डंडा लग गया, जिससे उसका सिर फट गया। उसके सिर में तीन टांके आए हैं। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### युवती पर शादी का दबाव बनाया

**जयपुर (कासं)**। कालवाड़ इलाके में रहने वाली युवती को सिरफिरे आशिक द्वारा जान से मारने की धमकी देकर शादी का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। बदमाश ने युवती को बदनाम कर तेजाब डालने की धमकी तक दे डाली। आरोपी की हरकतों से तंग आकर पीड़िता ने कालवाड़ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि कालवाड़ रोड निवासी 20 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि आरोपी विक्रम सिंह को वह जानती है। आरोप है कि विक्रम उसको बार-बार कॉल कर जबरदस्ती बात करने के लिए परेशान करता है। घर से आते-जाते समय रास्ते में उसका पीछा कर छेड़छाड़ करता है। जान से मारने की धमकी देकर शादी करने के लिए दबाव डाल रहा है। धमकाता है कि सोशल मीडिया पर बदनाम कर दूंगा। उसकी बात नहीं मानने पर तेजाब डालने की धमकी दी। आरोपी विक्रम सिंह तेजाब डालकर उसे जान से मारने की कोशिश कर रहा है। लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस की शरण ली।

### रोटरी क्लब का स्नेह मिलन समारोह



**जयपुर** । रोटरी क्लब जयपुर रॉयल की ओर से होटल वेस्टा इंटरनेशनल में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया समारोह में क्लब के सदस्य एवं परिजनों ने हिस्सा लिया। क्लब अध्यक्ष अरुण बगड़िया ने अपने सम्बोधन में सभी का स्वागत किया तथा पिछले 5 महीने में की गई गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में सदस्यों द्वारा डांस कंपटीशन, सिंगिंग व विभिन्न गेम्स आयोजित किए गए। इस अवसर पर क्लब द्वारा आर्गन डोनेशन के बारे में एक विशेष गीत प्रस्तुत किया गया। इस मुहिम से जुड़े विभिन्न लोगों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. बलवंत सिंह चिराना ने सभी सदस्यों को दीपावली की शुभकामनाएं दी व क्लब की एक्टिविटीज को सराहा। कार्यक्रम में क्लब की फर्स्ट लेडी पूनम बगड़िया, वरिष्ठ सदस्य रवि कामरा, सीए राकेश गुप्ता, संजय कौशिक, हेमेंद्र शर्मा, हरीश खत्री, पीसी जैन तथा डिस्ट्रिक्ट के सेक्रेटरी नीरज अग्रवाल के साथ दीपक शर्मा व कमल सामोदिया भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन संदेश जैन एवं किरण जैन द्वारा किया गया।

### निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश

**जयपुर** । ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने प्रदेश में बिजली आपूर्ति व्यवस्था, कृषि कनेक्शन जारी करने की स्थिति सहित विद्युत निगमों की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। भाटी ने अधिकारियों को निर्देश कि रबी सीजन में किसानों को निर्धारित ब्लॉक के अनुसार एवं अन्य सभी उपभोक्ताओं को अच्छी गुणवत्ता की निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं देने के साथ ही उनकी बिजली की शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाना सुनिश्चित करें।

# परिचित युवक ने किया नाबालिग से दुष्कर्म

**जयपुर (कासं)**। भांकरोटा थाना क्षेत्र में 14 वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दोस्त के साथ आया परिचित नाबालिग को घर से किडनैप कर ले गया था। उसने एक स्कूल परिसर में नाबालिग को ले जाकर डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। उसका दोस्त स्कूल परिसर के बाहर खड़े होकर पहरा देता रहा। भांकरोटा थाने में पीड़िता की मां ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने मंगलवार दोपहर पीड़िता का मेडिकल करवाकर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बातया कि भांकरोटा निवासी महिला ने मामला दर्ज कराया है कि उसकी 14 साल की बेटी के साथ कॉलोनी में रहने वाले परिचित ने दुष्कर्म किया। रिपोर्ट में बताया कि 23 नवम्बर की रात को वह अपनी नाबालिग बेटी के साथ घर पर थी। रात करीब 9 बजे कॉलोनी मं रहने वाला परिचित अपने दोस्त के साथ घर आया। मौका पाकर नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर घर के बाहर ले गया। नाबालिग बेटी का किडनैप कर घर के पास ही स्थित गवर्नमेंट स्कूल में ले गया। स्कूल परिसर में आरोपी परिचित ने डरा-धमकाकर नाबालिग बेटी के साथ रेप किया। उसका दोस्त मदद के लिए स्कूल परिसर के बाहर खड़े होकर पहरा देता रहा। दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देकर दोनों आरोपी वहां से फरार हो गए। नाबालिग ने घर में किसी को अपने साथ हुई दरिंदगी के बारे में नहीं बताया।

डरी-सहमी देखकर मां ने बेटी पर दबाव डालकर पूछा तो उसने आपबीती सुनाई। पीड़िता की मां ने सोमवार रात थाने जाकर दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने मंगलवार दोपहर पीड़िता के बयान दर्ज करने के साथ मेडिकल करवाया। पुलिस मौका-नक्शा बनाने के साथ ही जांच में जुटी है।

# दो स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर** । माणक चौक और गलता गेट थाना पुलिस ने दो स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी (नॉर्थ) परिस देशमुख ने बताया माणक चौक इलाके में आरोपित रिजवान कुरैशी उर्फ लल्ली (30) निवासी संजय बाजार को गिरफ्तार कर 6.50 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। वहीं, गलता गेट इलाके में तस्कर मोहम्मद राशिद निवासी ईदगाह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 6.63 ग्राम स्मैक जब्त की गई है। आरोपियों से नेटवर्क को लेकर पूछताछ की जा रही है।

# सोना चुराने वाला बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर (कासं)**। चित्रकूट थाना पुलिस ने बंद मकान से ज्वैलरी चुराने के मामले में शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चुराए हुए सोने-चांदी के जेवर बरामद कर लिए हैं।

डीसीपी (पश्चिम) वंदिता राणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी उमराव लुहार विजय नगर अजमेर का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि 20 फरवरी को टैगोर नगर अजमेर रोड निवासी दिव्य जैन ने थाने में मामला दर्ज करवाया था। जिसमें बताया कि दोपहर में वह किसी निजी काम से बाहर गए थे। जब लौट कर आए तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और अंदर अलमारी का सामान बिखरा हुआ था। चोर अलमारी में रखा चालीस ग्राम सोना, चांदी के जेवरात सिक्के और कीमती सामान चुरा ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद एक टीम का गठन किया। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी उमराव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी उमराव सूने घरों की रैकी करता है। रैकी करने के बाद वह अपने साथियों के साथ वारदात करने के लिए मकानों के अंदर भेजता था। तथा स्वयं निगरानी करता है। उसके बाद चोरी से मिले माल को वह अपने कब्जे में ले लेता था और बाद में काफी समय निकल जाने के बाद उस माल का बंटवारी करता है। चोरी के दौरान मिली नकदी को उसी समय सबमें बांट देता था, जिससे साथियों का खर्चा चलता रहे।

# परशुराम कुंड आमंत्रण यात्रा का रथ राजस्थान पहुंचा



विप्र फाउंडेशन की कांचीपुरम से चली परशुराम कुंड आमंत्रण यात्रा का अमृत भारत रथ आधा दर्जन राज्यों से गुजरते हुए मंगलवार को 22 वें दिन से राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में पहुंचा।

**जयपुर, (का.सं.)**। विप्र फाउंडेशन की कांचीपुरम से चली ऐतिहासिक परशुराम कुंड आमंत्रण यात्रा का अमृत भारत रथ तमिलनाडू, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश होते हुए आज 22 वें दिन मध्यप्रदेश की सीमा से राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के दानपुर में प्रवेश कर गया।

यात्रा की मध्यप्रदेश-राजस्थान सीमा पर गाजे बाजे के साथ गर्मजोशी से विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक व मूर्ति प्रतिष्ठा प्रकल्प के मुख्य संयोजक मावली विधायक धर्मनारायण जोशी, राष्ट्रीय सचिव व उदयपुर जोन प्रभारी प्रमोद पालीवाल, राजस्थान में यात्रा के संयोजक कपिल चोटिया, प्रदेश जोन-1ए के अध्यक्ष के के शर्मा, युवा जोनल अध्यक्ष नरेन्द्र पालीवाल, बांसवाड़ा जिलाध्यक्ष योगेश जोशी ने अगवानी की। उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, प्रदेश संरक्षक जयप्रकाश पंड्या, प्रदेश सचिव ललित जोशी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कीर्ति आचार्य, निलोत्मा पंड्या, बड़ी संख्या में विप्र फाउंडेशन के स्थानीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। परशुराम रथ यात्रा पहले चरण में राजस्थान के 18 जिलों के 85 स्थानों से होकर गुजरेगी। यात्रा 16 दिसंबर को हनुमानगढ़ जिले से हरियाणा में प्रवेश करेगी। 20 दिसम्बर को भिवाड़ी (अलवर) से राजस्थान का दूसरा चरण शुरू होगा। दूसरे चरण में प्रदेश के बाकी बचे जिलों में यात्रा जाएगी। इसका समापन 8 जनवरी को जयपुर में होगा। संगठन की सभी इकाइयां यात्रा के भव्य स्वागत की तैयारी में जुटी हुई है।

# बिल्डरों की तरह हाऊसिंग बोर्ड भी तैयार करेगा रेडी-टू-शिफ्ट आवास

## अब तक आवासन मंडल, जो भी स्वतंत्र आवास आमजन को आवंटित करता था, उनमें अटैच्ड लैटबाथ, बाउंड्री वॉल व सीढियां नहीं होती थी

**जयपुर (कासं)**। राजस्थान में हाऊसिंग बोर्ड के अब जो भी मकान और फ्लैट्स बनेंगे, वे बिल्डरों की तर्ज पर रेडी-टू-शिफ्ट होंगे। इसके लिए विभाग ने अपने नक्शों (टाइप डिजाइन) में बदलाव किया है। आवासन आयुक्त पवन अरोडा की मंजूरी के बाद नये टाइप डिजाइन मण्डल के सभी कार्यालयों में भिजवा दिये है। आगामी दिनों में प्रदेश के कई शहरों में बनने वाले 4 हजार स्वतंत्र आवास व फ्लैट्स भी इन्हीं नक्शों के मुताबिक बनेंगे।

पवन अरोड़ा ने बताया कि वास्तु विशेषज्ञों (आर्किटेक्ट्स) से प्राप्त सुझावों तथा आधुनिक समय एवं लोगों की मांग के अनुरूप ये नये टाइप डिजाइन तैयार किये हैं। उन्होंने बताया कि आवासन मण्डल के द्वारा अब तक जो स्वतंत्र आवास आवंटियों को दिये जाते थे। उनमें अटैच्ड लैट बाथ की सुविधा नहीं होती थी। बाउंड्री वॉल एवं सीढियां भी नहीं होती थीं। जिससे लोगों को रेडी-टू-शिफ्ट मकान नहीं मिल पाते थे। कब्जा लेने के बाद आवंटियों को अपने खर्च पर चारदीवारी एवं सीढियां बनानी पड़ती थी। अब टाइप डिजाइन में संशोधन के बाद लोगों की यह शिकायत दूर हो जाएगी और उन्हें रेडी-टू-शिफ्ट आवास मिल पाएंगे। आवासन आयुक्त ने बताया कि फिनिशिंग कार्यों को भी प्रमुखता दी गई है। वर्तमान में प्रचलित फिनिशिंग कार्य के अनुरूप सभी वर्ग एवं श्रेणी के आवासों एवं फ्लैट्स में उच्च गुणवत्ता की टाइल्स, पीओपी फिनिश प्लास्टर, टेक्सचर पेन्ट आदि स्पेसिफिकेशन शामिल किये गये हैं। ईडब्ल्यूएस एवं एलआईजी श्रेणी के आवासों एवं फ्लैट्स में अब महिलाओं की आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए किचन स्लैब एवं सिंक ग्रेनाइट की बनाई जाएगी।

अरोडा ने बताया कि इसके बाद मण्डल के आवास न केवल उच्च गुणवत्ता के होंगे अपितु उनका फिनिशिंग वर्क भी आधुनिक होगा। उल्लेखनीय है कि मण्डल द्वारा आमजन के लिये जयपुर के प्रताप नगर में लम्बे समय बाद स्वतंत्र आवास एवं फ्लैट्स की योजना लाई जा रही है। प्रदेश के विभिन्न शहरों में 4 हजार स्वतंत्र आवास एवं फ्लैट्स की योजना पर भी तेजी से काम चल रहा है। इन योजनाओं में जो भी आवास एवं फ्लैट्स बनाए जाएंगे वे नये स्पेसिफिकेशन के आधार पर निर्मित होंगे।



हाऊसिंग बोर्ड के मकान व फ्लैट्स की टाइप डिजाइन बदलने के लिए आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने अधिकारियों की बैठक ली।

- वास्तु विशेषज्ञों के सुझावों व आधुनिक समय में आमजन की मांग के अनुरूप हाऊसिंग बोर्ड प्रशासन ने अपने तमाम प्रोजेक्ट्स में टाइप डिजाइन बदल दिया है।

# दुष्कर्म का फरार आरोपी उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार

- आरोपी ने करीब छह माह पहले पडौसी युवती से दुष्कर्म किया था, जब पीड़िता के गर्भवती होने का मालूम आरोपी को चला तो वह किराये का मकान खाली करके जयपुर से फरार हो गया था

**जयपुर (कासं)**। मालपुरा गेट थाना पुलिस ने युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने युवती को बाथरुम में नहाते समय अकेला पाकर जबरन उके साथ दुष्कर्म किया था। पेट दर्द होने पर बेटी को परिजनों ने डॉक्टर्स को दिखाया तो वह 6 महीने की प्रेग्नेंट होने का मालूम चला। इसके बाद पीड़िता के पिता ने थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था, मामले की जांच करते हुए पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया और जेल भिजवाया।

पुलिस ने बताया कि दुष्कर्म के मामले में आरोपी धनंजय चौहान (19) पुत्र शम्भू चौहान निवासी हनुमानगंज कुशी नगर उत्तर प्रदेश को अरेस्ट किया गया है। वह सांगानेर सदर में किराए से रहकर कपड़ा फैक्ट्री में काम करता था। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीम को उत्तर प्रदेश भेजा गया था। वहां से सांगानेर सदर इलाके में ही कपड़ा फैक्ट्री में काम करने का पता चला। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर दबिश देकर आरोपी धनंजय को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेसी भेज दिया।

पुलिस ने बताया कि गत 18 नवम्बर को बिहार निवासी 45 साल के व्यक्ति रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि वह 19 साल की बेटी के साथ मालपुरा गेट में रहकर एक फैक्ट्री में जॉब करता है। मकान में 10-15 परिवार किराए से रहते है। करीब 6 महीने पहले उसकी बेटी मकान में बने बाथरुम में नहाने गई थी, तभी मौका पाकर आरोपी पडौसी धनंजय ने बाथरुम में घुसकर बेटी के साथ जबरन रेप किया।


डर के मारे पीड़िता ने किसी को भी नहीं बताया। आरोपी भी किराए का कमरा खाली कर यहां से चला गया। गत 15 नवम्बर को पीड़िता के पेट में दर्द हुआ तो परिजनों ने उसे डॉक्टर्स को दिखाया। डॉक्टर्स ने उसे 6 महीने की प्रेग्नेंट होना बताया। इस पर परिजनों ने युवती से पूछताछ की तो उसने आपबीती सुनाई। जिसके बाद थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई गई।



## Rockefeller Centre Christmas Tree Lighting

Lighting up your Christmas tree during the winter holidays is an American pastime. One special part of the Christmas season is the lighting of the Rockefeller Centre Christmas tree. It brings people together and creates beautiful moments for the people and tourists of New York City. As part of the Christmas tradition, the Rockefeller Centre has a long history of joy, prosperity, and success throughout.






Part two deals with the time Hamir spent in a Pakistani Military Hospital recovering from his injuries. He was initially kept isolated and blindfolded as they feared he was a commando. There were however a large number of inquisitive people peering through the only window to catch a glimpse of the 'Hindu' soldier. A poignant moment reflecting comradeship within the profession of arms took place when a sentry guarding him told him that he would not volunteer for this duty again as "his heart aches in sadness". It was while in Military Hospital Rawalpindi that a Pakistani Junior Commissioned Officer told him that one of their senior knew him.

# A Heroic Tale of Trials & Tribulations: POW 1971



Maj Gen Jagatbir Singh VSM (RETD)

#BOOKWORM



Maj. Gen. Vijay Singh, author of POW 1971.

> The words of his father; "son I can bear your loss but not your disgrace", were the cross he bore as he stood up under intense enemy fire, adjusting his heavily bandaged hand, which could no longer be used to fire his weapon, his clothes soaked in blood and he continued extolling his men forward with the battle cry 'Sarvada Shaktishali.'

It is easy to write about a success in battle but very difficult to talk about, and draw lessons from a failure but it is even harder to talk about the time spent as a POW. Just the recall of those events can trigger off memories which are a worse than any nightmare.

Major General Vijay Singh a fourth generation officer who is presently serving has written one of the most remarkable books on the trials and tribulations that his father, Major (later Brigadier) Hamir Singh underwent during the famous battle of Daruchhain. He was tasked with leading Company of 14 GRENADIERS in an almost suicidal attack to capture a Pakistani Post on the night of 13 December 1971 in the Poonch Sector of Jammu & Kashmir. The book gives a rare insight into the emotions of a soldier, the intrinsic strength of the Indian Army, the commitment of the officers and men, the honour of the Regiment and the family and the manner in which they coped against insurmountable odds.

No doubt, these are the reasons why this account took so long to write. But as is brought out in the book; failure doesn't take away the valour of the eight officers, seven JCO's and 149 men of 14 GRENADIERS who laid down their lives for the nation, were injured or missing in this battle.

The book is written in four parts namely the battle of Daruchhian Top, the period spent in hospital at Rawalpindi , the time in POW Camp in Lyallpur and finally the emotions on returning back home. Each chapter is wonderfully narrated and is inter connected with various memories from the past. Incidentally, Vijay was permitted to write this book by his father with the condition that the proceeds of this book if any, are to be utilized towards looking after the kin of the martyrs of this battle.

The battle itself is covered in the most graphic detail. Looking back most people will wonder how the battalion would have carried out this most difficult attack on the Ceasefire Line. It is undoubtedly a gripping account of a bloody engagement to capture an impregnable dominating feature. That they nearly succeeded is testimony to the sprit, motivation, courage and commitment of the troops and not the attack plan which as per the then GOC 25 Infantry Division; Major General Kundan Singh was "too complicated and providing artillery support for which would be a challenge". He went on to state that 'plans must be simple and practical'. Even though, the Brigade Commander Brigadier Hari Singh advised him to keep in mind the points raised by the GOC, Lieutenant Colonel Inderjeet Singh, CO 14 GRENADIERS did not change his unconventional plan which turned into a catastrophic failure.

### To Serve With Honour

The words of his father; "son I can bear your loss but not your disgrace", were the cross he bore as he stood up under intense enemy fire, adjusting his heavily bandaged hand, which could no longer be used to fire his weapon, his clothes soaked in blood and he continued extolling his men forward with the battle cry 'Sarvada Shaktishali.'

Earlier, a representative from 7 MAHAR had lead his Company through their minefield a delicate task, where even one misplaced step could result in casualties and alert the enemy. The Company then infiltrated through thick forests and heavy undergrowth in complete silence shrouded in darkness. The move had to be coordinated with the other two Companies advancing from different directions.

The first Company to go in for an attack led by Major Harbans Chahal attacked the feature frontally and faced devastating fire. Unfortunately, Major Chahal a close friend and college class mate of Hamir's mangled his foot badly by stepping on a mine leaving him seriously wounded. While on another axis Major Dogra lay critically injured due to enemy machine gun fire and the Company was now under intense fire including artillery which killed him. In a matter of minutes all his key personnel had been killed or grievously injured. Major Khan's Company having traversed a steep slope were within meters of their objective when they too came under direct enemy fire resulting in his death. Hamir had therefore remained the last hope to capture the objective.

### A Prisoner of War

Part two deals with the time Hamir spent in a Pakistani Military Hospital recovering from his injuries. He was initially kept isolated and blindfolded as they feared he was a commando. There were however a large number of inquisitive people peering through the only window to catch a glimpse of the 'Hindu' soldier and felt "like a caged animal in a zoo'. A poignant moment reflecting comradeship within the profession of arms took place when a sentry guarding him told him that he would not volunteer for this duty again as "his heart aches in sadness". It was while in Military Hospital Rawalpindi that a Pakistani Junior Commissioned Officer told him that one of their senior officers knew him.

That there are similar emotions on both sides clearly came out during his interaction with the widow of a Pakistani officer who came to meet him in hospital regarding the fate of her husband. Coincidentally, he was aware of his death and even of the last cheque he wrote, which she showed him with tears streaming down her cheeks. All she wanted to know was weather his last rights had been conducted as per Islamic traditions, which he confirmed.

His time in Lyallpur Jail has been covered in great detail. The segregation of Prisoners as per religionwith an aim of indoctrination, failed to break the strong secular traditions that bind the Indian Army. Incidentally, Hamir had been commanding the Khaim Khani Muslim Company and was soon joining his men during Friday prayer as per the customs of the Indian Army much to the surprise of the Pakistanis. His leadership qualities stood out as the senior most Indian officer in the Camp and he helped the men get out of their psychological state by demanding that they be allowed to play games and organizing recreational activities.




Pakistani POWs.


### Homeward Bound

The poignancy of their return home was not lost on Hamir. He had witnessed the heroism of his men and fellow officers even when things did not go their way on the slopes of the objective. Hamir had to clear the air along with the others on what actually transpired on the slopes of Daruchchain and be prepared to face the widows and parents of those who had not returned and wanted to know their fate, some of the were still unwilling to believe the death of their loved ones. There were others like Mrs Gosain, the young widow of the artillery officer of 196 Mountain Regiment who had also been awarded a Vir Chakra, wanting to know how her husband died.

Major Hamir Singh was the son of Major General Kalyan Singh who had himself been a prisoner of war during the Second World War in May 1942 while serving as a Captain with 2 Field Regiment during the fighting at Bir Hachiem. Incidentally, the others who had been taken prisoners during that battle included Major (later) General PP Kumaramanglam and Captain ( later General )Tikka Khan both from 2 Field Regiment and also included Captain ( later Lieutenant General) Shahibzada Yakub Khan who was with 18 Cavalry.

Hamir was on deputation to the Nigerian Defence Academy and had come to India on leave to attend a wedding just before the outbreak of hostilities. As war was imminent he decided to join his battalion as his battalion required him. His father assured him that it was 'the right thing to do' in spite of the complications being on the strength of the Nigerian Academy. He need not have been there but he answered his calling and lived up to the values of a brave warrior inculcated in him and passed down over generations.





Battle of Daruchhian.

The mystery of the senior Pakistani officer remains in the realm of speculation; it could be General Tikka Khan who had served alongside his father and even visited the POW Camp or was it Brigadier Adeeb whom he had interacted with in Nigeria? There is no doubt that the camaraderie within the forces and particularly within a unit creates everlasting ties.

### The Imprint Endures


The war had a lasting impact on his wife; she was in her twenties staying with her parents a Police officer posted in Alwar along with her two young boys when on 16 December 1971 she received a telephone call informing her that her husband was missing and presumed dead. It was only in early February that she learnt that he was alive. This uncertainty naturally left its mark but what is remarkable is the manner in which she shielded her boys from the trauma the family was undergoing. The fact that both of them are serving Major Generals today is testimony to her qualities.

There is undoubtedly a great legacy that the family of Brig Hamir Singh carries, looking back he seems fortunate to have survived but his courage, leadership qualities and the gallantry of the men he commanded stood out. As the citation for his Vir Chakra states he "displayed gallantry and determination of a high order." Leadership and character qualities such as commitment, competence, courage, resilience, concern for his troops and a never say die attitude stand out. What stands out is the unparalleled contribution to the nation and the Indian Army by this remarkable family whose traditions are being carried forward by successive generations.

### A Remarkable Twist in the Tale

This Review was published in The Sunday Guardian, where it was read by Colonel Somvir Mundalia ( Retd) who deals with pension issues for veterans in AG's Branch of Army Headquarters. He said on reading the review he couldn't help but check the pensionary details of Brigadier Hamir Singh, VrC ( Retd) and noticed he was getting the normal disability element instead of the war injury disability element. He then sent a message to his son Major General Vijay Singh who confirmed the same. The family was unaware that a war injury disability was double of a normal disability and he was being paid the basic of Rs 28967 instead of Rs 57934, adding the additional amount on attaining 80 years of age and 34% DA at that time the difference came to Rs 46579 per month. A case was immediately initiated with MP 5 AG's Branch and pursued with PCDA (Pensions) and a fresh PPO was generated. The bankers took time to understand the calculations but arrears for the last seven years since the 7 CPC have been credited and they are working on the arrears for the period prior to the 7 CPC. The gallant soldier has now got his financial dues.

writetoarbit@rashtradoot.com



Brig. Hari Singh Ji was awarded A.V.S.M by Former President of India V.V.Giri.


# Etched in Memory at Doha

## Pebble in Your Shoe

The speed of thought that Lionel Messi showed while taking his goal was incredible, but the hard-fought victory over Mexico also gave us a glimpse of Argentine football's future, in the shape of the brilliant Enzo Fernandez.



Argentina world cup squad 2022.



Atreyo Mukhopadhyay from Qatar

Much of the talk before this tournament was of Argentina's 36-match unbeaten run, which spanned over three years. But by the end of their shock defeat to Saudi Arabia, it was another number that had their fans breaking out in cold sweats. Since losing the 2014 World Cup final to Germany, Argentina had won just one of their five World Cup matches, a sequence that included a 3-0 thrashing at the hands of Croatia and a 4-3 loss to France, the eventual champions, in the round of 16. It wasn't being mischievous to ask whether another team built around the matchless talent of Lionel Messi could cope with the pressure of being on the biggest stage.




When fighting to stay alive in a tournament, Mexico are one of the last teams you'd want to play. After being banned for the 1990 edition, El Tri have reached the last 16 in each of the next seven World Cups, accumulating some notable scalps along the way. None of those victories was more eye-catching than the one over Germany, World Cup holders, in 2018.

Mexico has one of the strongest leagues in the Americas, and their players are known for their tenacity. They will scrap for every inch, and notably raise their game when up against illustrious South American opponents. On Saturday night, with Argentina clearly nervous, it was they that had the better opportunities in the first half.

But what this Mexican team lacks is a cutting edge. There is no penalty-box poacher like Javier 'Chicarito' Hernandez, or an attacking presence to compare with The Last Emperor, Cuauhtémoc Blanco. Raul Gimenez had that quality in his prime, but he hasn't been remotely the same player since suffering that horrendous skull fracture a couple of years ago.

As for Argentina, how can you ever count out a team that has Messi in its ranks? It was the great Muhammad Ali that once said: "It isn't the mountains ahead to climb that wear you out; it's the pebble in your shoe." The Saudi Arabia loss was that pebble, but throughout the qualifying campaign, it was apparent that Messi, now 35, isn't about to lose sight of the mountaintop and the World Cup title he craves above all else.

Against Mexico, chances were at a premium. A trademark run early in the second half ended with him being scythed down. But the resulting free kick was floated harmlessly over the bar. As the minutes ticked down, you could sense the tension in the stands and even among the players.



Argentina's Coach Lionel Scaloni.




But it's at moments like those that sporting genius makes itself felt. When Angel Di Maria passed the ball to him from the right wing, Messi was in a central position and about 22 yards from goal. Those Mexicans moving to close him down could have been forgiven for expecting that he would shift the ball to a teammate on the left flank and move further forward.


Instead, he took one touch and with the ball still bobbling, sent a daisy-cutter past Guillermo Ochoa and into the corner of the net. If the Mexicans and the millions watching were stunned, who could blame them? The speed of thought and execution were incredible. Two Mexicans had sensed the danger and were rushing to close him down, but the ball had left his boot long before they could get close.

This win wasn't only about Messi though. Lionel Scaloni, the coach, deserves enormous credit for recognising that the starting XI against Saudi Arabia hadn't clicked. The five changes made for this match said as much. Lisandro Martinez, the centre-back that Manchester United signed from Ajax in the summer, may be small in stature, but he's a warrior with great positional sense and speed. And the introduction of Enzo Fernandez with more than half an hour remaining gave the team much-needed attacking momentum.

Fernandez, just 21, is a versatile, deep-lying playmaker who can also move up the pitch and influence play. The manner in which he took his goal - Messi, who else, provided the assist - showed just why he's so highly rated, and why Benfica of Lisbon will struggle to hold on to him for very long.

Given the intensity of the rivalry between the two countries, it's unusual for an Argentine to be named after a Uruguayan. But during his spells with River Plate of Buenos Aires in the 1980s and 1990s, Enzo Francescoli was such an iconic figure that Raúl Fernandez decided to name his son after the Uruguayan. The modern-day Enzo is a very different player from his father's hero, but there is every sign that he, along with Julian Alvarez of Manchester City, is the next great Argentine talent.

Despite that amazing unbeaten run, this is far from being a perfect team. Saudi Arabia showed that. But as the likes of Fernandez grow in stature and the team enjoys such frenetic support from the stands, Messi will feel that his dream is very much alive. Poland and the imposing Robert Lewandowski await, with victory a necessity to avoid KylianMbappe and France in the next round. But with the pebble now removed from the shoe, beware of Argentina. Messi's genius will always garner the most headlines, but this is no one-man show.



Lionel Messi's strike against Mexico.

## Unique Goal: Messi's Grounder



Atreyo Mukhopadhyay from Qatar

There are two things about something called a 'grounder' when it comes to the game of football. It means when you hit ball along the ground.

First, it is difficult to hit with perfection when taken from a distance. Positioning of the body has to be perfect, head has to be lowered and placed above the ball, and the shooter's body has to be bent from the waist. Otherwise, the ball will travel in air. Somewhat like cricket, where batters are advised to keep the head above the ball rather than away while executing the drive shot. Second, it is the most difficult kind of challenge for a goalkeeper to deal with. Usually, they are tall. For them to get that low and slide along the ground to save that ball is not a mean ask.

That is why Lionel Messi's strike against Mexico in Argentina's do or die match was so special. He took the shot from a fair bit of distance, about 22-25 yards. The crucial part was how he adjusted his body position, by checking just about half a step before making connection with the ball. He knew what he was doing. Others realised that after he had completed his act. Then comes the question of imparting the curl. It kept going away from the goalkeeper, teasing him all the way. To have that kind of control and presence of mind in a pressure situation!



Mexico's Guillermo Ochoa.

That was the most remarkable part about the goal which kept Argentina in the World Cup after the opening defeat against Saudi Arabia. Mexico's Guillermo Ochoa is a vastly experienced and extremely skilled goalkeeper. He might have thought that he had the angle covered. But the level and amount of spin Messi packed in that drive undid Ochoa. He went as far as he could to his left and yet, the ball just kept moving away from him before entering the net from so close to that post.

Precision in execution, gifted sense of exactly how much of power to pack in the shot, knowledge of how much of curl or swing to impart, decades of practise and seeing that opening through a maze of defending legs – that made the goal so unique.


And, remember the context. Team staring at an unexpectedly early exit, the goal they needed not coming despite dominating the opposition and to be able to deliver something like that, it was unforgettable. Then, the beauty of watching it!

The other thing about that Messi goal was the minimal use of power. In case of the second one struck by Enzo Fernandez, it was mostly about force. Messi did not need that. He met the ball almost with love and caressed it in. That's something he has been doing for so long. Remember the last-minute winner he netted against Iran in 2014? That was an aerial effort, technique wise different from the one we are talking about. But the similarity was the predominance of touch and not muscles.

It's for moments like this that people watch football. It does not quite assure Argentina's passage into the pre-quarters. They have many gaps to plug in the defensive midfield region and in defence. Poland will be a formidable opponent in the last match. But for neutral viewers, if we are, that was something worth remembering. Nonviolent, yet so telling. Messi has kept his team in it. What happens here on? Let's see.

*Atreyo Mukhopadhyay is a sports journalist. Worked for the Telegraph, Hindustan Times and The New Indian Express. He covered four 50-over cricket World Cups. Wrote on football World Cup and other sports. Does bird photography when he is not working.*

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman




# जे.डी.ए. के दस्ते ने विरोध के बावजूद अतिक्रमण हटाए

**जोधपुर,** (का.सं.)। जोधपुर विकास प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते, वन विभाग की टीम, राजस्व तहसीलदार मय टीम, एसीपी मण्डोर, एस.एच.ओ. मण्डोर एवं मण्डोर पुलिस थाना जाब्ता ने मंगलवार को संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए वनभूमि मगजी की घाटी, मण्डोर में किए गए अवैध अतिक्रमणों को ध्वस्त किया।

प्राधिकरण आयुक्त नवनीत कुमार के निर्देशानुसार दस्ते द्वारा नियमित रूप से अवैध व अनाधिकृत निर्माणों, अतिक्रमणों, सड़क मार्ग के अतिक्रमणों, पार्किंग के इतर निर्माणों पर कार्यवाही की जा रही है। राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के आदेशों की पालना में एवं उपायुक्त जोन 6 श्रवण कुमार के निर्देशानुसार प्रवर्तन अधिकारी उत्तर प्रवीण गहलोत, प्रवर्तन अधिकारी दक्षिण अमरसिंह रतनू, भू-अभिलेख निरीक्षक जोन-6 सुनील प्रसाद, प्रवर्तन निरीक्षक पश्चिम अनिल शर्मा मय जेडीए दस्ते द्वारा मगजी की घाटी मौजा मण्डोर के खसरा संख्या 1405 का मौका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खसरा संख्या 1405 के भाग की वनखण्ड की भूमि पर भिन्न-भिन्न स्थानों पर चारदिवारी, पानी के हौद एवं प्लिन्थ लेवल तक विभिन्न अवैध निर्माण व अतिक्रमण किए हुए पाए गए।

जेडीए दस्ते द्वारा एसीपी मण्डोर व वन विभाग के अधिकारीयों के निर्देशन में उक्त अवैध निर्माणों व अतिक्रमणों को जेसीबी की सहायता से ध्वस्त कर लगभग 7 से 8 बीघा वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया। कार्यवाही के दौरान स्थानीय निवासीयों द्वारा विरोध किये जाने पर प्राधिकरण अधिकारीयों व राजस्व टीम, एसीपी मण्डोर, पुलिस अधिकारीगण मय वन विभाग टीम द्वारा समझाईश कर शांत करवाया जाकर उक्त अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही को सम्पादित किया गया। इसी प्रकार दस्ते द्वारा पाल पशु मेला रोड पर 30 गुणा 30 फीट में बिना प्राधिकरण की सक्षम स्वीकृति के नीवों की भराई कर किए जा रहे अवैध निर्माण कार्य को बंद करवाया गया।



जोधपुर विकास प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ता, वन विभाग की टीम, तहसीलदार, ए.सी.पी. मंडोर, एस.एच.ओ. मंडोर को लोगों का विरोध झेलना पड़ा।

# आर.टी.डी.सी चेयरमैन धर्मेन्द्र ने कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने की अपील की

## 'कांग्रेस सरकार ने जो राजपूत समाज के लिए किया वो किसी भी सरकार ने नहीं किया'



राजपूत समाज ने आर.टी.डी.सी. चेयरमैन राठौड़ व कांग्रेस प्रत्याशी का माला पहनाकर स्वागत किया।


**सरदारशहर,** (निसं)। बाबू शोभाचंद जम्मड भवन में कांग्रेस प्रत्याशी अनिल शर्मा के समर्थन में राजपूत समाज की बैठक रखी गई। बैठक को संबोधित करते हुए आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड ने प्रदेश की गहलोत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व दिवंगत विधायक पंडित भंवरलाल शर्मा द्वारा की गई सेवा के मद्देनजर कांग्रेस प्रत्याशी अनिल शर्मा को भारी मतों से जिताने की अपील की।

■ **आरटीडीसी चेयरमैन राठौड ने किया कांग्रेस को जिताने का आव्हान**

उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार ने जो राजपूत समाज के लिए किया है, वो किसी भी सरकार ने नहीं किया। उन्होंने कहा कांग्रेस सरकार में ये 9वां उपचुनाव है, पिछले 8 उपचुनाव में कांग्रेस ने 6 उपचुनाव जीतकर ये साबित कर दिया कि जनता गहलोत सरकार के साथ है। राठौड ने बताया कि केंद्र सरकार के कहने पर मेरे घर पर इनकम टैक्स की रैड डाली गई, अफसरों ने दिन भर खोज बीन की पर कुछ नहीं मिला और मैं पूरी तरह से बेदाग निकला।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान भीकमसिंह राठौड, महंत सुरेंद्रसिंह राठोड, विक्रम सिंह राठोड बिल्युं, उमेदसिंह गोलसर, जितेंद्रसिंह हाडा, जितेंद्र राजवी, कल्याणसिंह मेलूसर, शैतानसिंह, दशरथसिंह, रामसिंह राठौड रतनगढ व मदनसिंह निर्वाण आदि ने अपने विचार व्यक्त कर अनिल शर्मा को भारी मतों से जिताने का आव्हान किया। इस दौरान राजपूत समाज द्वारा चेयरमैन राठौड व कांग्रेस प्रत्याशी शर्मा का 51 किलो की माला पहनाकर एवं तलवार भेंट कर जोरदार स्वागत किया गया।

# नकली शराब बनाने की फैक्ट्री पकड़ी, 350 लीटर स्प्रिट बरामद



गुजरात सप्लाई होने वाली अवैध शराब को आबकारी विभाग की टीम ने जब्त किया।

**बोरावड,** (निसं)। गुजरात में अवैध रूप से सप्लाई होने वाली शराब नागौर जिले के मकराना में बन रही थी। वही उन पर क्यूआर कोड तक लगा हुआ था ताकि नकली अवैध शराब असली लगे। आबकारी विभाग ने नकली शराब की रोकथाम के लिए क्यूआर कोड जारी कर रखे हैं। मकराना इलाके में की गई दो अलग-अलग कार्रवाई में आबकारी दल ने अवैध शराब बनाने की फैक्ट्री के साथ करीब साढे तीन सौ लीटर स्प्रिट भी बरामद की। स्प्रिट पंजाब से आ रही है।

■ **हजारों पव्वे/ढक्कन के साथ अन्य जुगाड़ मिला**

■ **असली बनाने को लेकर क्यूआर कोड भी लगा रखे थे**

जिला आबकारी अधिकारी मनोज बिस्सा ने बताया कि नागौर जिले के मकराना के उचेरिया व कालवा गांव में कुछ दिन पहले नकली शराब बनने की सूचना मिली। इस पर सहायक आबकारी अधिकारी कुलभूषण मिश्रा के साथ टीमें बनाकर वहां दबिश दी गई। शराब बनाने संबंधी तमाम उपकरण देखकर ऐसा लगा कि शराब का यह काला कारोबार दो-तीन साल से चल रहा था। मंगलवार अल सुबह पहले परबतसर प्रहराधिकारी भींवराम गोदारा के साथ उचेरिया गांव में दबिश दी। यहां एक जगह से डेढ सौ लीटर स्प्रिट के साथ पव्वे व अन्य सामान बरामद किया। एक अन्य कार्रवाई गांव कालवा में की गई। यह मकान विक्रम सिंह का है, जहां तीन कमरों में ताला लगा हुआ था। ताला तोडने के बाद कमरों को देखा तो उसमें नकली शराब की पैकिंग मशीन, हजारों अलग-अलग ब्राण्ड की देसी/अंग्रेजी शराब के ढक्कन व पव्वे, दो सौ लीटर स्प्रिट के अलावा अन्य सामान मिला।

जिला आबकारी अधिकारी मनोज बिस्सा ने बताया कि विक्रम सिंह के मकान में चल रहे शराब के कारखाने से कई डायरियां बरामद हुई हैं, जिनमें शराब की पेटियां कहां-कहां सप्लाई की गई, इनका ब्योरा दिया गया है। सैकडों पेटियां गुजरात के विभिन्न स्थानों पर भेजने का उल्लेख है। इसके अलावा आसपास के इलाकों में भी नकली शराब सप्लाई होती है। नकली शराब को असली दिखाने में भी इन शराब तस्करों ने कोई कमी नहीं छोडी। पव्वे असली दिखाने के लिए क्यूआर कोड तक लगा दिया। अब इसकी जांच की जा रही है कि ये क्यूआर कोड समेत ढक्कन/पव्वे कहां से बनवाए गए हैं? खास बात यह मिली कि स्प्रिट भी ड्रम में मिली। अभी तक की जानकारी में सामने आया कि स्प्रिट भारी मात्रा में यहां आ रही थी, इसी से अवैध देसी/अंग्रेजी शराब बनाने का कारोबार चल रहा था। आरोपी विक्रम सिंह फरार है। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री मीणा को गाड़ी में नहीं बैठाने के मामले ने तूल पकड़ा

**बामनवास,** (निसं) उपखंड क्षेत्र के पट्टी खुर्द के स्थानीय निवासी एवं पूर्व में मनमोहन सरकार में दो बार केंद्रीय मंत्री रहे नमो नारायण मीणा को गत सप्ताह गंगापुर सिटी में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रवास के दौरान जिले के कुछ चुने हुए विधायक जनप्रतिनिधियों द्वारा गाड़ी में नहीं बैठाने के मामले को लोगों द्वारा केंद्रीय मंत्री के अपमान से जोड़कर देखा जा रहा है।

इस मामले को लेकर क्षेत्र में चुने हुए सूबे के विधायक जनप्रतिनिधियों के प्रति खासा आक्रोश बना हुआ है एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री के साथ इस तरह किए गए बर्ताव का बदला आगामी चुनाव में सबक सिखाने को लेकर भी ऐलान किया जा रहा है। यहां तक कि पूर्व केंद्रीय मंत्री से जुड़े मामले को लेकर लोगों द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र में घुसने पर विरोध दर्ज कराने एवं इस तरह केंद्रीय मंत्री के साथ किए गए बर्ताव की कड़ी निंदा की गई है। पिछले सप्ताह विकास कार्यों के लोकार्पण उद्घाटन के लिए गंगापुर सिटी आए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कारकेट की एक सफारी कार में जिले के बामनवास विधायक इंदिरा मीणा एवं

■ **विधायक जनप्रतिनिधियों द्वारा गाड़ी में नहीं बैठाने के मामले को लोग पूर्व मंत्री के अपमान से जोड़ रहे हैं**

सवाई माधोपुर विधायक दानिश अबरार आदि सवार थे। इस दौरान मुख्यमंत्री का काफिला गुजर चुका था एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री नमोनारायण मीणा उस कार में बैठने के लिए वहां पहुंचे व प्रयास किया तो कार में बैठे एक विधायक ने पूर्व केंद्रीय मंत्री को बैठाने के बजाय दरवाजा बंद कर गाड़ी को रवाना करवा लिया। इस वाकिए का पूरा वीडियो किसी ने बना लिया एवं सोशल मीडिया पर वायरल करने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री के साथ हुए बर्ताव को लेकर लोगों में आक्रोश पनपा व सोशल मीडिया पर इस मामले को लेकर नाराजगी जताई जा रही है। चर्चा है कि सूबे के इन विधायकों के साथ इन दिनों पूर्व केंद्रीय मंत्री की पटरी नहीं बैठ रही है एवं सूबे की एक विधायक से तो इनकी पहले भी तू -तू मैं -मैं हो चुकी है।

# प्रवासी कार्यकर्ताओं व बूथ अध्यक्ष ने पींचा के लिए किया जनसम्पर्क



भाजपा के कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर प्रत्याशी अशोक पींचा को वोट देने की अपील की।

**सरदारशहर,** (निसं)। भाजपा द्वारा सरदारशहर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी अशोक पींचा के समर्थन में जनसम्पर्क अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र के समस्त बूथों पर प्रवासी कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि व प्रमुख कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में घर-घर

■ **महा संपर्क अभियान के तहत प्रवासी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जनसंपर्क किया गया**

जनसंपर्क कर अशोक पींचा को वोट देने की अपील की गई।

इस अवसर पर बूथ संख्या 119 पर भाजपा नेता मोहनलाल सुराणा, एडवोकेट अशोक प्रजापत, महिला मोर्चा की सपना लूणिया, सुशील डोसी, छत्रसिंह पींचा, प्रदीप दीक्षित, प्रसन्न लूणिय आदि ने अशोक पींचा के पक्ष में मतदान की अपील की व घर-घर झंडे लगाए।

# बदमाशों ने दो एटीएम मशीनों से की छेड़छाड़, कैश सुरक्षित

**कुम्हेर,** (निस)। कस्बे में देर रात बदमाशों ने दो एटीएम मशीनों से छेड़छाड़ की सुबह जब गार्ड आया तो उसे एटीएम मशीन की शटर का ताला टूटा मिला जिसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई। दोनों एटीएम कस्बे के पुराने बस स्टैंड के पास हैं। पुराने बस स्टैंड पर एक्सिस बैंक का एटीएम और पंजाब नेशनल बैंक का एटीएम आसपास हैं। एक्सिस बैंक के एटीएम पर कांच के गेट लगा है और पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम पर शटर लगी हुई है। दोनों बैंक के एटीएम पर रात के समय में कोई गार्ड नहीं रहता, रात के समय कुछ बदमाशों ने पीएनबी बैंक के एटीएम की दुकान पर लगे ताले तोड़ दिये और मशीन से पैसे निकालने की कोशिश की। लेकिन मशीन से पैसे नहीं निकाल पाए तो वह एक्सिस बैंक के एटीएम पर जिसका ताला नहीं लगा हुआ था। एक्सिस बैंक के एटीएम में बदमाश आसानी से अंदर चले गए, उन्होंने एक्सिस बैंक के एटीएम से भी पैसे निकालने की कोशिश की लेकिन उसमें से भी वह पैसे निकालने में नाकामयाब रहे। सुबह के समय दोनों एटीएम मशीनों पर गार्ड आये तो उन्होंने मशीनों के ताले टूटे देखे जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी, फिलहाल दोनों घटनाओं को लेकर पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

# डकैती के पांच आरोपी गिरफ्तार

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिले के सरवाना के ग्राम सुराचन्द में वृद्ध सेठ व नौकर को बंधक बनाकर पिस्टल की नोक पर की गई डकैती की वारदात का पर्दाफाश कर मुख्य सरगना मुंगाराम उर्फ मांगीलाल सहित प्रकरण में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस थाना सरवाना के सुराचन्द गांव में 25 नवम्बर 2022 की मध्य रात्रि में घर में बधंक बनाकर पिस्टल की नोक पर मकान के ताले तोड़कर अन्दर प्रवेश कर रोकड़ रूपये एवं सोने चांदी के जेवरात लूट कर ले जाने के सनसनीखेज घटना की गंभीरता को देखते हुए मुलजिमानों व माल की तलाश के लिए सरवाना मय गठित टीमों द्वारा मुखबिर तन्त्र व तकनीकी/सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश कर 28 नवम्बर को सरहद सुदाबेरी थाना धोरीमना से मुंगाराम उर्फ मांगीलाल निवासी कांटोल पुलिस थाना सांचोर, सोहनसिंह, निवासी जीवाणियों की ढाणी थाना गुडामालानी बाड़मेर, राजेन्द्रसिंह भाटी निवासी जैसलमेर, उत्तम, वादनवाडी पुलिस थाना आहोर को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया।

# हंगामेदार रही उदयपुर नगर निगम की मैराथन बैठक

## कांग्रेस छोड़ भाजपा में गए पार्षद का मामला भी गर्माया

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर में मंगलवार को नगर निगम की बोर्ड की हंगामेदार बैठक में सफाई और स्मार्ट सिटी के कामकाज के साथ ही एक पार्षद के पार्टी छोड़ने का मुद्दा जमकर गर्माया। पार्षद संजय भगतानी के कांग्रेस छोड़ने पर कांग्रेसी पार्षदों ने उन्हें गद्दार तक कह दिया। इस पर करीब 15 मिनट तक भाजपा -कांग्रेस पार्षद आमने सामने जमकर बहस करते रहे। इस दौरान भगतानी के समर्थन में कई भाजपा पार्षद उनके साथ खड़े दिखे।

बैठक में सफाई व्यवस्था पर पार्षदों में अपने अपने सुझाव दिए। आवारा पशुओं द्वारा शहर में गंदगी फैलाने पर ठोस कदम उठाने पर जोर दिया। वही नगरीय क्षेत्र में होटल्स से वसूले जाने टैक्स पर भी लंबा मंथन हुआ। भाजपा के पार्षद उप महापौर सिंघवी द्वारा बोले जा रहे हर सुझाव और जवाब पर समर्थन देते रहे। नगर निगम की इस बैठक में नए अग्निशमन यंत्र खरीदने के साथ ही ट्रेड लाइसेंस की दरों में अपडेट और राज्य सरकार द्वारा 2017 में जारी किए गए आदेशों के निर्णय पर अनुमोदन किया गया। वही उपमहापौर पारस सिंघवी और पार्षद मनोहर चौधरी-छोगालाल भोई के कई बार एक दूसरे पर कटाक्ष देखने को मिले। करीब दो घंटे तक पार्षदों ने कई मुद्दों पर जमकर बहस की। कांग्रेस के ज्यादात्तर पार्षद निगम महापौर जीएस टांक और आयुक्त हिम्मत सिंह बारहट के मौन रहने पर सवाल पूछते रहे।

निगम महापौर जीएस टांक ने कहा कि सफाई निर्माण और सौंदर्यीकरण पर नगर निगम का पूरा फोकस है व्यवस्थाओं में लगातार सुधार किया जा रहा है। नए प्रस्तावों पर ध्यान दे रहे है। उपमहापौर पारस सिंघवी ने कहा कि तथ्यात्मक ग्रुप से हर सुझाव पर स्टडी की जाएगी। सभी पार्षदों को जवाब के जरिए संतुष्ट करने की हमारी पूरी कोशिश रही है। बैठक के दौरान कांग्रेसी पार्षदों ने शहर के अलग-अलग भागों में सडक रिपेयरिंग के लिए ए प्लस ठेकेदार को कार्य सौंपने के बाद भी गुणवत्ता को लेकर आई शिकायतों पर सवाल पूछे। कई पार्षदों ने सिटी रेलवे स्टेशन के सामने बनी कच्ची बस्ती समेत अन्य जगहों से राजस्व प्राप्ति और अतिक्रमण को लेकर भी सवाल पूछे। कई पार्षदों ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट पर नाराजगी जताते हुए इस पर ठोस कदम उठाने की मांग की। करोडो रूपये लागत का दमकल वाहन खरीदने को लेकर मनोनीत पार्षद फिरोज शेख शेख ने सवाल खड़े किये। शेख ने उदयपुर की संकरी गलियों में अग्नि शमन की व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदारो से पुछा कि गलियों में आग बुझाने की क्या व्यवस्थाये है?

■ **भाजपा पार्षदों ने अपने ही बोर्ड से पूछे सवाल**

पार्षद अजय पोरवाल ने 272 भूखंड प्रकरण में जांच और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग रखी। वहीं कई पार्षदों ने गैराज शाखा में चल रहे घोटाले पर भी सवाल पूछे और ठेकेदार को हटाने की मांग की।बैठक में उदयपुर सांसद अर्जुन लाल मीणा भी कुछ देर उपस्थित रहे।

# चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**पिंडवाडा,** (निसं)। पिण्डवाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के वीरवाडा गांव के पास माइंस के ऑफिस में से 236500 रूपए रोकड व फर्म के दस्तावेज चोरी के मामले में पुलिस थाना पिंडवाडा ने 160 दिन में अभियुक्तों को गिरफ्तार कर वारदात का पर्दाफाश किया। सिरोही जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पिंडवाडा पुलिस उप अधीक्षक जेठू सिंह करनोत के सुपरविजन में पिंडवाडा थानाधिकारी चंपालाल बारड के नेतृत्व एएसआई छैल सिंह देवडा सोमाराम मीणा हेड कांनिस्टेबल सुमन सिरोही साइबर क्राइम के हेड कांनिस्टेबल भवानी सिंह कानिस्टेबल लोकेश कुमार अभय सिंह गुलशन जांगिड की टीम गठित कर नकबजनी की वारदात का राज पास करने के लिए शिद्दत से जुट गए थे। टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मुखबिर व तकनीकी आधार पर दो संदिग्ध गुलाब पुत्र फताराम बाबू जाति गरासिया, मोती राम उर्फ मोती पुत्र बाबू जाति गरासिया निवासी मीठा आमलिया पुठा मांडवा जिला उदयपुर को दस्तयाब कर पूछताछ की तब दोनों ने उक्त घटना की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं को सिर्फ वोट बैंक समझती है: भाटी

**बीकानेर,** (कासं)। कभी भारतीय जनता पार्टी की सरकार में मंत्री रहे बीकानेर के कद्दावर नेता देवी सिंह भाटी ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी को कड़ी चेतावनी दी है कि समय रहते सुधर जायें अन्यथा बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। सरदारशहर में आरएलपी के कार्यकर्ताओं के साथ भाटी का एक फोटो नए राजनीतिक घटनाक्रम की ओर इशारा कर रहा है।

भाटी ने कहा कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को सिर्फ वोट बैंक समझती है, कार्यकर्ताओं को भी पिच्छलगू नहीं बनना चाहिए। समय आने पर आंख भी दिखानी चाहिए। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतीश पूनिया का नाम लिए बगैर भाटी कहा कि जिन नेताओं के हाथ में पार्टी की कमान है, वो कभी जमीनी नेता नहीं रहे। आज कार्यकर्ता अगर संकट में आए जाए तो जयपुर का नेता उसको पुचकारता नहीं है, उस पर हाथ नहीं फैरता है। अगर राज में भी ये ही नेता आ जाएंगे तो उनके निकट ही नहीं जा सकेंगे। आज जिसके पास कुर्सी नहीं है, वो जनता के बीच नहीं जाता। फिर राज में तो कार्यकर्ता को देखेंगे ही नहीं। पानी का संकट हुआ, कानून का संकट हुआ लेकिन ये नहीं आए। ऐसे नेता राज में आ गए तो और मारेंगे। इसलिए कार्यकर्ताओं को ऐसे नेताओं को थोड़ी आंख दिखानी चाहिए।

सरदारशहर में आरएलपी का समर्थन करना है अथवा नहीं करना है? इस पर अभी निर्णय नहीं हुआ है। कल जाकर आया था, वापस जाऊंगा। अगर लगेगा कि आरएलपी का साथ देना चाहिए तो देंगे। हम चाहते हैं कि सरदारशहर में ऐसा कुछ करें कि अलग स्थिति बनें और कार्यकर्ता की इज्जत हो। हमेशा एक जगह से शुरूआत होती है। फिर आगे मामला बढ़ता चला जाता है। हमने सामाजिक न्याय मंच की लड़ाई एक जगह से शुरू की थी, पचास लोग थे। आज आर्थिक आधार पर आरक्षण उसी की देन है। संविधान में प्रावधान नहीं है कि आर्थिक आधार पर आरक्षण मिले लेकिन सामाजिक न्याय मंच की आवाज को बल मिला और ये हो गया। कल सरदारशहर में मीटिंग के बाद तय होगा कि आरएलपी के साथ कैसा समझौता होगा।

उनका आपसी रिश्ता क्या है? इससे हमें कोई लेना देना नहीं है। मेरा भी हनुमान बेनीवाल से कोई ज्यादा रिश्ता नहीं है। वो अपना काम करते हैं, मैं अपना काम करता हूं। वसुंधरा और हनुमान बेनीवाल के बीच क्या है? उनके पर्सनल मामले में नहीं जाता। मैं ये कह सकता हूं कि बीजेपी में कोई नेता है तो वो वसुंधरा राजे में है। जो क्षमता उनमें है, वो प्रदेश के किसी अन्य नेता में नहीं है। अर्जुनराम ने कांग्रेस के साथ मिलकर भाजपा को विधानसभा चुनाव में हरवाया था। हमारे पास इसका प्रमाण है। जो वोट उन्हें लोकसभा में मिले, वो विधानसभा में कांग्रेस को मिले। अभी जिला परिषद् चुनावों में भी छह वोट कांग्रेस की झोली में डाल दिए थे। इससे ज्यादा क्या प्रमाण चाहिए। मेरा अभी तय नहीं है। मैं चाहता हूं कि मेरा कार्यकर्ता मजबूत हो। मैं केंद्र में मोदी के साथ हूं, आंख मूंदकर साथ हूं लेकिन प्रदेश में नेतृत्व सही नहीं है।

## संक्षिप्त

### टीना वर्मा का अवार्ड के लिए चयन

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** महात्मा गाँधी पीजी कॉलेज की बीए पार्ट प्रथम की छात्रा टीना कुमारी वर्मा पुत्री सुरेश कुमार निवासी ज्ञानपुरा का सत्र 2022-23 में इन्दिरा प्रियदर्शिनी अवार्ड के लिए चयन हुआ है। छात्रवृत्ति प्रभारी धर्मपाल बिजारणिया ने बताया की छात्रा के जिला मुख्यालय पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने करने पर ये सम्मान मिला है। बालिका शिक्षा फाउंडेशन राजस्थान, जयपुर द्वारा इंदिरा प्रियदर्शनी पुरस्कार प्रतिवर्ष दिया जाता है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा आयोजित 12 वी कला वर्ग में अनुसूचित जाति वर्ग में जिला स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर छात्रा टीना कुमारी वर्मा को एक लाख रूपए व स्कूटी प्रदान की जाएगी। महाविद्यालय निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र सैनी, उपप्राचार्य विजेंद्र पूनिया, विज्ञानं संकाय प्रभारी वीरेंद्र यादव, सुशीला देवी, मनीष अग्रवाल सहित समस्त स्टाफ ने ख़ुशी व्यक्त की व छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि मनाई

**नरैना, (निसं)।** महात्मा ज्योतिबा फुले क्षित्रय माली ( सैनी )सामाजिक एवं शैक्षिणक संस्थान में माली समाज की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम ज्योतिबा फुले की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की तदुपरांत समाज के वरिष्ठ जनों ने ज्योतिबा फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए समाज को संबोधित किया। इस दौरान अध्यक्ष भंवर लाल दहिया,कार्यवाही अध्यक्ष तेजपाल बड़ीवाल, टीकम अजमेरा, रतन,भगवान पापटवान, लाल चंद, मूलचंद भाटी, रामनिवास, मनोज ढलवाल,भंवर, राधेश्याम सांखला, लक्ष्मी नारायण अजमेरा, हनुमान सोनगरा, बलवीर गुर्जर, जीतू साहू, पुरषोत्तम अमन आदि लोग मौजूद रहे।

### रोजगार मेला आयोजित

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पवाना अहीर स्थित मूलचंद प्रभुदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को सरपंच पूरणमल खटीक के मुख्य आतिथ्य एवं प्रधानाचार्य महेश चंद यादव की अध्यक्षता में राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम के तत्वाधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। विकास यादव व जुम्मा खान ने विद्यार्थीयों को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की जानकारी प्रदान की। प्रधानाचार्य महेश चंद यादव ने भी विधार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में नौकरियों की जानकारी देते मोटिवेशन प्रदान किया। सरपंच पूरणमल खटीक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान विधालय स्टॉफ, ग्रामीण व विधार्थी मौजूद रहे।

### चन्द्रप्रकाश विप्र सेना अध्यक्ष बने

**मालपुरा, (निसं)।** विप्र सेना के प्रदेश अध्यक्ष के आदेशों पर जिलाध्यक्ष द्वारा नियुक्ति पत्र जारी करते हुए विप्र सेना मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा अध्यक्ष पद पर चन्द्रप्रकाश शर्मा उर्फ चंदू दादा को नियुक्त किया गया। विप्र सेना के विधानसभा अध्यक्ष बनने पर विप्र जनो ने एवं सामाजिक संगठनों ने चन्द्रप्रकाश शर्मा को बधाई दी।

# पानी निकासी की योजना में दोहरी नीति सामने आने पर लोग आवाज उठाने लगे

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** 40 साल पुराने खोदकर बाजार में सड़क के नीचे से निकाले गए ग्राम पंचायत के बनाए नाले का जीर्णोद्धार पर लाखों रुपया खर्च कर नगरपालिका की पानी निकासी की योजना में दोहरी नीति सामने आने पर लोग आवाज उठाने लगे हैं। एक तरफ जहां गंज रोड नाले पर बने दुकान मकानों के पट्टे निरस्त करने के लिए नगर पालिका जिला कलेक्टर को फाइल भेजकर सिफारिश कर चुकी है तो वहीं दूसरी तरफ 10 कदम की दूरी पर मैन बाजार में नाले पर बनी दुकान मालिकों को नोटिस तक नहीं दिए जाने के मामले में उठ रही आवाज पर मंगलवार को आनन-फानन में कार्रवाई कर नगर पालिका ने तीन दुकान मालिकों को नोटिस जारी करे हैं।

गौरतलब बात यह है कि शहर की वर्षों पुरानी पानी निकासी कि समस्या ठीक करने के लिए नगर पालिका एक तरफ तो जोहड़ खाई को साफ कराने के लिए 70 से 80 लाख



मुख्य बाजार में जीर्णोद्धार कर बनाया जा रहा पुराना नाला।

का प्लान बना कर टेंडर लगाने जा रही है वही दूसरी और जोहड़ खाई में जाने वाले नाले के पानी के रास्ते पर दुकान मकान बना कर बैठे लोगों को बचाने का प्रयास किए जा रहे हैं। लोगों का कहना है अगर नाले का पानी ही ठीक से नहीं जोहड़ तक पहुंच पाएगा तो फिर जोहड को साफ कराने के लिए टेंडर लगाए जाने का औचित्य क्या रह जाएगा। अगर अभी समय रहते नाला निर्माण के चलते पानी निकासी को व्यवस्थित नगर पालिका ने नहीं किया तो फिर बाजार को पानी मैं डूबने से कोई नहीं बचा पाएगा।

- **आनन-फानन में तीन दुकान मालिकों को नोटिस हुए जारी, दस्तावेज मांगे**

ईओ महेश गुर्जर का कहना है कि मेन बाजार में नाले के ऊपर बनी 3 दुकानों को चिन्हित कर अतिक्रमण मानते हुए मालिकों को नगर पालिका की ओर से नोटिस जारी किए गए हैं। जवाब में प्रस्तुत दस्तावेजों को देखने के बाद ही बताया जा सकता है कि अन्य दुकानों के नीचे नाले हैं या नहीं। खुदाई के दौरान मिले पुराने नाले की सफाई करा दी गई है और पुरानी स्थिति में नाले का निर्माण कराया जा रहा है जिससे रास्ते को शुरू किया जा सके। इसके उपरांत जहा जहा भी पानी निकासी में रुकावट आएगी वहां अतिक्रमण चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

## लेनदेन के विवाद में हमला

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के दिल्ली दरवाजा स्थित एक दुकान पर किसी काम से आये 63 वर्षिय बुजुर्ग पर 4-5 लोगों द्वारा जानलेवा हमला किये जाने का मामला सामने आया है। इस सम्बंध में पीड़ित द्वारा स्थानीय थाने में मामला दर्ज करवाया गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रामकुंवार (63) पुत्र रामनारायण गुर्जर निवासी नांगल चेचीका, कोटपूतली ने दर्ज करवाया कि वह 28 नवम्बर की दोपहर करीब 1 बजे दिल्ली दरवाजा किसी काम से आया था। इस दौरान वह मलपुरा वाले हंसराज गुर्जर की कपड़े की दुकान पर बैठकर बात कर रहा था। तभी अचानक रमेश उर्फ सौदागर व हंसराज उर्फ हंसराम दोनों पुत्र हरदयाल गुर्जर एवं उनके लडके प्रदीप, जसवंत व रमेश समेत अन्य 2-3 लोग सभी जाति गुर्जर निवासी ग्राम गोपालपुरा ने एकराय होकर परिवादी पर जानलेवा हमला करते हुए मारपीट कर दी।

साथ ही जान से मारने की ऐलानियां धमकी भी दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर उसे छुड़ाया। आरोपियान ने पूर्व में भी पैट्रोल पम्प से डीजल लेते हुए परिवादी व उसके लडके पर हमला किया था। आरोपी आये दिन उन्हें जान से मारने की धमकी देते रहते है। रिपोर्ट में बताया कि आरोपियान का उनके नारनौल निवासी एक रिश्तेदार से सरसों की खरीद बेचान में लेनदेन का विवाद चल रहा है। पुलिस ने जाँच शुरू कर दी है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**ई खुली निविदा सूचना**
**(एक पैकेट सिस्टम)**

चिकित्सा निदेशक, केन्द्रीय चिकित्सालय, उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद ई खुली निविदाएँ आमंत्रित करते है । **ई निविदा सूचना नंबर: MD-CH-JP-2022-Urology. कार्य का नाम:** Establishment and Development of Super Specialized Urology and Kidney Transplantation Operation Theatre with supply, installation, commissioning and integration of compatible Medical Equipments and other material with 3 years CMC at Central Hospital Jaipur. **कार्य की अनुमानित लागत:** रूपये 40,233,934.30/-. **बयाना राशि:** रूपये 3,51,200.00/-. **कार्य की अवधि:** 06 महीने । **ई निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय:** 28.12.2022 को 15.00 बजे तक www.ireps.gov.in पर। **उपरोक्त ई निविदा का सम्पूर्ण विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट: www.ireps.gov.in** 1002-AK/22

हमें /NWRailways पर फॉलो करें



**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
**ई-निविदा सूचना सं.: SNT-GS-BKN-2022-23-01. दिनांक: 28.11.2022**

सीपीएम/गति शक्ति, उत्तर पश्चिम रेलवे बिकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारो सें निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 23.12.2022 को 15.00 बजें तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या: SNT-GS-BKN-2022-23-01. कार्य का नाम व स्थान:** अतिरिक्त लूप लाइनों के प्रावधान के लिए इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग कार्य जिसमें मौजूदा सपीआई में बदलाव/परिवर्तन ट्रेंविंग केबल बिछाने, सिग्नल और उपकरण मामलों की नींव और निर्माण, रिले जैसी सामग्री की आंशिक आपूर्ति सहित प्वाइंट मशीन का फिक्सिंग रैक, डेटा लॉगर जीआई और डीडब्ल्यूपी पाइप, उपकरण मामले सिग्नल और पॉइंट मशीन इत्यादी शामिल है, जिसमें बीकानेर डिवीजन उत्तर पश्चिम रेलवे के एसडीएलपी-आरटीजीएच सेक्शन में डोकवा असलू, जुहरपुरा और आरटीजीएच-बीकेएन सेक्शन में परसनेउ, सूडसर और गढ़वाला जैसे छह पीआई स्टेशनों पर आरई मानक के अनुसार सिग्नल और पॉइंट के केंद्रीकृत संचालन के लिए वांछित परिवर्तन के साथ सर्किट की डिजाइनिंग भी शामिल है। **अनुमानित लागत मूल्य:** Rs. 5,82,44,276.46/-. **बिड सिक्यूरिटी राशि:** Rs. 4,41,200/-. **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** बोली शुरु होने की तारीख 09.12.2022 और निविदा बंद होने की तारीख और समय 23.12.2022 को 15.00 बजे तक। **नोट:** अन्य शर्ते की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 1001-AK/22

हमें /NWRailways पर फॉलो करें


## अघोषित बिजली कटौती से परेशानी

**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बे में इन दिनों बिजली विभाग की मनमानी के चलते सुबह के समय हो रही अघोषित बिजली कटौती से कस्बे की नल सेवा ठप हो रही है । ग्रामीणों ने बताया कि जलदाय विभाग द्वारा सुबह के समय दो दिन में एक दिन पेयजल सप्लाई दी जाती हैं। लेकिन बिजली विभाग द्वारा अनियमित रूप से बिना किसी शेड्यूल के घंटों बिजली कटौती की जा रही हैं। जिससे कस्बे की पेयजल सप्लाई गड़बड़ाई हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि जलदाय विभाग कर्मचारी के द्वारा नल वाल खोलने के बाद विद्युत विभाग द्वारा की जा रही बिजली कटौती के चलते ग्रामीण पीने की पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस रहें है। बिजली कटौती होने से व्यापारी वर्ग भी बिजली संबंधित कार्य नही होने से परेशान है। इधर ग्रामीणों ने बताया कि जल्द विद्युत विभाग द्वारा बिजली कटौती में सुधार नही किया गया तो विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया जायेगा। बिजली कटौती को लेकर कनिष्ठ अभियंता डीके कोली ने बताया आगे से एलडी मैसेज आने पर बिजली कटौती की जाती है।

## चोरी हुआ ट्रैक्टर-ट्रॉली 24 घण्टे में बरामद



पुलिस ने ट्रक्टर-ट्रॉली को बरामद किया।

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय थाना पुलिस ने चोरी हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली को मात्र 24 घण्टे में ही बरामद कर लिया। एसएचओ सवाई सिंह ने बताया कि परिवादी रामजीलाल गुर्जर निवासी पूतली ने थाने पर उपस्थित होकर दर्ज करवाया कि 28 नवम्बर को प्रात: 8.30 बजे अपने गांव पूतली से सब्जी मण्डी में गाजर बेचने के लिए अपने ट्रैक्टर ट्रॉली नं. आरजे 32 आरए 9389 में भरकर लाया था।

प्रार्थी मण्डी में गाजर उतारकर ट्रैक्टर ट्रॉली को सराधना आरा मशीन के पास खड़ा करके मण्डी में आ गया। जब वापस जाकर देखा तो ट्रैक्टर मौके पर नहीं था।

आसपास तलाश की लेकिन ट्रैक्टर नहीं मिला। जिसे कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया। मामले की सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए चोरी हुए ट्रैक्टर ट्रॉली को 24 घण्टे से भी कम वक्त में बानसूर क्षेत्र के ग्राम भूपसेड़ा के पास से बरामद कर लिया। ट्रैक्टर ट्रॉली के चोर को लेकर पुलिस की तलाश जारी है।

## फरार आरोपी गिरफ्तार

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** स्थानीय पुलिस ने एक ही भूमि को दो बार बेचने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी प्रकाश सिंह राठौड़ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी ओमप्रकाश पुत्र मोतीराम सैनी निवासी ढाणी जयरामकावाली नांगल भीम श्रीमाधोपुर है। पुलिस ने बताया कि परिवादी अर्जुन लाल आचार्य निवासी श्रीमाधोपुर के न्यायालय से प्राप्त इस्तगासा के अनुसार आरोपी ने परिवादी को 5 लाख रुपये में कृषि भूमि जरिये इकरारनामा बेची थी। आरोपी ने उसी भूमि का दुबारा मुकेश कलवानिया के हक में फर्जी रूप से विक्रय पत्र पंजीबद्ध करा दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान के दौरान आरोपी ओमप्रकाश को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को सब जेल नीमकाथना भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाधिकारी के अलावा कांस्टेबल विकास कुमार व दीपक कुमार शामिल थे।

## दुष्कर्म के आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** सवाई माधोपुर परिवार, पोक्सो न्यायालय ने एक नाबालिग से दुष्कर्म करने के बाद उसका अश्लील वीडियो बनाकर उसके मंगेतर को भेजकर रिश्ता छुड़ाने के आरोपी अभिषेक शर्मा उर्फ रासू निवासी शिवाड़ थाना चौथ का बरवाड़ा का मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया।

पीड़िता व राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ट लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने न्यायालय को अवगत कराया कि सवाई माधोपुर जिले के एक थाने में 19 नवंबर 2022 को एक पीड़िता ने मामला दर्ज कराते हुए बताया था कि 2017 में जब मैं नाबालिक थी तब पास में ही रहने वाले अभिषेक ने जो कि मुझ से 10 वर्ष बड़ा था उसने बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर मुझसे शारिरीक संबंध बनाकर फोन पर बात करने लगा। 2018 में आरोपी अभिषेक ने शादी कर ली एवं मेरे से भी जबरदस्ती संपर्क बनाता रहा। जब उसके एक बच्चा हो गया और मुझे पता चला तो मैंने बात करना बंद कर दिया इस पर आरोपी ने फांसी के फंदे पर लटकने का वीडियो बनाने का नाटक किया इस दौरान उसका पैर फिसल गया।

जिससे वह घायल हो गया। उसका 2 माह तक इलाज चला। ठीक होने के बाद फिर उसने वही हरकत शुरु कर दी शराब पीकर के जान से मारने की धमकी देना और मेरे मंगेतर को जान से मारने की धमकी देकर मेरे अश्लील वीडियो भेज कर मेरी सगाई तुडवा दी।

लोक लाज मर्यादा के कारण बदनामी के कारण में अब तक चुप रही लेकिन अब आत्महत्या का जो विचार आया उससे पहले में न्यायपालिका की शरण में जाने का निर्णय लेकर थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर 20 नवंबर 2022 को आरोपी अभिषेक को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया तब से ही आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में चल रहा है।

## जन आक्रोश यात्रा को लेकर रूपरेखा बनाई

**पावटा, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से दिसम्बर माह में कांग्रेस के खिलाफ निकाली जा रही जनाक्रोश यात्रा की तैयारियां जोरों पर है। जनाक्रोश यात्रा को लेकर विराटनगर के निजी रिसोर्ट में विधानसभा स्तर के पदाधिकारियों की मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में पूर्व विधायक व जिला प्रभारी मोहनलाल गुप्ता ने यात्रा के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि इस यात्रा को 1 दिसम्बर को राष्टीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रवाना करेंगे। यह यात्रा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के गांवो में जाएगी। यात्रा में सुझाव व शिकायत पेटिका भी रहेगी, जिसमें जनता अपने सुझाव व शिकायत लिखकर डाल सकेगी। जनता द्वारा एकत्रित शिकायतों को सीएम अशोक गहलोत के आवास में डाला जाएगा। यात्रा के दौरान कांग्रेस सरकार के कुशासन के वीडियो भी जारी किए जाएंगे। बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं को गांव-गांव और ढाणियों में जाकर भाजपा की रीति-नीति और केंद्र सरकार की उपलब्धि एवं लाभांवित योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया। जन आक्रोश रैली में क्षेत्र के लोगों की भागीदारी को लेकर चर्चा की गई। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने को लेकर विचार विमर्श किया गया।

इस दौरान पूर्व विधायक फूलचंद भिंडा, जिलाध्यक्ष जितेंद शर्मा, भाजपा नेता कुलदीप धनकड, रानी रत्नाकुमारी, प्रधान प्रतिनिधि पावटा जगन चौधरी, भाजपा नेता हरिप्रसाद बल्लीवाल, देवनारायण लटाला, पूर्व कृषि मंडी चेयरमेन कोटपुतली सुरेश गिठाला, पावटा चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, एससी जिला महामंत्री बद्री प्रसाद चौहान, गिरिराज शर्मा सहित कई भाजपा नेता मौजूद रहे।

## पोशाक वितरण कार्यक्रम आयोजित

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय काचरोदा में मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना और निशुल्क पोशाक वितरण कार्यक्रम स्थानीय सरपंच पुष्पा देवी के मुख्य आतिथ्य और प्रधानाचार्य मदन लाल पडियार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी महेश नेमीवाल, उपसरपंच किशन बाबू, एसएमसी अध्यक्ष सूरज भार्गव, पंचायत समिति सदस्य नेमीचन्द कुमावत, हरीश बड़ीवाल, छत्रपाल घोड़ेला, रोहित मालिंडा थे। कार्यक्रम के समय अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात आगुंतक अतिथियों के द्वारा 1 से 8 वीं तक के विद्यार्थियों को दूध और पोशाक वितरित की गई। वहीं कस्बे के हलवाई बाजार के निकट संचालित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में मंगलवार को यूनिफार्म वितरण कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्या नविता वर्मा की अध्यक्षता में किया गया।

## बदमाशों ने मारपीट कर कार व नगदी लूटी

**खैरथल, (निसं)।** कस्बे के किशनगढ़ रोड जैसे सुरक्षित मार्ग पर गत रात मारपीट कर कार सहित पैंतालीस हजार रुपए व मोबाइल फोन आदि की लूट की घटना से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई है।

किशनगढ़ रोड पर गैलेक्सी ग्रीन सिटी में होटल व्यवसाई वल्लभग्राम के रहने वाले जगदेव यादव उर्फ जग्गा पुत्र रामकिशन यादव ने ने खैरथल थाना पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया कि सोमवार की रात को करीब 11 बजे कार में सवार होकर अपनी होटल पर जा रहा था कि गंदा नाला के पास लघुशंका करने के लिए रुका। वापस आकर वह अपनी कार में बैठने लगा तो मुंह पर कपड़ा बांधे चार अज्ञात बदमाशों में एक ने उसका हाथ पकड़ कर खींच लिया और दूसरे ने मेरी कनपटी पर रिवाल्वर लगाकर पिछली सीट पर पटक दिया। मुझे बीच में बैठाकर मारपीट करने लगे और कार को वापस घुमाकर हरसौली की तरफ़ ले गए। इस बीच बदमाशों ने उसके पास से पैंतालीस हजार रुपए, मोबाइल फोन, आधार, एटीएम कार्ड छीन लिया। बाद में नांगल सालिया गांव के समीप उसे पटक कर भाग गए। लूट के शिकार ने पुलिस को बताया कि वहां से वह जैसे तैसे करके पास के क्रेशर पर पहुंचा जहां से उसने पुलिस कंट्रोल रूम को व अपने भाई को आपबीती घटना बताई।

उसने बताया कि बदमाशों में एक की बोली स्थानीय और दो बदमाशों की भाषा हरियाणवी थी। विशेष उल्लेखनीय बात यह है कि जग्गा ने अपने भतीजों के साथ सोमवार को ही इस होटल का शुभारंभ किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है तथा बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।


**कार्यालय नगर पालिका मण्डल श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा/2022-23/4648-469 दिनांक-17.11.22

**आपत्ति आमंत्रण-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका श्रीमाधोपुर में निम्न तालिका अनुसार पट्टा नामान्तरण की पत्रावली पर आपत्ति आमंत्रित की जाती है-

| क्र.सं. | नाम पत्रावली | क्षेत्रफल | पत्रावली का प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती गीता देवी कसेरा पत्नि श्री नागर मल कसेरा जाति महाजन निवासी वार्ड नं. 19 कस्बा श्रीमाधोपुर | 255.00 वर्गगज | आवासीय पट्टा नामान्तरण |

जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो 07 दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज स्वयं की आईडी जिस पर स्वयं के मोबाईल नम्बर अंकित हो यक्तिगत उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मियाद विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका श्रीमाधोपुर



**कार्यालय नगर पालिका मण्डावरी (दौसा)**

क्रमांक- न.पा.म./2022/3055 दिनांक-28.11.22

**इश्तहार उज्र आपत्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका में निम्न आवेदकों द्वारा कृषि भूमि में पट्टा पत्रावली प्रस्तुत की है, यदि उक्त आवेदन पर किसी आम व खास को कोई उज्र/आपत्ति हो तो पालिका में सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें बाद मियाद गुजरने पर किसी भी उज्र आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।


| क्र. सं. | आवेदक का नाम | खसरा संख्या कस्बा व कॉलोनी का नाम | वर्गगज | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री गैंदा राम बैरवा पुत्र श्री रघुनाथ बैरवा | 646-कच्ची सडक | 233.33 | आवासीय |
| 2 | श्रीमती मीना देवी पत्नि श्री पप्पू लाल मीना | 646-कच्ची सडक | 175.00 | आवासीय |
| 3 | श्री शिवराम बैरवा पुत्र श्री बिहारी लाल बैरवा | 646-कच्ची सडक | 233.33 | आवासीय |
| 4 | श्री ओम प्रकाश गुप्ता पुत्र श्री प्रहलाद नारायण | 794-खिडकी रोड | 121.33 | आवासीय |
| 5 | श्री रामस्वरूप जोगी पुत्र श्री लल्लु प्रसाद जोगी | 794-खिडकी रोड | 115.55 | आवासीय |
| 6 | श्री हनुमान प्रसाद, रघुवीर प्रसाद पुत्र श्री कैलाश चन्द योगी | 794-खिडकी रोड | 90.00 | आवासीय |
| 7 | श्री गिर्राज पुत्र श्री रामफूल योगी | 794-खिडकी रोड | 90.00 | आवासीय |
| 8 | श्री कैलाश चन्द सैनी पुत्र श्री मूल्या | 794-खिडकी रोड | 90.00 | आवासीय |
| 9 | श्री हंसार खान पुत्र श्री सलीम खान | 794-खिडकी रोड | 222.22 | आवासीय |
| 10 | श्रीमती अनिता देवी पत्नि श्री मुकेश कुमार योगी | 794-खिडकी रोड | 111.13 | आवासीय |
| 11 | श्री सम्पत पुत्र श्री रामबिलास योगी | 794-खिडकी रोड | 86.66 | आवासीय |
| 12 | श्री रमेश चन्द महावर पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण महावर | 794-खिडकी रोड | 119.22 | आवासीय |
| 13 | श्री रमेश चन्द महावर पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण महावर | 794-खिडकी रोड | 119.22 | आवासीय |
| 14 | श्री सुरेश चन्द चावला पुत्र श्री किस्तुर चन्द | 787-मूर्ति मोहल्ला | 100.00 | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, मण्डावरी


# 'निशुल्क दूध एवं यूनिफार्म वितरण बच्चों के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा'

**लालसोट, (निसं)।** मुख्यमंत्री की निशुल्क दूध एवं यूनिफार्म वितरण छात्र छात्राओं के लिए सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा यह बात मुख्यमंत्री निशुल्क दूध एवं यूनिफार्म वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत समिति लालसोट के प्रधान नाथू लाल मीणा एवं नगरपालिका के चेयरमैन रक्षा मिश्र ने कही। अतिथियों द्वारा खुद के हाथों से मुख्यमंत्री निशुल्क ड्रेस वितरण एवं दूध वितरण योजना का बालकों को दूध पिलाकर एवं ड्रेस वितरण कर कार्यक्रम का आगाज किया गया। कार्यक्रम से लालसोट ब्लॉक में 9577 छात्रों एवं 13240 छात्राओं कुल 22817 बालक लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम को प्रधान नाथू लाल मीणा चेयरमैन रक्षा मित्र एसडीएम विजेंद्र मीणा आदि अतिथियों ने संबोधित किया।

**खाटूश्यामजी संवाददाता के अनुसार :** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दांता रामगढ के प्रांगण में मुख्यमंत्री बालगोपाल योजनान्तर्गत दूध एवं यूनिफार्म वितरण समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता सीबीईओ नानूराम जाट ने की जबकि मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी प्रतिभा वर्मा और पूर्व प्रधान भंवरलाल वर्मा थे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को गणवेश का



छात्र-छात्राओं को दूध पिलाकर एवं ड्रेस वितरण कर कार्यक्रम का आगाज पालिका के चेयरमैन रक्षा मिश्र ( बांये से प्रथम ) ने किया।

कपड़ा वितरित किया तथा उपस्थित छात्र छात्राओं को दूध पिलाकर योजना का श्रीगणेश किया गया।

**बोराज संवाददाता के अनुसार :** कस्बे के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में मंगलवार को ग्राम पंचायत स्तरीय आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री निशुल्क यूनिफार्म वितरण एवं मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना का शुभारंभ संस्था प्रधानाचार्य पी ई ई ओ गीता राजावत एवं वाइस प्रिंसिपल हरिशंकर जोनवाल की अध्यक्षता में किया गया वहीं मुख्य अतिथि एसडीएमसी के विधायक प्रतिनिधि गोपाल साँखला , नगर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश छापोला व राजपूत समाज इकाई अध्यक्ष शंकर सिंह शेखावत रहे।

**फागी संवाददाता के अनुसार :** उपखंड क्षेत्र की भोजपुरा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर संचालित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना और मुख्यमंत्री निशुल्क पोशाक वितरण कार्यक्रम स्थानीय उप सरपंच सत्तार भाई एव भामाशाह जुम्मा भाई पहलवान के मुख्य आतिथ्य और संस्था प्रधान विशाखा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

**किशनगढ़बास संवाददाता के अनुसार :** राजस्थान किसान आयोग उपाध्यक्ष विधायक दीपचंद खेरिया ने किशनगढ़ बास के बासकृपालनगर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मुख्यमंत्री की बाल गोपाल योजना के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री निशुल्क यूनिफॉर्म वितरण के तहत बच्चों को यूनिफॉर्म वितरण की और मुख्यमंत्री की ओर से शुरू की गई बाल गोपाल योजना को ऐतिहासिक बताया।

**राजगढ़ अलवर संवाददाता के अनुसार :** कस्बे के बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बाल गोपाल योजना एवं ड्रेस वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। विधायक प्रतिनिधि उम्मेदी लाल मीणा एवं एसडीएम ओमप्रकाश मीणा ने योजना को शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव योजना बताया।

**पावटा संवाददाता के अनुसार :** मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री के वर्चुवल उद्घाटन के बाद राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय विराटनगर व पावटा में राज्य सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना बाल गोपाल योजना के तहत कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को दुग्ध वितरण के साथ-साथ निश्शुल्क गणवेश वितरण कार्यक्रम का आयोजन विराटनगर में चेयरमैन सुमिता सैनी व पावटा में विधायक प्रतिनिधि कैलाश चंद गुर्जर के मुख्य आतिथ्य व विराटनगर मे सीबीईओ रतिराम बुनकर पावटा में उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह यादव की अध्यक्षता एवं विराटनगर मे उप चेयरमेन रामेश्वर प्रसाद यादव, विजय छिपा, कानसिंह, टीकाराम, लीलाराम व पावटा मे मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मुरलीधर यादव, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेश चंद कसाना, रामपाल मीणा के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।

**चौमूं/कालाडेरा संवाददाता के अनुसार :** मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना एवं नि:शुल्क पोशाक वितरण योजना का शुभारंभ मंगलवार को कालाडेरा कस्बे में स्थित सेठ श्री मुरलीधर सहरिया राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, श्रीमती चंपा देवी सहरिया राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय एवं श्री दुर्गा दत्त रावत प्राथमिक संस्कृत विद्यालय, श्रीमती चांद देवी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ।

**बहरोड़/ मुंडावरसंवाददाता के अनुसार :** पंचायत समिति क्षेत्र मुंडावर की ग्राम पंचायत जसाई के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गांव के सरपंच एवं आंगनबाड़ी कर्मचारियों की उपस्थिति में बाल गोपाल योजना के तहत विद्यार्थियों को दूध पिलाया गया।

**कोटपूतली संवाददाता के अनुसार :** नगर परिषद् सभापति पुष्पा सैनी ने मंगलवार को स्थानीय राजकीय श्री चिरंजीलाल सैनी उच्च प्राथमिक विधालय, भूतेश्वर में राज्य सरकार द्वारा मिड डे मिल के अन्तर्गत शुरू की गई मुख्यमंत्री बाल गोपाल दुग्ध योजना का बतौर मुख्य अतिथि शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने कक्षा 1 से 8 तक के विधार्थियों को मिड डे मिल दुध का वितरण किया।


**कार्यालय पंचायत समिति खण्डार जिला सवाई माधोपुर (राज.)**

क्रमांक-2022-23/60 दिनांक-28.11.2022

**ई-निविदा-सूचना संख्या 10/2022-23**

वित्तीय वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत पंचायत समिति खण्डार के पंचायत समिति क्षेत्र में अम्बेडकर भवन निर्माण कार्य एवं समस्त योजनाओं में सामग्री आपूर्ति के लिए जीएसटी में पंजीकृत सक्षम संवेदक/फर्मो अथवा जो राजस्थान सरकार के विभिन्न निर्माण विभागों में बी-श्रेणी या उच्च श्रेणी में पंजीकृत हो से निम्नानुसार निविदा दरें ई-प्रोक्योरमेंट पद्धति से ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं | ग्राम पंचायत समिति का नाम (जिसमें विभिन्न निर्माण कार्यों एवं निर्माण सामग्री की आपूर्ति की जानी है) | अनुमानित लागत रू. (लाखों में) | धरोहर राशि रूपये (प्रतिदेय) | बिड/निविदा प्रपत्र शुल्क रू. (अप्रतिदेय) | प्रोसेसिंग फीस रू. (अप्रतिदेय) | ऑनलाईन निविदा विक्रय /डाउनलॉड अंतिम दिनांक व समय | अमानता/निविदा व प्रोसेसिंग शुल्क राशि का डीडी जमा की अंतिम दिनांक व समय | ऑनलाइन निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अम्बेडकर भवन निर्माण कार्य एवं समस्त योजनाओं में सामग्री आपूर्ति खण्डार | 55.00 | 110000 | 1000 | 1000 | 7.12.22 प्रातः 9 बजे तक | 7.12.22 प्रातः 11.30 बजे तक | 7.12.22 दोपहर 3.00 बजे तक |

विभिन्न भवन निर्माण कार्य एवं निर्माण कार्यो हेतु आनुसांगिक सामग्री आपूर्ति के लिए बिड प्रपत्र, बिड से संबंधित नियम, शर्ते संबंधी दस्तावेज निर्धारित बिड शुल्क लोक उपापन की वेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB: ZSM2223A0226
UBN: ZSM2223WSOB00262

विकास अधिकारी
पंचायत समिति, खण्डार

## संक्षिप्त

### चौधरी अध्यक्ष व सैनी सचिव बने

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। मोबाइल व्यापार यूनियन की मंगलवार को हुई मीटिंग में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें राजेश चौधरी को अध्यक्ष व अनिल सैनी को सचिव चुना गया। साथ ही संजय कुमावत को उपाध्यक्ष व पवन अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी गठन के बाद चुनी गई कार्यकारिणी ने महीने के अंतिम दिवस अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखने का निर्णय लिया। साथ ही दुकान खोलने पर 2100 का जुर्माना लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

### एक शाम खाटूश्यामजी के नाम पांच को

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। जय श्री कल्याण शक्तिपीठ उदयपुर के पाटोत्सव के अवसर पर पांच दिसम्बर सोमवार को एक शाम खाटूश्यामजी व कल्ला जी राठौड के नाम कार्यक्रम आयोजित होगा। डॉ. हेमन्त जोशी ने बताया कि श्री श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री श्याम सिंह चौहान के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाली इस भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक संजय मित्तल कोलकाता, छोटूसिंह रावणा बाड़मेर व जगदीश वैष्णव भजनों की प्रस्तुति देंगे। संजय गौड़ व परेश बांगड़ ने बताया कि इस अवसर पर बाबा श्याम का दिव्य दरबार सजाया जाएगा तथा महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। भव्य पाटोत्सव की तैयारी को लेकर जय श्री काली कल्याण चेरिटेबल ट्रस्ट,श्री कल्याण प्रोपर्टीज,श्री कल्याण सेना, कल्याण परिवार के कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

### लॉन टेनिस का शुभारंभ किया

**टोंक,** (नि.स.)। शहर के देवली रोड टोंक स्थित सन शाईन ग्लोबल स्कूल में शिक्षा विभाग राजस्थान बीकानेर द्वारा आयोजित 66वीं विद्यालयी राज्य स्तरीय लॉन टेनिस छात्र/छात्रा प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर परिषद अली अहमद ने समारोह पूर्वक किया। उद्घाटन के मौके पर सभापति अली अहमद ने बाहर से विभिन्न जिलो से आई हुईं टीम के खिलाडियों से मिलकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान साथ में पार्षद रामदेव गुर्जर, महमूद शाह, स्कूल के डायरेक्टर विशाल श्रीवास्तव, गोवर्धन हिरानी, कमलेश सिंगोदिया, रईस भाई सहित स्कूल स्टाफ और बाहर से आई हुई टीमो सहित कई लोग मौजूद रहे।

### लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस जारी

**टोंक,**(निसं)। जिला परीक्षा समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक एवं प्रारंभिक) को 12 व 13 नवंबर को आयोजित वन रक्षक सीधी भर्ती परीक्षा में राजकीय कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया हैं। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि परीक्षा के मध्य नजर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के मुख्यालय नहीं छोडने के लिए पाबंद किया गया था। वनरक्षक सीधी भर्ती परीक्षा के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दी गई सूची अनुसार ड्यूटी लगाए जाने पर परीक्षा से पूर्व 76 नियुक्त वीक्षक आवंटित परीक्षा केन्द्रों पर नहीं पहुंचे इससे परीक्षा कार्य में अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न हुआ। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को वीक्षकों के अनुपस्थित रहने का स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने तथा स्वयं के स्तर पर विभागीय कार्रवाई कर अवगत कराने के निर्देश दिए।

### शिविर में मरीजों का उपचार किया

**सांभरझील,** (निसं)। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप अनुसूचित जाति जनजाति बाहुल्य क्षेत्र के लोगों को लाभान्वित किए जाने की योजना अंतर्गत यूनानी विभाग जयपुर के निर्देश पर सार्वजनिक नेहरु बालोद्यान के नजदीक स्थित राजकीय यूनानी औषधालय में दो दिवसीय शिविर का शुभारंभ उपनिदेशक चिकित्सा विभाग जयपुर के डॉ मनमोहन खींची, जयपुर से वरिष्ठ यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर फारुख खान, स्थानीय यूनानी चिकित्सक आयशा सिद्दीकी की उपस्थिति में नगर के प्रथम नागरिक बालकृष्ण जांगिड़ की ओर से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। शिविर के प्रथम रोज 212 विभिन्न रोगों से पीड़ित लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें आवश्यकतानुसार विभाग की ओर से निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गई।

# खैरथल में यूको बैंक को लूटने का प्रयास करने के आरोपी गिरफ्तार




खैरथल पुलिस की गिरफ्त में बैंक लूटने का प्रयास करने के आरोपी।

**खैरथल,** (निसं)। स्थानीय बानसूर रोड पर वीराने में स्थित यूको बैंक में रात्रि में ताले तोड़कर बैंक लूटने की घटना का राजफाश कर पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी भगवान सहाय शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एक खैरथल का व तीन टपूकड़ा थाना क्षेत्र के गांव नाखनौल के रहने वाले हैं। खैरथल के ठेकडा निवासी जबरा उर्फ जब्बर (40) पुत्र महमूद और नाखनोल निवासी सद्दाम (30) पुत्र रुजदार,जुबेर (34) पुत्र फज्जरु और अजरुदीन (24) पुत्र सहजाद शामिल हैं। जिनके पास से हरियाणा नंबर की सफेद रंग की एक स्कार्पियो गाड़ी जब्त कर पूछताछ शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि गत 24 नवंबर की रात को बानसूर रोड पर पुरानी मंडी के पास वीराने में स्थित यूको बैंक में बदमाशों ने मुख्य गेट के ताले तोड़ने का असफल प्रयास किया। सुबह बैंक का दफ्तरी अरुण कुमार बैंक खोलने पहुंचा तो दृश्य देखकर हक्का बक्का रह गया। उसने तुरंत इसकी सूचना प्रबंधक अभिषेक भारद्वाज को दी। उन्होंने बताया कि बैंक प्रबंधक अभिषेक भारद्वाज ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात बदमाशों ने बैंक के मुख्य गेट का ताले तोडे और

- हरियाणा नंबर की सफेद रंग की एक स्कार्पियो गाड़ी जब्त कर पूछताछ शुरू

दरवाजा तोड़ने की नाकाम कोशिश की। पुलिस ने मौक़ा निरीक्षण कर बदमाशों की तलाश करने के लिए विशेष टीम का गठन किया। टीम में शामिल एक कांस्टेबल डीएसटी भिवाड़ी की टीम नंबर दो के महेश कुमार का सीसीटीवी और आसूचना आदि का संकलन कर जानकारी जुटाने में विशेष योगदान रहा ।डीएसटी 2 वह खैरथल थाना से पुलिस की विशेष टीम में थानाधिकारी भगवान सहाय शर्मा, हरविलास, सद्दीक, रमेशचन्द्र, महेश, ओमप्रकाश, सतपाल, संजय, कपिल, गोवर्धन, बृजेश, पुष्पेन्द्र, धनपाल, राकेश,व विजय शामिल रहे।

## जन आक्रोश यात्रा को लेकर चर्चा

**देवली,**(निसं)। उपखंड क्षेत्र की नासिरदा ग्राम पंचायत क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने देवली उनियारा विधानसभा की जन आक्रोश यात्रा को लेकर देहात मंडल नासिरदा की बैठक आदर्श विद्या मंदिर नासिरदा में आयोजित की इस मौके पर विधानसभा प्रभारी ब्रम्हसिंह गुर्जर, यात्रा संयोजक नरेश बंसल, सह संयोजक अंकित जैन डाबर विस्तारक अमित नायक, मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण धाकड़ ने जन आक्रोश यात्रा की बैठक को संबोधित किया और विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में महामंत्री रतन माहेश्वरी, भारत सिंह, उपाध्यक्ष रामदेव धाकड़,नन्द लाल गुर्जर, सरपंच राजेन्द्र धाकड़, भंवर कुमावत, सी आर पिंटू जेन, ऋतुराज गुर्जर, किसान मोर्चा अध्यक्ष दुर्गा लाल गुर्जर, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष रामलाल लाल कीर, एससी मोर्चा अध्यक्ष उदय सिंह सांसी, बूथ अध्यक्ष भंवरसिंह, मोहन, तेजमल, नारायण, मनोज खांडल, जगदीश टेलर, सुरेश धाकड़, दुर्गा लाल , नारायण, राजकुमार, विमल सहित पार्टी के कई वरिष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नशा विरोधी संदेश के साथ निकले मुनीर का स्वागत




26 वर्षीय मुनीर ( बीच में ) का स्वागत कर शुभकामनायें दी।

**पावटा,** (निसं)। 26 वर्षीय मुनीर केरल के पालक्काड जिला आलत्तूर से 20 अक्टूबर को एक ओर दोस्त के साथ नशा विरोधी संदेश लेकर शूरू हुआ अभियान में दोस्त ने कासरगोड में विराम लगाया पर मुनीर ने अपनी दृढसंकल्प के साथ अपनी अभियान जारी रखा और कल जयपुर पहुंचा जहां से वो दिल्ली के लिए निकल गया।

जहाँ मुनिर का एक होटल पर साफा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया एवं सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की। मुनीर 2016 में एक बाइक एक्सीडेंट में शरीर का आधा हिस्सा पेरालिसिस हो गया था। इलाज के बाद बोडी बेलेंस प्राप्त नहीं हुआ। डाक्टर के निर्देश पर साइकिल तेरापि से बोडी बेलेंस पुनः प्राप्त हुआ और अब अकेला साईकिल में केरल से कश्मीर की अभियान में 2900 किलोमीटर दूरी पार करके आंतेला पहुंचा। आज सुबह जयपुर से देश की राजधानी नई दिल्ली की ओर कूच किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने मुनीर की आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। मुनिर का केरली आतेला में स्वागत रुकने और भोजन की व्यवस्था गौरव यादव भाजपा जिला अध्यक्ष, मनीष यादव ठुकरान बागावास अहिरान, राकेश गुर्जर युवा नेता केरली द्वारा की गई। स्वागत के दौरान केरली पर समाजिक कार्यकर्ता बलदेव चौधरी, राहुल राठी युवा नेता भाजपा केरली, सुभाष यादव मण्डल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा पावटा बालाजी, इन्द्र कुमार सैनी भाजपा नेता, महेंद्र कसाना बजरंगपुरा, राजाराम लटाला अध्यक्ष थडी मार्केट यूनियन एनएच 48, विक्रम देव गुर्जर, सतपाल, महिपाल, कृष्ण चौहान, सुभाष यादव आंतेला आदि लोग मौजूद रहे।

# शहीदों की वीरांगनाओं, वीर नारियों तथा परिजनों का सम्मान



भाजपा प्रदेश सह संयोजक प्रशिक्षण महिला मोर्चा डॉ. शानू यादव ने परिजनों का सम्मान किया।

**बहरोड़/नीमराना,** (निसं)। अलवर जिले में बहरोड़ के कृष्णा मैरिज होम में शहीदों की वीरांगनाओं, वीर नारियों एवं उनके परिजनों का सम्मान किया गया। संतोष देवी चैरिटेबल ट्रस्ट जखराना एवं भाजपा प्रदेश सह संयोजक प्रशिक्षण महिला मोर्चा डॉक्टर शानू यादव के द्वारा राष्ट्रभक्ति के प्रति सम्मानजनक स्थिति में उनके देश के प्रति त्याग का सम्मान करते हुए मंच के माध्यम से प्रशस्ति पत्र एवं शाल भेंट कर गौरवान्वित करने का अवसर प्रदान कर सम्मानित किया गया।

वहीं कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय शहीदों के परिवारों के प्रति सहानुभूति एवं राष्ट्र प्रेम की भावना से ओतप्रोत भाजपा की महिला मोर्चा प्रदेश सह संयोजक प्रशिक्षण डॉ. शानू यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में देश के वीर सपूत जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए उनके प्रति सभी देशवासियों का कर्तव्य बताते हुए कहा कि उनकी शहादत को राष्ट्र के समक्ष प्रेरणा के रूप में प्रस्तुत कर उनकी वीरांगनाओं, वीर नारियों एवं परिजनों को कमी महसूस ना होने दें कि वो समाज में सम्मानजनक स्थिति से परे हैं, अपितु प्रथम हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्नल अशोक यादव एवं मंच संचालन पार्षद ओम यादव के द्वारा किया गया जिसके दौरान भाजपा के उमेद भाया, मंडल अध्यक्ष संजय मीर, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नवीन यादव, संदीप रावत, बहरोड़ सांसद कार्यालय प्रभारी लोकेश यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विक्रम प्रधान गंडाला, सरपंच जोगिंदर यादव एवं वेद कृष्ण तथा जगराम, एकता मंच अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष विक्रम यादव, देवेंद्र यादव, सुभाष एडवोकेट, कुल्डाराम एवं क्षेत्र के गणमान्यों सहित नवयुवक मंडल के सदस्य सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

# हथियारबंद बदमाशों ने गाड़ियों में तोड़फोड़ की, वारदात टली

**मंडावरी-लालसोट,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र के मंडावरी कस्बे में मंगलवार को शाम करीब चार बजे के आस पास दो गाड़ियों में भरकर आए अज्ञात करीब 8 की संख्या में हथियारबंद बदमाशों द्वारा अचानक गाड़ियों में तोड़फोड़ एवं राहगीरों से की गई बदतमीजी के बाद पुलिस द्वारा बरती गई सजगता के चलते कोई अपने वाली संभावित बड़ी अपराधिक वारदात टल गई।

कस्बे में डकैती की वारदात के बाद नगर पालिका द्वारा पूरे कस्बे को कैमरा सर्विलेंस में रखने के कारण अब असामाजिक तत्वों में भय भी देखा जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जो अज्ञात बदमाश दो कार में सवार होकर आए एवं अचानक कार से उतरकर पास ही एक लोहे की दुकान से एक सरिया उठाकर पहले तो सामने से आ रही दो निजी बसो के शीशे पर मारकर शीशे तोड़ दिए। इसी के साथ वहां से मोटरसाइकिल पर गुजर रहे एवं राहगीरों पर भी सरिए आदि हथियारों से वार किए

- दो गाड़ियों में भरकर आए थे करीब 8 बदमाश

गए। अचानक दो कार में भरकर आए बदमाशों द्वारा ठेके के सामने पास ही रुक कर इस वारदात को अंजाम देने के बाद आसपास लोग सन्न रह गए एवं कोई कुछ समझ पाता उतने मे अज्ञात बदमाशों द्वारा दी जा वारदात की सूचना पुलिस को मिलते ही मौके पर पुलिस की मौजूदगी देख हथियारबंद सभी बदमाश दोनों कारों में सवार होकर वहां से भाग छूटे। बताया जा रहा है कि जिस हिसाब से दोनों गाड़ियों में हथियारबंद बदमाश गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे उससे तो यही अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनके द्वारा मंडावरी कस्बे में किसी बड़ी अपराधिक वारदात को अंजाम देन आए होंगे। लेकिन इस घटना की सूचना पुलिस को मिलने पर वही गश्त कर रही गाड़ी तुरंत मौके पर पहुंची एवं पुलिस को देखते ही यह सभी बदमाश कारों में भागकर वहां से भाग छूटे एवं किसी बड़ी आपराधिक वारदात पुलिस की सजगता के चलते चल गई।

पूरे घटनाक्रम को लेकर पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार गोयल ने बताया कि पुलिस की सजगता एवं प्रभावी गस्त का नतीजा रहा कि इन बदमाशों द्वारा किसी वारदात को अंजाम देने से पहले ही मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर बदमाश भाग खड़े हुए एवं किसी वारदात को अंजाम नहीं दे सके।

पुलिस उपाधीक्षक गोयल ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ क्षेत्र में नाकेबंदी कराई गई है। प्रथम दृष्टया इन लोगों के बीच किसी आपसी विवाद को लेकर इस तरह की घटना कार्य करना सामने आ रहा है। वही तकनीकी अनुसंधान कर आसूचना संकलन के आधार पर इन अज्ञात बदमाशों की शिनाख्त करने के एवं घटना घटित होने के कारणों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## छात्राओं का राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ चयन

**निवाई,** (निसं)। राजकीय एकलव्य मॉडल स्कूल की छात्राओं ने राज्य स्तर पर उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 13 खिलाडियों का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ है।

व्याख्याता चंद्रप्रकाश खंडेलवाल ने बताया कि राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता उदयपुर में आयोजित हुई थी जिसमें राज्य से सभी आवासीय एकलव्य मॉडल स्कूल के लगभग 1100 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। प्रधानाचार्य रामचरण मीणा ने बताया कि राज्य स्तरीय कबड्डीए लंबी कूद 14 व 19 वर्ष एवं 100 मीटर दौड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार वॉलीबॉल, रिले दौड 19 वर्ष, 100 मीटर दौड 19 वर्ष में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खो-खो प्रतियोगिता में टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उक्त खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विद्यालय की 13 छात्राओं का राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता हैदराबाद में आयोजित होगी। टीम के विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य रामचरण मीणा व सुनीता चौधरी पीटीआई एवं समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा छात्राओं का स्वागत किया।

## बीएलओ व सुपरवाइजर की बैठक ली

**निवाई,** (निसं)। उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह ने मंगलवार को उपखंड क्षेत्र के बीएलओ व सुपरवाइजर की एक अहम बैठक ली। जिसमें अति शीघ्र ही 17 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को नाम जोडने के लिए बीएलओ सुपरवाइजर को दिशा निर्देश दिए। एसडीएम रविकांत सिंह ने बताया कि उदासिनता से काम कर रहे कर्मचारियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। क्षेत्र में निर्वाचन कार्य को अति शीघ्र पूर्ण रूप से संतोष जनक कार्य करके तुरंत कार्यालय में जानकारी देवें। प्रत्येक वोटर के घर-घर जाकर आधार कार्ड अपडेट कर 17 वर्ष से अधिक आयु के मतदाओं को अति शीघ्र समस्त मतदाताओं को मतदाता सूची से जोडा जाए।

# अपमानित करने के मामले में जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर से कार्यवाही की मांग की

**टोंक,** (निसं)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवप्राज मीणा से सोमवार रात्रि को जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक में निर्णय के संबंध में जिला परिषद सदस्य नरेश नायक द्वारा मोबाईल पर वार्ता के दौरान जनप्रतिधि का अपमान करने एवं इस मामले में जानकारी पर दो डीआर लवेश मीणा व हंसराज मीणा द्वारा भी सीएमएचओ को मोबाईल करने पर उनके साथ अपमातिक शब्दों का प्रयोग करने का मामला उस समय सामने आया, जब मंगलवार को जन प्रतिनिधियों ने रोष प्रकट करते हुए जिला प्रमुख सरोज बंसल को मामले से अवगत कराया और जिला कलेक्टर से मिलकर सीएमएचओ के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। उप जिला प्रमुख आदेश कंवर, जिला परिषद सदस्य नरेश नायक, लवेश मीणा, अनोख देवी, गलखू चौधरी, कमला गुर्जर, ममता चौधरी, कांग्रेस नेता श्रीराम चौधरी, भाजपा महामंत्री रामनिवास गुर्जर ने जिला प्रमुख सरोज बंसल को पत्र देकर लोक सेवक होते हुए अपने पद का दुरुपयोग करते हुए तीन जिला परिषद सदस्यों को अपमानित करने एवं धमकियां देने वाले सीएमएचओ के पर कार्यरत देवप्राज मीणा के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने एवं निंदा प्रस्ताव लेने के लिए जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक बुलाने की मांग की। जिला परिषद सदस्यों ने जिला प्रमुख दिए पत्र में बताया कि गत साधारण सभा 9.11.2022 में लिये गये निर्णयों के संबंध में जिला परिषद सदस्य नरेश नायक ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी देवप्राज गीणा

- जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रमुख को अवगत कराया, कलेक्टर से मिले कार्यवाही के लिए

से चिकित्सा विभाग से संबंधित जानकारी दूरभाष पर मांगी, जिस पर देवप्राज मीणा ने अपने पद का दुरपयोग करते हुए एक जनप्रतिनिधि को अपमान जनक एवं अभद्र तरिके से दूरभाष पर अपमानित किया जिसकी मोबाईल रिकॉर्डिंग उपलब्ध है।

उन्होंने जिला प्रमुख से मांग करते हुए बताया कि यह प्रकरण गंभीर प्रकृति का होने के कारण तत्काल जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक बुलाकर बैठक में उक्त प्रकरण को रखकर लोक सेवक द्वारा अपने पद का दुरपयोग करने के लिए निन्दा प्रस्ताव लिया जावे एवं जिम्मेदार पद पर होने के बावजूद शराब पीकर दुव्यवहार करने वाले मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी देवप्राज मीणा के विरूद्ध निन्दा प्रस्ताव पारित किया जावे एवं उनके खिलाफ कानुनी कार्यवाही करने हेतु जिला कलेक्टर एवं राजस्थान सरकार को लिखा जावे।

जिसके बाद जिला प्रमुख बंसल के साथ जिला परिषद सदस्य जिला कलेक्टर चिन्यमी गोपाल से मिले और सीएमएचओ के खिलाफ कार्यवाही की। जिला परिषद सदस्यो से कलेक्टर से मिलने के बाद बताया कि जिला कलेक्टर ने अपने इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं करने की बात कही। जिस पर जनप्रतिनिधियों ने आक्रोश प्रकट किया। इस मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवप्राज मीणा का कहना है कि रात्रि को मुझे फोन किया था डीआर नरेश नायक ने, दत्तवास में डाक्टर संबंधित मामला था और यह मामला जिला परिषद में उठाया था, इस मामले में रात को छोटी-मोटी बात हो गई थी और कुछ नही हुआ। उनके कागज, उनके मोबाईल है, उनकी जबान है, कुछ भी कह सकते है। मैं तो काम में विश्वास करता हूँ। अनावश्यक बात करते है तो उसको जवाब भी दिया जाता है। रात को मुझे फोन किया, मुझे 5-6 बजे तक भी फोन कर सकते थे, जिले में पूरा सिस्टम बना हुआ है, उस पर सूचना दो। मेरी पर्सनल जिदंगी भी है। उन्होंने अपने मोबाईल से एक साईड की रिकार्डिंग कर ली, मैं रिकार्डिंग करता नहीं हूँ। उनको बुरा लगता हूँ मेरी स्थानान्तरण करवा दो। फिर भी मैं माफी मांगने को तैयार हूँ।

## सार-समाचार

### रोहन रघुवंशी का चयन



रोहन रघुवंशी।

**टोंक,** (निसं)। बोर्ड ऑफ डिसेबल क्रिकेट एसोसिएशन इंडिया के तत्वाधान में 3 दिसंबर से 14 दिसंबर तक खेली जाने वाली पांच मैचों की वन-डे एवं टी-20 भारत-बांग्लादेश सीरीज के लिए टोंक के क्रिकेट खिलाडी रोहन रघुवंशी का चयन किया गया है। एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी के. रामारेड्डी एवं बोर्ड ऑफ डिसेबल क्रिकेट एसोशियन राजस्थान के अध्यक्ष रवि बंजारा ने बताया कि तिरुनेलवेली तमिलनाडु में पांच मैचों की वन-डे एवं टी-20 भारत बांग्लादेश सीरीज जो 3 दिसंबर से 14 दिसंबर तक खेली जाएगी, जिसके लिए टोंक राजस्थान के रोहन रघुवंशी का चयन किया गया। रवि बंजारा ने जानकारी देते हुये बताया कि रोहन इससे पहले भी पिछले वर्ष भारत में खेली गई भारत बाग्लादेश टी-20 सीरीज में खेल चुके हैं। रोहन के परिजनों ने बताया कि रोहन 27 नवंबर को तमिलनाडु के लिए रवाना हो चुके है।

### जिला कार्यकारिणी का गठन

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। सीकर राजस्थान विद्युत कर्मचारी संघ कि सीकर जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। यह जानकारी देते हुए जिला संयोजक महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि आज प्रदेश संयुक्त महामंत्री प्रभारी प्रसारण विभाग हरगोविंद शर्मा के सानिध्य में कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इस अवसर पर सह संगठन मंत्री विनोद शर्मा कार्यालय मंत्री अमित कुमार हीरापुरा वृत के महामंत्री गोकुल जांगिड़ सह संगठन मंत्री मोतीराम गुर्जर की उपस्थिति में आयोजित बैठक में पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। जिसमें विनोद कुमार सैनी को जिला अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश बिजारणीया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार, जितेंद्र कुमार प्रदीप व जगमाल सिंह, महामंत्री संपत कुमार रहेंगे। अन्य पदाधिकारियों में संयुक्त महामंत्री वेद प्रकाश, संगठन मंत्री श्रवण कुमार, कार्यालय मंत्री प्रभाती लाल महला तथा मंत्री के रुप मे अर्जुन ढाका व हरि सिंह को नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी सदस्यों में मामचंद, प्रभु सिंह, महेश कुमार, जमील खान, महेंद्र कुड़ी, रामनिवास, हनुमान योगी, अरुण कुमार, मोहनलाल, साकिर खान को शामिल किया गया है।

### पुलिस महानिदेशक का स्वागत

**टोंक,** (निसं)। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा कोटा जाते समय मंगलवार को हाईवे स्थित एक होटल पर रुके, जहां पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी की अगुवाई में उनका स्वागत किया गया। मिश्रा ने एसपी से जिले की कानून व्यवस्था की जानकारी ली। जानकारी के अनुसार प्रदेश के पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा मंगलवार को जयपुर से कोटा जा रहे थे, इस दौरानन डीजीपी मिश्रा हाईव स्थित होटल शीतल पर चाय-पानी के लिए रुके, जहां पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी से जिले की कानून व्यवस्था की जानकारी ली और सुधार के लिए व्यापक निर्देश दिए। जिला पुलिस अधीक्षक को 12 से 1 बजे जनसुनवाई करने के निर्देश दिए और साम्प्रदायिक विरोधी तत्वों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को पूरी तरह से न्याय व राहत मिले, इसमें कोई कोताही ही बरती आएं। डीजीपी मिश्रा शीतल रिसोर्ट के जल-पान और साफ सफाई व गार्डन को देखकर खुश हो गए। उन्होंने होटल संचालक के.डी.खान को बुलाकर उनसे मुलाकात कर धन्यवाद भी दिया। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा की सादगी व नम्र व्यवहार देखकर होटल का स्टाफ अभिभूत हो गया। इसके बाद वे कोटा के लिए रवाना हो गए। इस दौरान जिलेभर की पुलिस सतर्क रही।

### जनक्रान्ति पैदल मार्च का स्वागत किया

**मालपुरा,** (निसं)। प्रदेश की कांग्रेस सरकार के चार साल के कार्यकाल को जंगल राज कुशासन व भ्रष्टाचार बता भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा निकाली जा रही जनआक्रोश यात्रा के मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा पहुंचने से पूर्व मंगलवार को महेश सेवा सदन मे मालपुरा टोडारायसिंह भाजपाईयो की बैठक आयोजित की गई। जनआक्रोश यात्रा जिला संयोजक सतीश चंदेल, विधानसभा प्रभारी राजेन्द्र गुर्जर, मंडल अध्यक्ष त्रिलोक जैन,प्राधान सकराम चौपडा, संत कुमार जैन, नरेन्द्र जैन, सुभाष गालव की उपस्थिति में आयोजित बैठक में बुझे मन से पहुंचे तीन से चार दर्जन कार्यकर्ताओं के चेहरे पर जनआक्रोश रैली के उत्साह के बजाय मायूसी नजर आई। वही दुसरी और कांग्रेस के पूर्व उपजिला प्रमुख व युवा ब्राह्मण नेता एडवोकेट अवधेश शर्मा की अगुवाही मे विधानसभा क्षैत्र की आठ सुत्री मूलभूत मांगो को बजट घौषणा मे शामिल करवाये जाने की मांग को लेकर जनक्रान्ति सेना द्वारा बिसलपुर से जयपुर तक निकाली जा रही पैदल मार्च के मंगलवार को मालपुरा पहुंचने पर मालपुरा विकास मंच, ब्राह्मण समाज, बार एसोसिएशन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, च्यवन गौड ब्राह्मण समाज सहित युवाओं व महिलाओं के साथ-साथ सर्व समाज द्वारा गर्मजोशी से जगह-जगह किये गये भव्य स्वागत व समर्थन की घौषणा से कार्यकर्ताओ मे उत्साह देखा गया।

### व्याख्यान माला आयोजित

**कोटपूतली ,** (निसं)। स्थानीय राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय में मंगलवार को साईन्स क्लब के तत्वाधान में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में वनस्पति शास्त्र के सहायक आचार्य डॉ. संदीप आर्य ने सतत् विकास के बारे में बताते हुए सस्टेनेबल डवलपमेंट एण्ड सस्टेनेबल गोल, ट्रांसफॉर्मिंग ऑवर वर्ल्ड पर व्याख्यान देते हुए सतत् विकास की उपयोगिता बताई। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग इस प्रकार करना चाहिये कि भावी पीढ़ी के लिए भी ये उपलब्ध रहे। उन्होंने कहा कि सतत् विकास के लिए 17 लक्ष्य है। जिसमें गरीबी व भूखमरी को खत्म करना, शिक्षा के क्षेत्र में विकास व नवाचार, अमीर व गरीब में असामनता को दूर करना। जिसके लिए वैश्विक स्तर पर वर्ष 2030 तक इन्हें प्राप्त करना है। इस दौरान संयोजक डॉ. प्रीति गुप्ता, डॉ. शौभा जौहरी, डॉ. एसके गर्ग, डॉ. हरिराम, डॉ. अनुभा गुप्ता व सुबीता चौधरी आदि मौजूद रहे।

### ऋण वितरण शिविर आयोजित

**कोटपूतली,** (निसं)। स्थानीय यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया शाखा द्वारा महिला स्वयं सहायता समूह ऋण वितरण शिविर का आयोजन डाबला रोड़ स्थित राजपूताना महाविधालय में बैंक की उप क्षेत्रीय प्रमुख शिखा अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि भारत में आज महिलाओं को समाज व परिवार के अनुसार जीवन जीना पड़ता है। जिससे वे मानसिक व शारीरिक हिंसा का शिकार होती है। इसलिए महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबुत बनाने से ही महिला सशक्तिकरण सम्भव है। विशिष्ठ अतिथि के रूप में बैंक की फेनिसा सर्राफ ने यूनियन नारी शक्ति, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, यूनियन मुस्कान आदि योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर विभिन्न 7 स्वयं सहायता समूह की 80 महिलाओं को ऋण स्वीकृति के परिपत्र वितरित किये गये। विशिष्ठ अतिथि के रूप में कलस्टर मैनेजर संजू शेखावत, बीपीएम धर्मवीर सिंह व महाविधालय के प्राचार्य डॉ. एच.एन. धोलीवाल ने भी विचार व्यक्त किये। अध्यक्षता शाखा प्रबंधक महेन्द्र गुप्ता ने की। जबकि ग्राम विकास अधिकारी विक्रम सैनी ने धन्यवाद् ज्ञापित किया।

### खेलकूद प्रतियोगिता में लहराया परचम

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के शक्ति विहार राजधानी जयपुर में आयोजित विधिक जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कस्बे के शक्ति विहार स्थित शिव सरस्वती स्कूल के विधार्थियों ने सफलता का परचम लहराया। कबड्डी (छात्रा वर्ग) में विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले भर में क्षेत्र व विधालय का नाम रोशन किया। छात्रा मीनू पुत्री दयाराम यादव ने 200 मीटर रिले दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। विज्ञान व भुगोल प्रदर्शनी में भी छात्रों ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि सीबीईओ रामसिंह यादव ने विधार्थियों को दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास व अनुशासन में रहकर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विधालय के निदेशक बद्रीप्रसाद शर्मा, एसीबीईओ दयाराम चौरडिया, आरपी राजेन्द्र सैनी, जसवंत यादव, महेंद्र शर्मा, प्रवीण मीणा, डॉ. घनेश गौड़, रेणु शर्मा, संगीता गौतम व निष्ठा शर्मा आदि मौजूद रहे। सह निदेशक हृदेश शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

### एक आरोपी गिरफ्तार

**निवाई,** (निसं)। एमएमआरडी एक्ट मामले में डेढ वर्ष से फरार वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। दत्तवास थानाधिकारी नाहरसिंह ने बताया कि फरार वांछित आरोपियों के धरपकड अभियान के तहत पुलिस ने अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के मामले में डेढ वर्ष से फरार चल रहे वांछित आरोपी मनीष गुर्जर पुत्र छोटूराम गुर्जर निवासी सावलिया चाकसू जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।



मैं यह कहना चाहूंगा कि भारतीय क्रिकेट में आईपीएल सबसे अच्छी चीज हुई है। लेकिन हर बार जब भारतीय क्रिकेट में अच्छा नहीं करते है तो सारी जिम्मेदारी आईपीएल पर आती है जो कि उचित नहीं है। यदि हम आईसीसी टूर्नामेंट में अच्छा नहीं करते है तो खिलाड़ियों को दोष दीजिये। - **गौतम गंभीर**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, आईपीएल को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

**नेमार**



**ब्राजील** के मैनेजर टिटे ने कहा कि स्टार फारवर्ड नेमार टखने की चोट के बावजूद फीफा विश्व कप में खेलना जारी रखेंगे। नेमार शुक्रवार को ग्रुप जी में सर्बिया के खिलाफ मैच में चोट खा बैठे थे हालांकि ब्राजील ने यह मुकाबला 2-0 से जीत लिया था। चोट लगने के बाद नेमार मैदान के बाहर चले गये और उन्हे बेंच पर बैठे हुए देखा गया। उनके दाहिने टखने में सूजन दिखाई दे रही थी और स्टार खिलाड़ी की पलकें भीगी हुयी थीं। टिटे ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, नेमार विश्व कप खेलेंगे, आप इस बात को लेकर सुनिश्चित हो सकते हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** 8 दिसम्बर, 1981 को ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच निर्धारित मैच विद्युत कर्मियों की हड़ताल के कारण रद्द कर दिया गया था।

# घाना ने रोमांचक मुकाबला जीता, कोरिया विश्व कप से बाहर

अल रैयान (कतर), 29 नवंबर। घाना ने मोहम्मद कुदूस के दो गोलों की बदौलत सोमवार को फीफा विश्व कप 2022 के रोमांचक ग्रुप-एच मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 3-2 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। एजुकेशन सिटी स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में विजेता टीम के लिये मोहम्मद सालिसू (24वां) और कुदूस (34वां, 68वां मिनट) ने गोल किये। चो गुए-सुंग (58वां, 61वां) ने कोरिया के दोनों गोल जमाये।

पहले हाफ में 2-0 से पिछड़ने के बाद कोरिया गुए-सुंग के गोलों की बदौलत मैच में वापस आ गया था, लेकिन कुदूस के गोल ने एक बार फिर घाना को बढ़त दिला दी। इसके बाद कोरिया ने स्कोर बराबर करने के कई प्रयास किये लेकिन घाना के गोलकीपर लॉरेंस अतिज़िगी ने उन्हें एक बार भी कामयाब नहीं होने दिया और अपनी टीम के लिये बहुमूल्य तीन अंक सुनिश्चित किये।



करो या मरो मुकाबले में कोरिया ने अच्छी शुरुआत की लेकिन सालिसू ने घाना को शुरुआती बढ़त दिलाई। मैच के 23वें मिनट में सालिसू ने जॉर्डन एयू से पास लेकर उसे गोल में पहुंचा दिया। मैच के 34वें मिनट में जॉर्डन ने कुदूस को पास दिया और घाना ने अपनी बढ़त दोगुनी कर ली।

पहले हाफ में 2-0 से पिछड़ने के बाद गुए-सुंग कोरिया को मैच में वापस लेकर आये। उन्होंने 57वें मिनट में ली कांग के क्रॉस को हेडर से घाना के गोल में पहुंचाया। पांच मिनट बाद उन्होंने जिन सू के क्रॉस पर यही कारनामा दोहराते हुए स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। छह मिनट के अंतराल में दो गोलों के साथ कोरिया ने आक्रामक रुख अपना लिया था लेकिन कुदूस एक बार फिर घाना की मदद के लिये आगे आये। मैच के 67वें मिनट में इनाकी विलियम्स बाईं ओर से आये क्रॉस को किक करने से चूक गये, जिसके बाद कुदूस ने कोरियाई रक्षण को छकाते हुए बॉल को नेट में पहुंचाया।

मैच के आखिरी 20 मिनटों में कोरिया ने पूरी आक्रामकता अपनाई लेकिन अतिज़िगी ने शानदार तरीके से गोलपोस्ट की रक्षा की और कोरिया को एक गोल के अंतर से हारना पड़ा। कोरिया दो मैचों में एक ड्रॉ और एक हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गयी है, जबकि घाना एक जीत और एक हार के साथ ग्रुप-एच में पुर्तगाल के बाद दूसरे स्थान पर है। कोरिया को अपने आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में शुक्रवार को पुर्तगाल का सामना करना है जबकि घाना इसी दिन उरुग्वे का सामना करेगी।

# हार का सिलसिला रोकने उतरेगा भारत

एडिलेड, 29 नवंबर। भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार को यहां मेट स्टेडियम पर पांच मैचों की शृंखला का तीसरा टेस्ट जीतकर सीरीज बचाने के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का सिलसिला समाप्त करने उतरेगी। भारत ने 2020 के बाद से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोई मुकाबला नहीं जीता है। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 7-0 से रौंदा था। इस टेस्ट सीरीज के पहले रोमांचक मैच में भारत को 4-5 से हार मिली, जबकि दूसरे मैच में उन्हें 7-4 की करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा।

दोनों टीमें जानती हैं कि 13 जनवरी से भारत में शुरू होने वाले एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला की तैयारी में ये मैच महत्वपूर्ण हैं। घरेलू टीम जहां पहले दो मैचों में अपनी सफलता को आगे बढ़ाना चाहेगी, वहीं भारत के सामने शृंखला में वापसी करने की चुनौती होगी।

कप्तान हरमनप्रीत ने मैच से पहले कहा, हमने पहले दो मैचों में जो गलतियां की हैं, हमने उन्हें देखा है। ऑस्ट्रेलिया को थोड़ी भी जगह मिलती है तो वह उसे अवसर में बदलने में तेजी दिखाते हैं। हम अपने रक्षण को बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे।

हरमनप्रीत ने कहा, जब मैच बड़े स्कोर वाले होते हैं और दोनों टीमें अपने आक्रमण में पूरी ताकत लगाती हैं, तो एक से अधिक पेनल्टी कार्नर के अवसर मिलते हैं। हम जहां पेनल्टी कार्नर के अवसर बनाने और उससे स्कोर करने में कामयाब रहे हैं, वहीं हमने कुछ पेनल्टी दिये भी हैं जिन्हें आगामी मैचों में कम करने की आवश्यकता है। हरमनप्रीत ने कहा कि बचाव और जवाबी हमले टीम के सकारात्मक पक्ष हैं और भारत गति एवं फिटनेस के मामले में भी ऑस्ट्रेलिया के बराबर है।

हरमनप्रीत ने मोहम्मद रहील और सुखजीत की तारीफ करते हुए कहा कि पहली बार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते हुए युवा खिलाड़ियों ने दबाव में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमने जनवरी में विश्व कप से पहले ऐसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलकर महत्वपूर्ण अनुभव हासिल किया है। हम अब शेष तीन मैचों की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## क्रू एप से जुड़े रोनाल्डिन्हो

नयी दिल्ली, 29 नवंबर। ब्राज़ील के दिग्गज फुटबॉलर रोनाल्डो डी एसिस मोरेरा उर्फ रोनाल्डिन्हो भारतीय मूल के सोशल मीडिया ऐप कू से जुड़ गये हैं। कू ने यहां जारी बयान में बताया कि रोनाल्डिन्हो ने इस मंच पर अपना अकाउंट बनाने के बाद पुर्तगाली, अंग्रेजी और कई भारतीय भाषाओं में पोस्ट किये हैं। कई भाषाओं में पोस्ट लिखने का यह तरीका कू ऐप का अनूठा फीचर है। कू ऐप के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अप्रमेय राधाकृष्ण ने कहा, ''रोनाल्डिन्हो का हमारे मंच पर आने का यह सबसे बेहतरीन वक्त है। हमारा लक्ष्य भाषाई मुश्किलों के बावजूद दुनिया को एकजुट करना है। जिस वक्त दुनिया भर में फीफा विश्व कप 2022 देखा जा रहा है, हर देश में मौजूद रोनाल्डिन्हो के प्रशंसक अपनी पसंद की भाषा में उनके साथ जुड़ने में सक्षम होंगे। एक मंच के रूप में कू ऐप मशहूर शख्सियतों को हर भाषा में पोस्ट करने के अलावा अपनी मातृभाषा में अपने प्रशंसकों के साथ संवाद करने में सक्षम बनाता है। कू ऐप के सह-संस्थापक, मयंक बिदावतका ने कहा, ''हम सभी रोनाल्डिन्हो के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। फुटबॉल के सबसे बड़े दिग्गजों में से एक का कू ऐप से जुड़ना रोमांचक है। जब हम ब्राजील जायेंगे तो उनसे मिलना और भी रोमांचक होगा। हमने हाल ही में ब्राजील में ऐप लॉन्च किया है और कू वहां रातों-रात जबर्दस्त रूप से मशहूर ब्रांड बन गया है। जिस गर्मजोशी और प्यार से ब्राजील ने हमारा स्वागत किया है वह काबिले तारीफ है।'' कू ऐप को बीते 18 नवंबर को ब्राज़ील में लॉन्च किया गया था और तब से यह एंड्रॉयड और एप्पल स्टोर पर नंबर एक ऐप बन चुका है।



# हमारी टीम में कोई कायर नहीं है : कमिंस

पर्थ, 29 नवंबर। ऑस्ट्रेलिया टेस्ट टीम के कप्तान पैट कमिंस ने पूर्व कोच जस्टिन लैंगर के विवादित बयान पर चुप्पी तोड़ते हुए मंगलवार को कहा कि उनकी टीम में कोई कायर नहीं है। लैंगर ने एक हालिया साक्षात्कार में कहा था कि उनकी कोचिंग को लेकर मीडिया में छुपकर बयान देने वाले खिलाड़ी कायर थे।

पूर्व कोच लैंगर ने कहा था, सभी (कोचिंग कार्यकाल के दौरान) मेरे सामने अच्छा व्यवहार कर रहे थे, लेकिन मैं साथ ही अखबार भी पढ़ रहा था और अपने बच्चों की कसम, आधे से ज्यादा चीजों पर विश्वास करना मुश्किल है। कई पत्रकार 'सूत्र' शब्द का प्रयोग करते हैं। मैं कहता हूं कि उस शब्द को बदलकर 'कायर' कर देना चाहिये।

कमिंस ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए संवाददाताओं से कहा, ''ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में कोई कायर नहीं है, कभी था भी नहीं। मैं कभी भी निजी बातों को किसी के सामने ज़ाहिर नहीं करूंगा। मेरे खयाल से यह निराशाजनक है कि लोगों का ध्यान मैदान के बाहर की बातों की ओर आकर्षित होता है,



लेकिन हमारी टीम पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।''

लैंगर ने हालांकि बाद में अपनी टिप्पणी पर सफाई देते हुए कहा था कि मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी उनके छोटे भाइयों की तरह हैं। कमिंस ने कहा, ''मेरे अनुसार, जो वह कहना चाह रहे थे उसमें कोई बैर नहीं था और उन्होंने बाद में इस पर सफाई भी दे दी। मेरा खयाल है कि उन्होंने इस बारे में सोचा होगा, जिसके लिये उनका शुक्रिया। हम अपने पिछले 12 माह के प्रदर्शन से बहुत खुश हैं। हमने जिस तरह चीजों का सामना किया और हम जिस तरह खेले। खिलाड़ी अपना सिर ऊंचा रख सकते हैं।''

ऑस्ट्रेलिया और वेस्ट इंडीज के बीच खेले जाने वाले दो टेस्ट मैचों में से पहला बुधवार को यहां ऑप्टस स्टेडियम पर शुरू होगा। उन्होंने कहा, ''वह (लैंगर) यहां कमेंट्री करते हुए मिल जायेंगे जो अच्छा होगा। हम इस स्टेडियम पर खेलना पसंद करते हैं। मेरे आदर्श डेनिस लिली भी यहां होंगे, इस राज्य में उनका घर है।''

कमिंस ने क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करते हुए कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के लिये तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड और सलामी बल्लेबाज मार्कस हैरिस को एकादश से बाहर रखा गया है, जबकि ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन घर में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिये तैयार हैं। कमिंस ने कहा, ''यह अब तक की सबसे स्थिर टीम है। आप शायद 12 महीने पहले टीम चुन सकते थे, मुझे लगता है कि हम एक अच्छी जगह पर हैं।''

## राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली, 29 नवंबर। साल 2022 के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कोच और एथलीटों ने पुरस्कार समारोह से एक दिन पहले मंगलवार को यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का दौरा करके देश के शहीद सैनिकों को शृद्धांजलि अर्पित की। युद्ध स्मारक का दौरा करने वाले कुछ प्रमुख एथलीटों में मुक्केबाज निकहत ज़रीन, बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय, स्टीपलचेज़र अविनाश साबले और युवा ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रगनानंद शामिल थे। पुरस्कार विजेताओं ने अपनी यात्रा के दौरान वीरता चक्र का दौरा किया। यहां उन्होंने वे छह कांस्य भित्ति चित्र देखे जो आज़ादी के बाद हुए विभिन्न ऐतिहासिक युद्धों को दर्शाते हैं। उल्लेखनीय है कि इस साल 40 से अधिक खेल पुरस्कार दिये जा रहे हैं जिनमें एक मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार, 25 अर्जुन पुरस्कार और सात द्रोणाचार्य पुरस्कार शामिल हैं।

# अहबाब की संघर्षपूर्ण जीत



नयी दिल्ली, 29 नवंबर। अहबाब फुटबॉल क्लब ने मंगलवार को फुटबाल दिल्ली सीनियर डिवीजन लीग में दिल्ली टाइगर्स को 2-1 हराकर अपना सुपर-6 अभियान शुरू किया। नेहरू स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में विजेता टीम के लिये लालनुंजामा और चंद्रा तमांग ने गोल जमाये। पराजित टीम का गोल करन ने किया। उतार चढ़ाव वाले मैच में अहबाब के फॉरवर्ड ने कई अच्छे हमले किये लेकिन टाइगर्स के गोलकीपर अब्बास ने भी शानदार रक्षण करके हार के अंतर को न्यूनतम रखा। अहबाब के चंद्रा तमांग को मैन ऑफ द मैच आंका गया। सीनियर डिवीजन लीग में बुधवार को खेले जाने वाले मैचों में दिल्ली यूनाइटेड एफसी का सामना सिटी एफसी से होगा जबकि यंगमेन एफसी को यूनाइटेड भारत एफसी की चुनौती का सामना करना है।

## भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 42-30 से हराया

इंचियोन (दक्षिण कोरिया), 28 नवंबर। भारत की सीनियर महिला हैंडबॉल टीम ने 19वीं एशियाई महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में सोमवार को अपने चौथे लीग मैच में ऑस्ट्रेलिया को 42-30 से हराया। भारत की ओर से भावना ने सर्वाधिक 16 गोल दागे, जबकि मेनका ने 12 गोल किये। शालिनी ठाकुर ने आठ जबकि सोनिका ने पांच गोल का योगदान दिया।

## उरुग्वे के विरुद्ध पहले गोल में रोनाल्डो ने बॉल को नहीं छुआ

लुसैल, 29 नवंबर। फीफा विश्व कप 2022 में प्रयोग होने वाली आधिकारिक बॉल अल रिहला की आपूर्ति एडिडास ने अपनी तकनीक की मदद से पुष्टि की है कि सोमवार को उरुग्वे के खिलाफ पुर्तगाल के शुरुआती गोल में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की कोई भूमिका नहीं थी। रोनाल्डो ने उरुग्वे के खिलाफ पुर्तगाल के मैच के 54वें मिनट में एक गोल करने का दावा किया लेकिन बाद में गोल का श्रेय उनकी टीम के साथी ब्रूनो फर्नांडीस को दिया गया। फर्नांडीस ने पिच के बाईं ओर से बॉल को पार किया और बॉल गोल में जाते ही रोनाल्डो ने सबसे ऊंची छलांग लगा दी। रिप्ले ने बाद में दिखाया कि रोनाल्डो और बॉल का कोई संपर्क नहीं हुआ था। एडिडास ने अपने बयान में कहा, पुर्तगाल और उरुग्वे के बीच मैच में प्रयोग की गयी एडिडास की अल रिहला आधिकारिक मैच बॉल की कनेक्टेड बॉल तकनीक की मदद से हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि मुकाबले के शुरुआती गोल में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने गेंद से कोई संपर्क नहीं किया था।

# राजस्थान के खिलाड़ियों के लिये स्वर्णिम दिन रहा

**राजस्थान के खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत - 6 स्वर्ण, 1 रजत तथा टीम स्पर्धा- 1 स्वर्ण व 1 कांस्य कुल 9 पदक जीते**

जयपुर, 29 नवम्बर। शॉटगन की 65वी नेशनल शूटिंग चैम्पियनशीप में राजस्थान के स्टार खिलाड़ी विवान कपूर ने ट्रेप सीनियर व जूनियर दोनों वर्गो में धमाकेदार प्रदर्शन कर सीनियर वर्ग में 01 व्यक्तिगत स्वर्ण, टीम स्पर्धा में मानवादित्य सिंह राठौड़ व अली अमन ईलाही के साथ तिकड़ी बनाकर 01 टीम स्वर्ण व जूनियर वर्ग में विनय प्रताप सिंह व मीम अफजल खान के साथ भी शानदार प्रदर्शन कर टीम का कांस्य पदक तथा शॉटगन ट्रेप जूनियर महिला वर्ग में राजस्थान की मानवी सोनी ने भी शानदार प्रदर्शन कर व्यक्तिगत 01 रजत तथा ट्रेप सीनियर मास्टर महिला वर्ग में स्नेहलता राजावत ने व्यक्तिगत 01 स्वर्ण अपने नाम किया।

10 मी एयर राईफल जूनियर पुरूष वर्ग में ओलम्पियन दिव्यांश सिंह पंवार ने शानदार प्रदर्शन करते हुये स्वर्ण पदक तथा राजस्थान के भानू प्रताप सिंह चौधनी ने भी 10मी एयर राईफल सीनियर सिविलियन कैटेगिरी में स्वर्ण, जूनियर सिविलियन कैटेगिरी में स्वर्ण व सब यूथ नेशनल कैटेगिरी में भी स्वर्ण पदक 627.3 के स्कोर कर सब यूथ कैटेगिरी में नेशनल रिकॉर्ड कायम किया।

शॉटगन की 65 नेशनल शूटिंग चैम्पियनशीप दिनांक 20.11.2022 से 10.12.2022 तक डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज, नई दिल्ली में तथा राईफल ईवेन्ट की नेशनल चैम्पियनशीप दिनांक 20.11.2022 से 09.12.2022 तक त्रिवेन्द्रम, केरला में नेशनल राईफल एसोसियेशन द्वारा आयोजित की जा रही है। शॉटगन ट्रेप स्पर्धा में राजस्थान के स्टार खिलाड़ी विवान कपूर का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा, उसने 125 में से 121 का शानदार स्कोर कर सीनियर टीम में मानवादित्य सिंह राठौड़, अली अमन ईलाही के साथ स्वर्ण व जूनियर वर्ग में विनय प्रताप सिंह व मीम अफजल खान के साथ टीम में कांस्य पदक व फाईनल में भी धमाकेदार प्रदर्शन कर व्यक्तिगत स्वर्ण तथा ट्रेप जूनियर महिला वर्ग में मानवी सोनी ने रजत व ट्रेप सीनियर मास्टर महिला वर्ग में स्नेहलता राजावत ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ट्रेप स्पर्धा में राजस्थान के 53 खिलाड़ियों ने शॉटगन की 65वी नेशनल शूटिंग चैम्पियनशीप में क्वालीफाई किया।

**फ्रांस, ब्राजील के बाद पुर्तगाल भी प्री-क्वार्टर फाइनल में**

# रोनाल्डो की टीम ने उरुग्वे को हराया, फर्नांडीस ने किए डबल गोल

नई दिल्ली, 29 नवम्बर। स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की लीडरशिप में उतरे पुर्तगाल ने कतर में चल रहे फुटबॉल वर्ल्ड कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। उनकी टीम ने उरुग्वे को 2-0 से हराया। पुर्तगाल नॉकआउट राउंड में जगह बनाने वाली तीसरी टीम बनी है। पुर्तगाल से पहले फ्रांस और ब्राजील ने टॉप-16 में जगह बनाई है।

लुसैल स्टेडियम में सोमवार-मंगलवार की रात खेले गए इस मुकाबले का पहला हाफ गोलरहित रहा। हाल ही में मैनचेस्टर यूनाइटेड से अलग हुए क्रिस्टियानो रोनाल्डो भी स्कोर नहीं कर सके। पहले हाफ में पुर्तगाली टीम का एक भी शॉट ऑन टारगेट नहीं रहा।

**बेंटानकुर ने गोल का मौका गंवाया**

पहले हाफ में उरुग्वे के पास बढ़त बनाने का अच्छा मौका था, लेकिन रोड्रिगो बेंटानकुर उसे भुना नहीं सके। बेंटानकुर तीन पुर्तगाली डिफेंडरों को छकाते हुए गोल पोस्ट के बेहद करीब पहुंच गए थे। लेकिन, बॉल को गोलकीपर डिओगो कोस्टा से पार नहीं करा सके। यहां कोस्टा ने शानदार बचाव किया। मुकाबले के दौरान बेंटानकुर अपने साथी जोस जिमेनेज के साथ रिएक्ट करते हुए।

**फर्नांडीस ने पेनल्टी बॉक्स के बाहर से गोल दागा**

हाफ टाइम के कुछ देर बाद पुर्तगाल की ओर से 54वें मिनट में ब्रूनो फर्नांडीस ने पेनल्टी बॉक्स के बाहर से शानदार गोल दागा। तय 90 मिनट तक यही स्कोर लाइन रही। फिर एक्स्ट्रा टाइम में (93वें मिनट) ब्रूनो फर्नांडीस ने ही पेनल्टी पर दूसरा गोल किया। पुर्तगाल की 2 मैचों में यह दूसरी जीत है। जिसके चलते वह ग्रुप- में 6 अंकों के साथ टॉप पर है। वहीं, घाना की टीम 3 अंको के साथ दूसरे नंबर पर है, जबकि साउथ कोरिया और उरुग्वे एक-एक अंक लेकर क्रमश: तीसरे और चौथे नंबर पर है। उरुग्वे को अगले राउंड में पहुंचने के लिए अब किसी भी हाल में घाना को हराना होगा।



**दोनों टीमों की स्टार्टिंग इलेवन**

पुर्तगाल (4-1-2-1-2): डिओगो कोस्टा(गोलकीपर), जोआओ कैंसिलो, पेपे, रुबेन डियास, नूनो मेंडिस, रुबेन नेवेस, बर्नार्डो सिल्वा, विलियम कार्वाल्हो, ब्रूनो फर्नांडीस, क्रिस्टियानो रोनाल्डो (कप्तान) और जोआओ फेलिक्स।

उरुग्वे (4-3-3): सर्जियो रोशेट (गोलकीपर), जोस जिमेनेज, डिएगो गोडिन (कप्तान), सेबस्टियन कोट्स, मथियास ओलिवेरा, मटियास वेसिनो, रोड्रिगो बेंटकर, फेडे वाल्वेर्दे, जी वेरेला, ई कवानी और डार्विन नूनेज।

## तीसरे वनडे पर भी मंडरा रहे बादल

क्राइस्टचर्च, 29 नवंबर। टी20 शृंखला और दूसरे वनडे के बारिश से प्रभावित होने के बाद भारत और न्यूजीलैंड के बीच यहां हैगली ओवल पर बुधवार को खेले जाने वाले तीसरे एकदिवसीय मैच पर भी बारिश का खतरा मंडरा रहा है।

टी20 शृंखला के पहले मैच में भारत की विजय के बाद दूसरा टी20 बारिश के कारण रद्द कर दिया गया, जबकि तीसरा वर्षाबाधित टी20 टाई होने के कारण भारत ने सीरीज 1-0 से जीत ली। वनडे सीरीज में भी तस्वीर कुछ ऐसी ही है, जहां पहला मैच न्यूजीलैंड के पक्ष में गया और दूसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। शिखर धवन की टीम जब भारतीय समयानुसार सुबह सात बजे मैदान पर उतरेगी तो उसके सामने सीरीज 1-1 से बराबर करने की चुनौती होगी। यह नतीजा भी तभी संभव है जब हैगली ओवल पर मैच हो सके, लेकिन यहां बुधवार को बारिश के 70 प्रतिशत आसार हैं। यदि कल क्राइस्टचर्च में किसी तरह मैच हो पाता है तो भारत के सामने यह सवाल होगा कि वह संजू सैमसन और दीपक हुड्डा में से किसे टीम में जगह दे। पहले मैच में सात विकेट की हार के बाद भारत ने छठे गेंदबाज की कमी महसूस की, जिसे पूरा करने के लिये हरफनमौला हुड्डा को दूसरे वनडे के लिये एकादश में शामिल किया गया। हुड्डा के टीम में आने से पहले मैच में 36 रन का योगदान देने वाले सैमसन को बाहर का रास्ता देखना पड़ा।

# पाक के पूर्व क्रिकेटरों में जुबानी जंग : अकरम ने लिखा- मलिक कपड़े-जूते धुलवाते थे, पूर्व कप्तान ने दिया जवाब

नई दिल्ली, 29 नवम्बर। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाड़ी मैदान पर अपने कारनामों से ज्यादा बाहरी गतिविधियों और बयानबाजी को लेकर सुर्खियों में रखते हैं। वहां के पूर्व खिलाड़ी भी गाहे-बगाहे किसी न किसी विवाद को लेकर चर्चा में रहते हैं। ताजा मामला पूर्व लेफ्ट आर्म फास्ट बॉलर वसीम अकरम और मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज सलीम मलिक से जुड़ा है।

अकरम ने अपनी बायोग्राफी में मलिक के ऊपर युवा खिलाड़ियों को परेशान करने और उनकी बेइज्जती करने के आरोप लगाए हैं। इस पर अब मलिक ने पलटवार किया है। चलिए जानते हैं कि पूरा मामला क्या है... अकरम ने लिखा- मलिक मेरे जूनियर होने का फायदा उठाते थे अकरम ने हाल ही में रिलीज बायोग्राफी सुल्तान में लिखा है- 1984 में जब मैंने पाकिस्तान के लिए डेब्यू किया तो उस समय के दिग्गज बल्लेबाज सलीम मलिक का व्यवहार काफी खराब होता था। अकरम ने आरोप लगाए हैं कि मलिक उनसे कपड़े और जूते साफ करवाते थे। इसके अलावा वे उन्हें मालिश करने को भी कहते थे।

अकरम ने लिखा है- मलिक एक स्वार्थी क्रिकेटर थे और छोटी सोच रखते थे। वे हमेशा अपने बारे में सोचते थे। वे मेरे जूनियर होने का फायदा उठाते थे। वसीम अकरम की बायोठाफी का कवर पेज। इस किताब में अकरम ने अपनी जिंदगी और करियर से जुड़े कई खुलासे किए हैं।

**अब मलिक ने किया पलटवार**

सलीम मलिक ने पाकिस्तानी मीडिया में अकरम के आरोपों पर जवाब दिया है। मलिक ने कहा- मैंने इस बारे में बात करने के लिए अकरम को फोन किया, लेकिन उसने मेरी कॉल नहीं पिक की। अगर मैं स्वार्थी होता तो अपनी कप्तानी में अकरम को टीम में शामिल नहीं करता। उसे गेंदबाजी के मौके नहीं देता। मैंने हमेशा उसका हौसला बढ़ाने की कोशिश की। कपड़े धुलवाने के आरोप पर मलिक ने सीधा जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा- अगर मैंने उसे कपड़े धोने के लिए कहा तो उसे वाशिंग मशीन का इस्तेमाल करना था। उसे हाथ से कपड़े धोने की कोई जरूरत नहीं थी।

**फिक्सिंग के आरोप में बैन हो चुके हैं मलिक**

सलीम मलिक पर मैच फिक्सिंग के आरोप भी लगे और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उन पर आजीवन बैन लगा दिया। मलिक ने इसके खिलाफ अपील की, लेकिन बोर्ड से उन्हें कोई रियायत नहीं मिली। बाद में पाकिस्तान की एक अदालत ने उनका बैन समाप्त कर दिया। आजकल वे पाकिस्तानी मीडिया में बतौर क्रिकेट एक्सपर्ट दिखाई देते हैं।

**अकरम ने कोकीन की लत को भी स्वीकार किया**

अकरम ने बायोग्राफी में सनसनीखेज खुलासा करते हुए लिखा कि रिटायरमेंट के बाद वे कोकीन के एडिक्ट हो गए थे। अकरम ने लिखा है- रिटायरमेंट के बाद मैंने कुछ दोस्तों की सलाह पर कोकीन लेना शुरू कर दिया था। मुझे शुरुआत में लगा कि एक-दो बार कोकीन लेने से मैं एडिक्ट नहीं बनूंगा, लेकिन जल्द ही मुझे अहसास हुआ कि इसके बिना मैं नहीं रह सकता हूं। उस समय अकरम की पहली पत्नी हुमा बीमार चल रही थीं। बाद में हुमा का निधन हो गया। जिसके बाद अकरम ने एक ऑस्ट्रेलियाई महिला से शादी कर ली।

**अकरम से दो साल पहले इंटरनेशनल क्रिकेट में आए थे मलिक**

सलीम मलिक ने 1982 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया। वहीं, अकरम ने 1984 में पाकिस्तान के लिए पहला मैच खेला। मलिक ने अपने करियर में 103 टेस्ट मैच में 5768 रन बनाए। उन्होंने 283 वनडे में 7170 रन भी बनाए। अकरम ने 104 टेस्ट खेले और 414 विकेट लिए। वनडे में उन्होंने 356 मैच खेले और 502 विकेट लिए। अकरम वनडे क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने थे। बाद में मुथैया मुरलीधरन (534 विकेट) ने उनका रिकॉर्ड तोड़ा।

# घरेलू क्लबों की हर संभव मदद करेगा एआईएफएफ : चौबे

नयी दिल्ली, 29 नवंबर। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने मंगलवार को कहा कि संघ के वर्तमान प्रशासन का ध्यान घरेलू क्लबों के विकास पर केंद्रित है और वह हर संभव हद तक उनका समर्थन करेगा।

चौबे ने यहां फुटबॉल हाउस में आई-लीग क्लबों के साथ हुई बैठक में कहा, ''सभी क्लबों के साथ-साथ महासंघ भी एक सपना देख रहा है जिसे वह निकट भविष्य में साकार होते हुए देखना चाहता है। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में, भारत में खेल को आगे ले जाने की पूरी क्षमता है। क्लब लंबे समय से इसे हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, हालांकि उनके प्रयासों को वह मान्यता नहीं दी गयी है जो दी जानी चाहिये थी। हमारा ध्यान क्लबों के विकास पर है और एआईएफएफ हर संभव हद तक उनकी मदद करेगा।

चौबे ने एआईएफएफ और क्लबों के बीच साझेदारी के विषय पर रोशनी डालने के साथ-साथ राजस्व में वृद्धि के संभावित क्षेत्रों और व्यावसायिक वृद्धि के तरीकों पर भी क्लबों के साथ चर्चा की। बैठक में एआईएफएफ के महासचिव डॉ. शाजी प्रभाकरन, उप महासचिव सुनंदो धर के अलावा गोकुलम केरल एफसी, मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब, श्रीनिधि डेक्कन एफसी, चर्चिल ब्रदर्स एफसी गोवा, राउंडग्लास पंजाब एफसी, राजस्थान यूनाइटेड एफसी, नेरोका एफसी, आइजोल एफसी और ट्राँ एफसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

डॉ. प्रभाकरन ने एलीट युवा लीग और आयु-समूह विकास की अवधारणा समझाते हुए कहा कि क्लब विकास और अभिजात वर्ग के खिलाड़ियों के विकास की योजनाएं तैयार की जा रही हैं और इसमें एलीट युवा लीग से लेकर जमीनी स्तर की लीग तक का दृष्टिकोण होगा।

डॉ प्रभाकरन ने कहा, इसमें कोई शक नहीं कि कई चुनौतियां हैं। अगर हम ठीक से बढ़ते हैं, तो चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया जा सकता है। खेल के सुचारू संचालन के लिये और क्लबों को अपने सीज़न की योजना पहले से अच्छी तरह से बनाने का अवसर देने के लिये, हम दिसंबर 2022 में ही वार्षिक प्रतियोगिता कैलेंडर 2023-24 की घोषणा करेंगे।



*स्टोन डैज़र्ट के नाम से विख्यात बुलगारिया के पोबीटी कमानी क्षेत्र में पहुँचकर सबसे पहले दो ही शब्द दिमाग में आते हैं "अजीब और अनोखा"। रेगिस्तान की जमीन से निकलते, विचित्र आकार वाले पत्थर के खम्भे चारों तरफ नज़र आते हैं। बुल्गारिया के शहर वारना के पास स्थित पोबीटी कमानी युनैस्को वर्ल्ड हैरिटेज साइट है। पोबीटी कमानी का अर्थ है, "स्टोन बीटन इन्टू द ग्राउंड"। इस डैज़र्ट लैंड स्केप में खोखले खम्भों जैसी कई प्राकृतिक चट्टानें हैं। जिन्हें देखकर ऐसा लगता है मानो, पूरी तरह पत्थर से बने किसी प्राचीन जंगल के अवशेष हैं ये पत्थर के स्तम्भ अलग-अलग आकार के हैं। कुछ तो 9 मीटर लम्बे हैं तो कुछ खोखले व ठोस। इनका व्यास 0.3 से लेकर 3 मीटर तक है। कुछ स्तम्भ इतने बड़े हैं कि, एक वयस्क व्यक्ति उनके अंदर बैठ सकता है। पोबीटी कमानी रॉक क्षेत्र 13 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है। बैलोस्लाव लेक के उत्तर व दक्षिण में चट्टानों के सात बड़े और पृथक समूह हैं। दिकिलीताश रॉक ग्रुप सबसे अच्छी स्थिति में है। कारीएराटा रॉक ग्रुप में इंसान द्वारा निर्मित चट्टानें भी हैं। इस क्षेत्र को संरक्षण देने के लिए 1930 के दशक में इसे "नैचुरल लैंडमार्क" करार दिया गया था। वर्तमान में यह इकोलॉजिकल नैटवर्क "नैचुरा 2000" का अंग है। यह क्षेत्र, देश के भीतरी भाग में सबसे बड़े "सैण्ड हैबिटैट" के रुप में, संरक्षण की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है और यहाँ पर अनेक विशिष्ट वनस्पति व जीव भी मिलते हैं। इसे युनैस्को वर्ल्ड हैरिटेज साइट लिस्ट में भी शामिल किया गया है। इस तरह का लैंड स्केप ऑस्ट्रेलिया में भी है। इसके बारे में कई सिद्धांत प्रचलित हैं, पर किसी भी सिद्धांत की पुष्टि नहीं हुई है। कुछ का कहना है कि, यह संरचना समुद्री लहरों, हवा और बारिश की वजह से बनी है।*

# क्या खड़गे की मोदी की रावण से तुलना भारी पड़ेगी गुजरात चुनाव में

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 29 नवम्बर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी क्या गुजरात विधानसभा के पिछले कई चुनावों की भांति एक बार फिर मतदाताओं की सिंपैथी हासिल करने में सफल होंगे और भाजपा को कांग्रेस और आम आदमी पार्टी जैसे अपने प्रतिद्वंदियों पर विजय दिलवाएंगे?

राजनीतिक और सामाजिक हलकों में यह प्रश्न बहस और चर्चा का विषय है तथा परिपक्व राजनीतिक विशेषज्ञ व पर्यवेक्षक इस मुद्दे पर अपनी अलग-अलग राय दे रहे हैं। गुजरात कांग्रेस के एक नेता की "औकात" टिप्पणी पर प्रधानमंत्री की प्रतिक्रिया के बाद भाजपा ने कांग्रेस के नए अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को प्रधानमंत्री की तुलना "रावण" से करने पर आड़े हाथ लिया और इस टिप्पणी को संदर्भ से हटाने की मांग की।

पिछले 27 साल से गुजरात में लगातार शासन कर रही भाजपा ने खड़गे पर गुजरात के पुत्र का बार-बार अपमान करने का आरोप लगाया है।

खड़गे ने अगले माह होने जा रहे चुनावों से पूर्व अहमदाबाद में एक रैली को संबोधित करते हुए ऐसी टिप्पणी की थी।

खड़गे ने श्रोताओं का हास्य और प्रशंसा बटोरते हुए कहा था "मोदी जी प्रधानमंत्री हैं। वह अपना काम भूलकर कॉरपोरेशन चुनाव, विधायक चुनाव, सांसद चुनाव हर कहीं चुनाव प्रचार करते रहते हैं। वह हमेशा खुद के बारे में बात करते हैं- आपको किसी और को नहीं देखना होता, सिर्फ मोदी और वोट को देखिए। हमें कितनी बार आपका चेहरा देखना पड़ता है? आपके कितने रूप हैं? क्या रावण की जैसे आपके दस सिर हैं?"

> ■ **गुजरात पुत्र, नरेन्द्र मोदी के पक्ष में सहानुभूति जागृत होगी, जिसका लाभ मिलेगा भाजपा को गुजरात के चुनाव में।**

कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि प्रत्येक चुनाव में, उम्मीदवार प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर वोट मांगते हैं।

कांग्रेस के इस सीनियर नेता ने कहा कि "मैं देखता रहा हूं कि चाहे नगरपालिका चुनाव हों, कॉरपोरेशन चुनाव हों या विधानसभा चुनाव हों, मोदी जी के नाम पर वोट मांगे जाते हैं। क्या मोदी नगर पालिका में काम करने आ रहे हैं? क्या वे संकट के समय में आपकी मदद करने वाले हैं।"

भाजपा आई.टी. सैल के प्रमुख अमित मालवीय ने कठोर टिप्पणी के साथ एक वीडियो साझा किया।

मालवीय ने लिखा कि "गुजरात चुनावों में हाशिए पर आ जाने को बर्दाश्त नहीं कर पा रही कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बोलते वक्त अपना संतुलन खो रहे हैं। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रावण कहते हैं। "मौत के सौदागर से लेकर रावण तक।" कांग्रेस गुजरात और उसे पुत्र का निरन्तर अपमान कर रही है।

ट्वीट में 2007 के गुजरात चुनाव के दौरान, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की विवादास्पद टिप्पणी "मौत का सौदागर" का जिक्र किया गया, जिसमें 2002 के दंगों को लेकर प्रधानमंत्री मोदी को निशाना बनाया गया था, जो उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री थे।

गुजरात में 1 तथा 5 दिसम्बर को मतदान होगा तथा परिणामों की घोषणा 8 दिसम्बर को होंगी।

भाजपा की रणनीति के बारे में बात करते हुये, प्रोफेसर रमेश दीक्षित ने बहुत ज्यादा प्रयुक्त रणनीति की सफलता पर संदेह व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लोग एक ही प्रकार के दाँव-पेजों से उकता गये हैं तथा सहानुभूति पैदा करने की भावनात्मक कोशिशों से प्रभावित होना बंद कर चुके हैं।

राजनैतिक ऐक्टिविस्ट रमेश तालपाडे ने का कि जब लोग बार-बार उन्हीं रणनीतियों तथा दाँव-पेजों को देखते हैं, तो उनसे फिर वैसा ही लाभ मिलना बंद हो जाता है मेरे ख्याल से हो अब मोदी की छवि में दरारें पड़ना शुरु हो गई है तथा इस बार खड़गे द्वारा की गई तुलना मोदी के प्रति उतनी सहानुभूति पैदा नहीं कर पायेगी तथा इसका एक कारण यह भी है कि खड़गे एक दलित नेता हैं। तालपाडे ने कहा कि अगर यह तुलना गांधी परिवार के किसी व्यक्ति ने की होती, तो स्थिति अलग होती।

लेकिन एक अन्य नेता राम विभोर का विचार है कि मोदी अजेय हैं तथा खड़गे की टिप्पणी से भाजपा को ही मदद मिलेगी।

## पूनिया चुनाव प्रचार के लिए गुजरात दौरे पर

जयपुर, 29 नवम्बर (का.सं.)। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल के साथ राजस्थान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने बनासकांठा ज़िले के पालनपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी अनिकेत ठाकर और डीसा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी प्रवीण माली के समर्थन में लक्ष्मीपुरा में जनसभा और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को संबोधित किया। डॉ. पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं मजबूत नेतृत्व में शांति, समृद्धि, विकास, जन कल्याणकारी योजनायों और सुरक्षा के जन विश्वास के मुद्दे पर गुजरात में भाजपा की दमदार वापसी हो रही है, राजस्थान के कार्यकर्ता भी मिशन गुजरात के लिए अथक परिश्रम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि, कार्यकर्ताओं के परिश्रम और जनता के आशीर्वाद से 2022 में गुजरात और 2023 में राजस्थान में भाजपा ऐतिहासिक जीत के साथ सत्ता पर काबिज होगी।

> ■ **सतीश पूनिया ने पालनपुर और डीसा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशियों के लिए जनसभाएं कीं।**

# प्र.मंत्री मोदी के बारे में कांग्रेस अध्यक्ष के अशोभनीय, असभ्य बयान को गुजरात सहित पूरा देश स्वीकार नहीं करेगाः पूनिया

## चुनाव प्रचार के लिए गुजरात गए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. पूनिया ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के बयान की कड़ी आलोचना की

बनासकांठा, 29 नवम्बर (का.सं.)।। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल के साथ राजस्थान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने बनासकांठा ज़िले के पालनपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी अनिकेत ठाकर और डीसा विधानसभा क्षेत्र में प्रवीण माली के समर्थन में लक्ष्मीपुरा में जनसभा और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को संबोधित किया।

डॉ. पूनिया ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं मजबूत नेतृत्व में शांति, समृद्धि, विकास, जन कल्याणकारी योजनाओं ओर सुरक्षा में जनता का विश्वास है और इस आधार पर गुजरात में भाजपा की दमदार वापसी हो रही है, राजस्थान के कार्यकर्ता भी मिशन गुजरात के लिए अथक परिश्रम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि, कार्यकर्ताओं के परिश्रम और जनता के आशीर्वाद से 2022 में गुजरात और 2023 में राजस्थान में भाजपा ऐतिहासिक जीत के साथ सत्ता पर काबिज होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर पलटवार करते हुए डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि, "मल्लिकार्जुन खड़गे कहते है कि नगर पालिका का चुनाव आता है तो मोदी का चेहरा, विधानसभा का चुनाव आता है तो मोदी का चेहरा, लोकसभा का चुनाव आता है तो मोदी का चेहरा, खड़गे ने यह कहते हुए मोदी के खिलाफ जो अशोभनीय, अलोकतांत्रिक एवं अमर्यादित बयान दिया, उसे गुजरात सहित पूरा देश स्वीकार नहीं करेगा।

> ■ **पूनिया ने कहा, मल्लिकार्जुन खड़गे के असभ्य बयान का जवाब देने के लिए भगवान श्रीराम के उपासक और अनन्य भक्त नरेन्द्र मोदी के समर्थन में राम भक्त ईवीएम के इतने बटन दबाएंगे कि गुजरात में भाजपा का कमल ही दिखेगा और कमल ही खिलेगा।**

डॉ. पूनिया ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजनीति को सेवा धर्म मानकर देश के जन कल्याण के लिए कार्य करते हैं। सब लोग जन्म, मरण और परण में राम-राम करते हैं, पर जिस व्यक्ति ने पवित्र स्थान श्रीराम जन्मभूमि पर अपने हाथों से भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण शुरू करवाया, उनके बारे में किसी खड़गे की क्या औकात हो सकती है कि उनकी तुलना रावण से करें।

पूनिया ने कहा कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए अशोभनीय टिप्पणी की है। सर्वप्रथम तो यह कहना चाहूंगा कि एक सभ्य व्यक्ति और असभ्य व्यक्ति के भीतर मूलतः भाषा और मर्यादा का ही अंतर होता है और ऐसी टिप्पणी करके प्रधानमंत्री की मर्यादा की बजाए सबसे पहले अपनी ही रही सही मर्यादा नीचे ले जा रहे हैं।

उन्होंने जनता से कहा यह तय करके जाएं कि हमें कोई हथियार से और जुबान से मुकाबला नहीं करना है, जो ईवीएम है वोटिंग मशीन है, मैं आपसे झोली फैलाकर निवेदन करने आया हूं, चाहे पंचायत करिए, चाहे भाई को समझाइए, लेकिन लक्ष्मीपुरा के बूथ से गांव के बड़े बुजुर्ग, नौजवान, माताएं-बहनें यह संकल्प लेकर जाएं कि खड़गे की इस अमर्यादित और अशोभनीय भाषा का जवाब हम रामपंथी लोग, भगवान श्रीराम के प्रति आस्था रखने वाले लोग, श्रीराम के उपासक और श्रीराम के अनन्य भक्त श्री नरेन्द्र मोदी के समर्थन में ईवीएम के इतने बटन दबाएंगे कि कांग्रेस का बूथ खाली रह जाएगा और भारतीय जनता पार्टी का कमल ही कमल दिखेगा और कमल ही खिलेगा। जिस कांग्रेस शासन में देश में और राज्य में आतंकवाद राक्षस बना अट्टहास करता रहा, भला और किसे देखेंगे। जिनके राज में दंगों की आग में देश लंका की तरह जलता रहा, वे भला और कौन सी दृष्टि रखेंगे? जिनके राज में हमारी सीताओं को अपहरण का दंड झेलना पड़ा, वे भला और कौन सी बानगी दे सकेंगे। उन्होंने कहा, मोदी के के ऊपर की गई कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणी के संबंध में मैं साथ में यह भी कहना चाहूंगा कि, सोने को सौ साल धरती में गाड़ कर रखने पर भी उसकी चमक नहीं खोती। उसे तपा कर देखें, तब भी वह सुवर्ण ही रहेगा।

मणि को शिखर पर रखना है या सोपान पर, यह बात उसका पारखी ही जानता है। लोकतंत्र में मणि का पारखी किसी दल का अध्यक्ष नहीं, अपितु जनता जनार्दन होती है और जनता जनार्दन ने विभिन्न निर्वाचनों में यह सिद्ध कर दिया है कि वह उनमें अपने आदर्श की मूर्ति देखती है।

# नाबालिग के प्रेमी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में दर्ज एफ.आई.आर. खारिज

## राजस्थान हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला कर पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट में दर्ज एफ.आई.आर. रद्द कर दी

जोधपुर, 29 नवम्बर (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज एक एफआईआर को रद्द कर दिया। एक युवक पर सोलह वर्षीय लड़की के साथ सम्बन्ध बनाने और उससे कारण एक बच्चे का जन्म होने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

न्यायाधीश दिनेश मेहता ने कहा कि ऐसे मामलों में कोर्ट मूक दर्शक नहीं रह सकता। यदि इस केस को आगे बढ़ाया गया तो याचिकाकर्ता को दस वर्ष की सजा हो सकती है। इसका सीधा प्रभाव दोनों के परिवार के साथ ही प्रेम प्रसंग के बाद उपजे बच्चे पर पड़ेगा। इन सभी को ध्यान में रखते हुए याचिकाकर्ता के खिलाफ दर्ज एफआईआर को खारिज किया जाता है।

> ■ **हाई कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा कि, कोर्ट किसी नाबालिग के साथ सैक्सुअल संबंध का पक्षधर नहीं है और न ही किसी को ऐसा करने की अनुमति प्रदान करता है। लेकिन यह सत्य है कि प्यार किसी कानूनी या सामाजिक नियमों को ध्यान में रख कर नहीं होता।**
>
> ■ **इस वर्ष अगस्त माह में उम्मेद अस्पताल में एक सोलह वर्षीय नाबालिग के एक पुत्र को जन्म देने के बाद उसके बयान के आधार पर देवनगर थानाधिकारी ने 22 वर्षीय याचिकाकर्ता के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया गया था।**

याचिकाकर्ता के वकील गजेन्द्र पंवार ने कहा कि याचिकाकर्ता और नाबालिग के बीच प्रेम सम्बन्ध थे। नतीजों की जानकारी से बेपरवाह हो दोनों ने आपसी सम्बन्ध बनाए। इससे नाबालिग गर्भवती हो गई और उसने एक पुत्र को जन्म दिया।

इस मामले में न तो पीड़िता की तरफ से और ना ही उसके परिजनों की तरफ से पुलिस में किसी प्रकार की शिकायत दर्ज कराई गई। पूरा मामला पुलिस ने अपनी तरफ से ही दर्ज किया है। बाद में दोनों परिवार के बीच समझौता हो गया। दोनों परिवार नहीं चाहते है कि इस मामले में याचिकाकर्ता को सजा हो।

## "कश्मीर फाइल्स" पर राजनीतिक...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

"भारतीय संस्कृति में, अतिथि को भगवान माना जाता है। आपने आई.एफ.एफ.आई. गोवा में, जजों के पैन की अध्यक्षता करने भारत के आमंत्रण तथा उसके साथ ही आपको दिये गये सम्मान, विश्वास तथा भाव प्रवण आतिथ्य के प्रति निकृष्टतम तरीके से दुर्व्यवहार किया है।"

इज़राइली राजदूत ने कहा कि उनके देशवासियों को अनुगृहीत अनुभव करना चाहिये कि भारतवासी, इज़राइल की प्रस्तुतियों, जिनमें "फोडा" टी.वी. सीरीज भी शामिल का बड़ी मात्रा में उपभोग कर रहे हैं। उन्होंने लम्बे ट्वीट्स में कहा, "मैं कोई फिल्म विशेषज्ञ नहीं हूँ लेकिन मैं यह तो जानता ही हूँ कि ऐतिहासिक घटनाओं के बारे में, उनका गहराई से अध्ययन किये बिना कुछ भी बोलना असंवेदनशीता एवं घृष्टता है।" उन्होंने कहा कि "ये घटनाएं भारत के खुले जख्म है क्योंकि इस समय भी अनेक लोग इसे भुगत रहे हैं तथा इसकी कीमत चुका रहे हैं।"

नादव लेपिड ने कल कहा था कि फिल्म फेस्टिवल की जूरी के सदस्य "कश्मीरी फाइल्स" देखकर "विक्षुब्ध एवं स्तब्ध" थे। उन्होंने कहा था कि "यह (फिल्म) हमें एक प्रोपेगन्डा, अभद्र तथा इतने प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल के कलात्मक प्रतिस्पद्धी वर्ग के अनुपयुक्त महसूस हुई।" इस समीक्षा को लेकर तीखी एवं जबरदस्त आलोचना का सामना कर रही जूरी ने स्वयं को उक्त टिप्पणी से अलग कर लिया है तथा इस टिप्पणी को लेपिड की "निजी राय" बताया है।

लेपिड के साथी जूरी-सदस्य सुदीप्तो सेन ने आई.एफ.एफ.आई. बोर्ड के बयान को ट्वीट किया है तथा कहा है कि उक्त टिप्पणियाँ उनकी (लेपिड) निजी राय थीं, जूरी की सामूहिक राय नहीं।"

फिल्म "कश्मीर फाइल्स", जिसका निर्देशन विवेक अग्निहोत्री ने किया था, 1990 में कश्मीरी पंडितों की हत्याओं तथा उनके पलायन के इर्द-गिर्द घूमती है। यह फिल्म मार्च में रिलीज होती ही विवादों की कीचड़ में फँस गई थी। जहाँ बहुत से लोगों ने इसे एक दुखद दौर का हृदय विदारक चित्रण बताया था, वहीं आलोचकों ने इसके तथ्यों पर अयथार्थ होने का आरोप लगाया था।

"कश्मीर फाइल्स", जो 11 मार्च को रिलीज हुई थी, आई.एफ.एफ. में "इंडियन पेनोरमा सैक्शन" का हिस्सा थीं तथा 22 नवम्बर को दिखाई गई थी। 1952 में स्थापित आई.एफ.एफ.आई. के सामने ऐसी खराब स्थिति इससे पूर्व कभी नहीं आई है। यह इसी बार हुआ है तथा इसका कारण रहा है- इज़राइली राज व्यवसीा तथा समाज की प्रकृति की समझ का अभाव या उसे समझने में हुई चुक।

## ऑल इज़...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

दोहराया कि ये दोनों ही नेता पार्टी के लिये "असैट्स" (परिसंपत्ति) हैं तथा यह सुनिश्चित करने के प्रयास चल रहे है कि दोनों के बीच की शत्रुता सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित न हो। अब समय आ गया है कि गहलोत और पायलट के बीच की "नई दोस्ती" की प्रतीक्षा करें और देखे।

## अलवर सहित तीन ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

समक्ष उठा सकते हैं। वहीं अदालत ने सवाई माधोपुर, दौसा और बारां जिला क्रिकेट संघों की ओर से आर.सी.ए. के पूर्व में तीस नवंबर को होने वाले चुनाव की वोटर लिस्ट को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सारहीन मानकर निस्तारित कर दिया है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह की एकलपीठ ने यह आदेश इन छह जिला संघों की याचिकाओं को निस्तारित करते हुए दिए।

सवाई माधोपुर सहित तीनों जिला क्रिकेट संघों की याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान आरसीए ने कहा कि इन जिला संघों ने वोटर लिस्ट को चुनौती दी है, लेकिन जिस वोटर लिस्ट को चुनौती दी है उसके आधार पर चुनाव ही नहीं हुए हैं। इसलिए ये याचिकाएं सारहीन हो गई हैं। ऐसे में इन याचिकाओं को निरस्त किया जाए। जबकि श्रीगंगानगर, नागौर व अलवर जिला क्रिकेट संघों की मान्यता से जुडे मामले में आर.सी.ए. के अधिवक्ता प्रतीक कासलीवाल ने कहा कि आर.सी.ए. 4 जुलाई के इन जिला संघों की मान्यता रद्द करने वाले प्रस्ताव को खुद ही रद्द कर रहा है और इन्हें सदस्यता से इन्हें बेदखल नहीं कर रहे हैं।

इसलिए इन याचिकाओं को भी निस्तारित किया जाए। इस पर जिला क्रिकेट संघों के अधिवक्ता डॉ. अभिनव शर्मा ने भी आर.सी.ए. के सुझाव पर अपनी सहमति दी। जिस पर अदालत ने तीनों जिला क्रिकेट संघों की याचिकाओं को निस्तारित कर दिया।

## पाकिस्तान से ड्रोन से हेरोइन की तस्करी

जालंधर, 29 नवंबर। सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ.) के जवानों ने पंजाब के अमृतसर और तरनतारन में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान के हेरोइन तस्करी के प्रयास को नाकाम करते हुए सोमवार की रात दो पाकिस्तानी ड्रोनों को मार गिराया। गिराए गए ड्रोनों से लगभग 10 किलो 610 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि, सोमवार की रात लगभग 10 बजे, सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने तरनतारन जिले के कलश हवेलियां गांव के पास पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाले संदिग्ध ड्रोन की भनभनाहट सुनी।

> ■ **बी.एस.एफ. ने पंजाब सीमा पर पाकिस्तान के दो ड्रोन गिराए।**

## राहुल गांधी ने ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

सभी संस्कारों और मान्यताओं का पालन करती है।

मजेदार बात ये है कि जब राहुल गांधी कहते हैं कि तपस्या करने वाले वास्तविक लोग श्रमिक, किसान, युवा, बेरोजगार, प्रवासी मजदूर और लघु व मध्यम दर्जे के दुकानदार हैं, जो मोदी की कठोर और गलत नीतियों से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं क्योंकि मोदी ने आम आदमी को थोड़ी बहुत कमाई से भी वंचित कर कुछ चुनिंदा कॉरपोरेट्स और उद्योगपतियों को लाभान्वित किया है, तो लगता है जैसे कि वह तपस्या के विषय का संबंध रैली में उपस्थित श्रोताओं से जोड़ रहे हैं।

वह कहते हैं कि रात-दिन काम करने वाले लोगों की तपस्या को भुलाया नहीं जा सकता तथा उसका जरूर आदर करना चाहिए।

लगता है कि राहुल गांधी अब भाषण की अपनी परिकल्पनाओं को लेकर परिपक्व हो गए हैं क्योंकि श्रोताओं की भीड़ में मौजूद अधिकांश लोग उनके संबोधन के सार को सराह रहे हैं, जबकि पहले वह बेरोजगारी और महंगाई को दो बड़े मुद्दे बताया करते थे।

मध्य प्रदेश में वर्ष 2023 के अंत में विधानसभा चुनाव है और कांग्रेस को इन चुनावों में वापसी करने की उम्मीद है। वह राज्य की 15 माह पुरानी कमलनाथ सरकार को गिराने का भी बदला लेना चाहती है। पार्टी के लोगों को उम्मीद है कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के जरिए उनके मंसूबे कामयाब करेंगे।

## गद्दार कहे..

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

गहलोत ने कहा कि आजादी के पहले और बाद में हमारी पार्टी की सबसे बड़ी खूबी यह रही है कि जो नंबर वन नेता होता है, उसके डिसिप्लीन में पार्टी चलती है।

उनके कहने के बाद में कोई गुंजाइश रहती नहीं है। राहुल गांधी ने कह दिया तो हम सब एसैट ही हैं।

## श्रीलंकाई 10 हजार डॉलर की भारतीय मुद्रा रख सकते हैं

कोलंबो, 29 नवंबर। श्रीलंका के लोग अब भौतिक रूप में 10,000 डॉलर मूल्य की भारतीय मुद्रा (आई.एन.आर.) रख सकते हैं, हालांकि श्रीलंका में भारतीय रुपये की वैधता नहीं है। यह जानकारी मंगलवार को एक रिपोर्ट में दी गयी।यह कदम श्रीलंका के आई.एन.आर. को विदेशी मुद्रा के रूप में नामित करने के अनुरोध के बाद उठाया गया है जिसे भारत ने मंजूरी दे दी है।समाचार पत्र डेली मिरर ने बताया कि, यह श्रीलंका को आर्थिक संकट से निपटने में मदद करने के लिए सहायता प्रदान करेगा। भारत सरकार के इस निर्णय को एशियाई देशों के बीच भारतीय रुपये को लोकप्रिय बनाने और डॉलर पर निर्भरता कम करने के प्रयासों के अनुरूप भी देखा जा सकता है।

श्रीलंका के निवासी अब आई.एन. आर. को दूसरी मुद्रा में परिवर्तित कर सकेंगे।

# श्रीनगर में मौसम की सबसे सर्द रात

## श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस कम है

श्रीनगर, 29 नवंबर। कश्मीर घाटी में कड़ाके की ठंड जारी रहने से श्रीनगर में इस मौसम की एक और सबसे सर्द रात दर्ज की गयी है।

मौसम विभाग के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि, श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस कम था। इससे पिछली रात को न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 1.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।इससे पहले शनिवार और रविवार के बीच श्रीनगर में सबसे सर्द रात दर्ज की गई थी। जब न्यूनतम तापमान शून्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे के दौरान घाटी में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि, सात दिसंबर तक घाटी में ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। इसबीच हिमपात होने के कोई आसार नहीं है।

विभाग के अनुसार डल झील, बुलेवार्ड रोड, निहाट, शालीमार और अन्य हिस्सों सहित श्रीनगर के अधिकांश हिस्सों में मंगलवार को घना कोहरा छाया रहा। घाटी के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस अधिक था।घाटी के एक अन्य लोकप्रिय पर्यटन स्थल पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.8 डिग्री सेल्सियस कम था।

> ■ **डल झील, बुलेवार्ड रोड, निहाट, शालीमार और अन्य हिस्सों सहित श्रीनगर के अधिकांश हिस्सों में मंगलवार को घना कोहरा छाया रहा।**

## चंदन के ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

टीम सूचना तंत्र के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रख रही थी।

थानाधिकारी कोतवाली चंद्र ज्योति शर्मा मय व उनकी टीम द्वारा दरबार की कोठी स्थित बागवान से एक दर्जन से अधिक चंदन के पेड़ों को काटकर चुराने वाली गैंग के बारे में सूचना लेकर आरोपी असलम खान, हरिराज एवं सत्यनारायण उर्फ शेरू को गिरफ्तार किया गया व उनकी निशान देही पर चंदन के कटे पेड़ों के तनों को बरामद करने में सफलता हासिल की गई। अभियुक्तों से चोरी की वारदात में शामिल अन्य मुजरिम तथा अन्य वारदातों के बारे में गहनता से पूछताछ की जा रही है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908